RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 100
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मुझ पर 13 करोड़ खर्च होने के बाद चाहता था कि बोली रुक जाए
स्पोर्ट्स-12

# उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और गोवा में जमकर पड़े वोट

**विधानसभा चुनाव**

- गोवा में 75.29 प्रतिशत, उप्र में 60.44 प्रतिशत और उत्तराखंड में 62.5 प्रतिशत मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने सोमवार को कहा कि शाम पांच बजे तक गोवा में 75.29 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 60.44 प्रतिशत और उत्तराखंड में 62.5 प्रतिशत मतदान हुआ। अधिकारियों ने बताया कि तीनों राज्यों में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। आयोग ने बुर्जगों और दिव्यांग लोगों को मतदान के लिए डोली में ले जाने से लेकर कोविड मरीजों तक को मतदान कराने के इंतजाम किए थे, ताकि विधानसभा चुनावों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से कोई भी योग्य मतदाता नहीं चूके।

सोमवार को गोवा और उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में संपन्न हो गए, जबकि उत्तर प्रदेश में सात चरणों में हो रहे चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हुआ। चुनाव परिणामों की घोषणा 10 मार्च को की जाएगी। इस बीच, गोवा में चुनाव अधिकारियों ने कहा कि राज्य में 78.94 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि अंतिम आंकड़ा 80 प्रतिशत को पार कर सकता है। राज्य में 11 लाख से अधिक पात्र मतदाता हैं। इनमें से 9,590 मतदाता दिव्यांग हैं। 2,997 मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं। मतदाताओं में 41 यौनकर्मी और नौ ट्रांसजेंडर शामिल हैं। गोवा में बहुकोणीय मुकाबला है। यहां भारतीय जनता पार्टी , कांग्रेस के साथ-साथ आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और अन्य छोटे दल चुनाव मैदान में हैं।



मुरादाबाद में एक मतदान केंद्र पर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते लोग

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कुणाल ने कहा कि कहा कि कुल मतदान प्रतिशत 78.94 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा, यह मतदान का अंतरिम प्रतिशत है, बाद में सटीक आंकड़े उपलब्ध होंगे। मतपत्रों की गिनती के बाद मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को पार कर सकता है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के स्वयंसेवियों की मदद से उत्तराखंड में विशेष दिव्यांग डोली तैनात की गई थी, ताकि दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाया जा सके। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने लिए सोमवार के मतदान के लिए 106 सामान्य पर्यवेक्षक, 35 खर्च पर्यवेक्षक और 39 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए थे। आयोग ने कहा, मतदान का अंतिम घंटा कोविड मरीजों या संदिग्ध मतदाताओं को लिए निर्धारित रखा गया था तथा मतदान कोविड से जुड़े नियमों का अनुपालन कराते हुए किया गया। उधर, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों से मिली सूचना के अनुसार, करीब 10 गांवों के मतदाताओं ने अपनी समस्याओं का समाधान न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मतदान का बहिष्कार किया। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और रमेश पोखरियाल निशंक और आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, योग गुरु रामदेव आदि प्रमुख लोग सबसे पहले मतदान करने वालों में शामिल रहे। सोमवार को गोवा में सभी 40 सीटों के लिए, उत्तराखंड में 70 सीटों के लिए एक ही चरण में मतदान कराया गया। वहीं, उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में 55 सीटों पर मतदान हुआ।

# नशा व कर्ज मुक्त नया पंजाब बनाएंगेः मोदी

- सुरक्षा चूक मामले के बाद प्रधानमंत्री ने जालंधर में पहली रैली को संबोधित किया
- गठबंधन के लिए दिया नया नारा- नवा पंजाब, बीजेपी दे नाल, नई टीम दे नाल



जालंधर में एक चुनावी सभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर/चंडीगढ़

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने जालंधर में सोमवार को रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नीत गठबंधन सरकार कर्ज और नशा मुक्त नया पंजाब बनाएगी। पिछले महीने फिरोजपुर में सुरक्षा में चूक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पहली चुनावी रैली को संबोधित किया। मोदी ने अपनी पार्टी के अभियान के लिए भाजपा के नए सहयोगी के साथ नया नारा 'नवा पंजाब, बीजेपी दे नाल, नई टीम दे नाल' देते हुए कहा कि हमारी पार्टी नशा मुक्त पंजाब के लिए काम करेगी। भाजपा के नए सहयोगी पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और राज्यसभा सांसद सुखदेव सिंह ढींडसा हैं।

मोदी ने कैप्टन अमरिंदर और ढींडसा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका समर्थन और अनुभव राज्य में भाजपा को सरकार बनाने में मदद मिलेगी। मोदी ने कहा कि पंजाब में एनडीए सरकार बनाएगी और नवा पंजाब कर्ज से मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार राज्य के विकास के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि मैंने पंजाब के लिए काम किया है। मैं पंजाब को नशा मुक्त बनाकर सेवा करना चाहता हूं। मैं आपका दर्द समझता हूं। मैं पंजाब के युवाओं के लिए सुरक्षित माहौल देना चाहता हूं। मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन पंजाब में सरकार बनाएगी। पंजाब में विकास का नया अध्याय शुरू होगा। मैं आप सभी को, विशेषकर युवाओं को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। ( शेष पेज 9 )

## प्रशासन ने हाथ खड़े किए, मैं मंदिर में दर्शन नहीं कर सका

**फिरोजपुर** में सुरक्षा चूक के कारण अपनी पंजाब यात्रा बीच में ही रद्द करने के करीब एक महीने बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह यहां के एक मंदिर में दर्शन नहीं कर सके, क्योंकि स्थानीय प्रशासन आवश्यक व्यवस्था नहीं कर सका। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पंजाब की सरकार का हाल है। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि वह फिर जालंधर आएंगे और देवी तालाब मंदिर में पूजा करेंगे। मोदी 20 फरवरी को पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पहली बार राज्य में लोगों को प्रत्यक्ष संबोधित कर रहे थे। इससे पहले पांच जनवरी को फिरोजपुर में प्रदर्शनकारियों द्वारा यातायात अवरुद्ध किए जाने के कारण उनका काफिला एक फ्लाईओवर पर फंस गया था और प्रधानमंत्री को वापस लौटना पड़ा था। उस दिन उनका एक रैली को संबोधित करने का भी कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री ने यहां एक रैली में कहा कि उनकी इच्छा देवी तालाब मंदिर में पूजा करने की थी, लेकिन यहां पुलिस और प्रशासन ने कहा कि वे व्यवस्था करने में असमर्थ हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने शराबबंदी कानून पर बिहार सरकार से मांगा जवाब

- पटना हाई कोर्ट से सभी याचिकाएं सर्वोच्च अदालत में स्थानांतरित करने का दिया निर्देश

**पायियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बिहार के कठोर शराबबंदी कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को राज्य सरकार से तीन हफ्तों के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, इसी तरह की अन्य याचिकाओं को पटना उच्च न्यायालय से खुद के पास हस्तांतरित करने का आदेश भी दिया है। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की सदस्यता वाली पीठ ने कहा, चूंकि इस न्यायालय के समकक्ष समान मुद्दे विचारार्थ लंबित हैं, इसलिए यह उपयुक्त होगा कि उच्च न्यायालय में दायर अन्य रिट याचिकाएं यहां हस्तांतरित कर दी जाएं और यहां (शीर्ष न्यायालय में) लंबित विशेष अनुमति याचिका के साथ उनकी सुनवाई की जाए।

पीठ इस मुद्दे पर तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें एक याचिका इंटरनेशनल स्पिरिट एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने दायर की है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सभी याचिकाओं में बिहार मद्य निषेध एवं आबकारी अधिनियम, 2016 की वैधता से संबद्ध मुद्दे हैं। पीठ ने राज्य सरकार से तीन हफ्तों के अंदर जवाब दाखिल करने को कहा और मामलों की सुनवाई अप्रैल के प्रथम सप्ताह के लिए निर्धारित कर दी है। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार कर रहे हैं। पीठ ने कहा, यह सब अधिनियम की वैधता के बारे में है। जवाब पटना उच्च न्यायालय में दाखिल किया गया और अब इसे बेहतर नहीं किया जा सकता। आप अपना हलफनामा दाखिल करें। समान बहस, समान हलफनामा और समान सामग्री सभी मामलों में प्रासंगिक होंगे क्योंकि उन सभी में (अधिनियम की) वैधता को चुनौती दी गई है। ( शेष पेज 9 )

# कब होगा ईडब्ल्यूएस के 56 हजार बच्चों का दाखिला, जवाब तलब

- हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार से मांगा संक्षिप्त और स्पष्ट ब्योरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने सोमवार को राजधानी के विभिन्न निजी स्कूलों में कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के 56,000 से अधिक बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करने के लिए दायर याचिका पर आप सरकार से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने एनजीओ जस्टिस फॉर ऑल की जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम और पिछले वर्ष सीटों की संख्या, प्राप्त आवेदनों और दाखिलों की संख्या को लेकर एक संक्षिप्त और स्पष्ट जवाब दाखिल करें। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तारीख तय की है। अधिवक्ता खगेश बी झा और शिखा शर्मा बग्गा के माध्यम से दाखिल याचिका में आरोप लगाया गया है कि कर्तव्यों के पालन को लेकर सरकार की निष्क्रियता के कारण उन हजारों बच्चों के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ है, जो अप्रैल 2021 से दाखिले का इंतजार कर रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि मौजूदा वर्ष में 53,000 से अधिक सीटें हैं और इसके अलावा 24,000 सीटों को पिछले शैक्षणिक सत्र से आगे बढ़ाया जाना है, यानी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूह के बच्चों के लिए कुल 77,000 सीटें हैं, लेकिन सिर्फ 21,000 बच्चों को दाखिला दिया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि शिक्षा निदेशक ने खुद प्रक्रिया में देरी की और अब प्रवेश में देरी के आधार पर दाखिले से इनकार कर रहे हैं, जो कि सरकार का कर्तव्य है। ( शेष पेज 9 )



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को लगभग दो साल बाद नर्सरी से 8वीं तक के स्कूल खुल गए। स्कूलों में नन्हें-मुन्ने छात्रों कहीं चॉकलेट देकर तो कहीं फूल बरसाकर स्वागत किया गया। पहले दिन उपस्थिति कम ही रही। रंजन डिमरी

## भारत ने चीन से संबंधित 54 मोबाइल ऐप पर लगाई पाबंदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने सोमवार को चीन से संबंध रखने वाले 54 मोबाइल ऐप को सुरक्षा एवं निजता से जुड़ी चिंताओं के आधार पर प्रतिबंधित कर दिया जिनमें टेंसेंट एक्सराइवर, नाइस वीडियो बायडु, वीवा वीडियो एडिटर और गेरेना फ्री फायर इल्युमिनेट भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रतिबंधित किए गए 54 चीनी ऐप ने कथित तौर पर उपयोगकर्ताओं से अहम मंजूरियां हासिल कर उनसे संवेदनशील जानकारियां जुटाईं। ए ऐप उपयोगकर्ताओं से जुटाई गई जानकारियों का दुरुपयोग कर रहे थे और उसे विरोधी देश में स्थित सर्वरों को भेज रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, प्रतिबंधित किए गए ऐप देश की अखंडता एवं संप्रभुता को खतरे में डालने वाली गतिविधियों में कथित तौर पर लिप्त पाए गए थे। इनसे देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा होने की आशंका पाई गई। सूत्रों ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन 54 ऐप को प्रतिबंधित करने के लिए अंतरिम निर्देश जारी कर दिए हैं। ( शेष पेज 9 )

# कांग्रेस अपनी राह जाए, विपक्षी दल अपने रास्ते चलेंगे : ममता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एक संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास कर रहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी अपनी राह जा सकती है, अन्य विपक्षी दल अपने रास्ते पर चलेंगे। ममता ने सोमवार को तमिलनाडु तथा तेलंगाना के अपने समकक्षों से फोन पर बात करने के बाद यह टिप्पणी की। तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की मुख्य विपक्षी पार्टी के किसी भी क्षेत्रीय दल से अच्छे संबंध नहीं हैं। रोचक बात यह कि कांग्रेस तमिलनाडु में डीएमके के साथ गठबंधन में है। उन्होंने कहा कि अपने आप को धर्मनिरपेक्ष होने का दावा करने वाले लोगों का यह कर्तव्य है कि वे सभी को एक मंच पर लाएं। मैंने कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से भी वृहद हित में हाथ मिलाने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी, इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कर सकती। मेरी किसी से भी निजी दुश्मनी नहीं है। ( शेष पेज 9 )



## बंगाल में चारों नगर निगमों में तृणमूल की प्रचंड जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में चारों नगर निगमों बिधाननगर, सिलीगुड़ी, चंदरनगर और आसनसोल में प्रचंड जीत दर्ज की है। टीएमसी ने 41 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए बिधाननगर नगर निगम पर फिर से कब्जा जमा लिया है जबकि विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी और मार्क्सवादी पार्टी (माकपा) यहां अपना खाता तक नहीं खोल सकीं। ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,406 | ↓ 1747 | |
| निफ्टी | 16,842 | ↓ 532 | |
| सोना | 49,519 | ↑ 478 | /10g |
| चांदी | 63,827 | ↑ 932 | /kg |

## क्विक न्यूज

### इलकर आयसी एयर इंडिया के सीईओ व एमडी होंगे

**नई दिल्ली।** तुर्की एयरलाइंस के पूर्व चैयरमैन, राजनीति विज्ञान के शोधकर्ता, इलकर आयसी को एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। आयसी 1 अप्रैल या उससे पहले जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। टाटा संस ने आयसी को एयर इंडिया का सीईओ और एमडी नियुक्त करने की घोषणा सोमवार को की। टाटा संस ने एक बयान में कहा कि एयर इंडिया बोर्ड ने सोमवार दोपहर को इलकर आयसी से मुलाकात कर उनकी उम्मीदवारी पर विचार-विमर्श करने के बाद एयर इंडिया के सीईओ और एमडी के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन इस बोर्ड बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य थे।

# कर्नाटक में उच्च विद्यालय फिर से खुले, संवेदनशील इलाकों में निषेधाज्ञा

**हिजाब विवाद**

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में हिजाब विवाद के कारण लगभग एक हफ्ते तक बंद रहने के बाद उच्च विद्यालय सोमवार को फिर से खुल गए। हालांकि, इस दौरान उडुपी (जहां पिछले हफ्ते हिंसा और तनाव दिखा), दक्षिण कन्नड़ तथा बेंगलुरु के संवेदनशील इलाकों में निषेधाज्ञा लागू रही। इन तीन जिलों के संवेदनशील इलाकों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू की गई है। शिक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि उडुपी जिले में खुले सभी स्कूलों में सामान्य उपस्थिति दर्ज की गई। इस दौरान जो मुस्लिम छात्राएं हिजाब पहनकर स्कूल आईं, उन्होंने कक्षा में प्रवेश करने से पहले उन्हें उतार दिया। जिला प्रशासन ने शांति बनाए रखने के लिए सोमवार से 19 फरवरी तक जिले के सभी हाईस्कूलों के 200 मीटर के दायरे में सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी है। कुछ स्कूलों का दौरा करने वाले उडुपी के तहसीलदार प्रदीप कुरुदेकर ने कहा कि मुस्लिम छात्राओं ने कक्षाओं में प्रवेश करने से पहले हिजाब हटाकर उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का पालन किया। उन्होंने कहा कि भगवा शॉल में हिंदू छात्राओं के आने की कोई रिपोर्ट नहीं थी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए उडुपी शहर और स्कूलों के पास पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इस बीच, उडुपी पेजावर मठ के प्रमुख स्वामी विश्वप्रसन्ना तीर्थ ने सभी वर्गों से अराजकता से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की।

शिक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि कोप्पल और कलबुर्गी जिलों के कुछ सरकारी स्कूलों में छात्राएं कक्षा में हिजाब और बुर्का पहने दिखीं। हालांकि, बाद में मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने छात्राओं से इसे हटाने को कहा। शिवमोगा में कुछ छात्राओं ने जोर देकर कहा उन्हें बुर्का पहनकर स्कूलों के अंदर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। ( शेष पेज 9 )



बेंगलूरू में स्कूल-कॉलेजों के आसपास पुलिस सुरक्षा कड़ी रही

## स्कूली वेशभूषा से मिलते रंग का हिजाब पहनने की कोर्ट से अनुमति मांगी

**बेंगलुरु (भाषा)।** हिजाब पहनने के पक्ष में याचिका दायर करने वाली छात्राओं ने कर्नाटक उच्च न्यायालय से सोमवार को अनुरोध किया कि उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म के रंग का हिजाब पहनने की अनुमति दी जाए। शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाला कोई भी कपड़ा पहनने पर रोक लगाने संबंधी सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली लड़कियों ने मुख्य न्यायाधीश ऋतु राज अवस्थी, न्यायमूर्ति जे एम क़ाजी तथा न्यायमूर्ति कृष्णा एम दीक्षित की पूर्ण पीठ के समक्ष यह दलील दी। उडुपी के सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज की इन लड़कियों की ओर से पेश वकील देवदत्त कामत ने पीठ से कहा, मैं न केवल सरकारी आदेश को चुनौती दे रहा हूं, ( शेष पेज 9 )

# राजधानी में 87 वर्ष की बुजुर्ग का यौन उत्पीड़न, फोन लूटकर फरार

- तिलक नगर थाने में आईपीसी की धारा 376 और 380 के तहत मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिमी** दिल्ली के तिलक नगर इलाके में बुजुर्ग महिला के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि एक व्यक्ति उसके घर में घुस गया और बलात्कार किया। इसके बाद आरोपी उनका मोबाइल फोन लेकर भाग गया। घटना रविवार रात की है, जब बुजुर्ग की बेटी (65 साल) अपने दोस्त से मिलने बाहर गई थी।

पुलिस ने बताया कि तिलक नगर थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 और 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और महिला का अस्पताल में मेडिकल जांच कराया गया है। करीब 87 वर्षीय पीड़िता के परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने केस दर्ज करने में देरी की और उचित कार्रवाई नहीं की। वहीं पुलिस अधिकारियों ने इन आरोपों से इनकार किया। उनका कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

दिल्ली पुलिस को टैग करते हुए परिवार के एक करीबी दोस्त ने ट्वीट कर बताया कि रविवार को दिल्ली के तिलक नगर में बिस्तर पर पड़ीं दोस्त की 87 साल की दादी के साथ बलात्कार किया गया। वह घायल भी हैं। दिल्ली पुलिस का रवैया सहयोगात्मक नहीं था और वह प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर रही थी। ( शेष पेज 9 )

## दलाल पथ पर काला सोमवार सेंसेक्स ने लगाया 1,747 अंक का गहरा गोता

**मुंबई (भाषा)।** रूस-यूक्रेन में तनाव बढ़ने के बीच सोमवार को शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज हुई और सेंसेक्स ı,700 अंक से अधिक टूट गया। निफ्टी भी 17,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। रूस-यूक्रेन तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों से निकल रहे हैं। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,747.08 अंक या तीन प्रतिशत के नुकसान से 56,405.84 अंक पर आ गया। यह 26 फरवरी, 2021 के बाद सेंसेक्स में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। सेंसेक्स लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में नीचे आया है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 531.95 अंक या 3.06 प्रतिशत टूटकर 17,000 अंक से नीचे 16,842.80 अंक पर बंद हुआ। इस साल निफ्टी पहली बार 17,000 अंक से नीचे आया है। ( विस्तृत पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 फरवरी, 2022



# मार्च में बनकर तैयार होंगे डॉग व चिल्ड्रन पार्क

## जल्द मिलेंगे 14 करोड़ के 4 तोहफे, संत महात्माओं को समर्पित होगा वेदवन पार्क



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में लोगों को जल्द 4 तोहफे मिलने वाले हैं। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि मार्च के अंत तक शहर में डॉग पार्क और चिल्ड्रन पार्क बनकर तैयार हो जाएंगे। डॉग पार्क को नोएडा के सेक्टर-137 में और चिल्ड्रन पार्क को सेक्टर-33ए में बनाया जा रहा है।

इन दोनों का ही काम मार्च के आखिर पूरा हो जाएगा। अफसरों ने बताया कि डॉग पार्क शहर का ऐसा पहला पार्क होगा जो पालतू जानवरों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। आपको बता दें कि अगले 3 महीने के अंदर दो और थीम पाक बनकर तैयार होने वाले हैं। अधिकारियों का कहना है कि नोएडा के सेक्टर-78 में भारतीय संस्कृति को समर्पित वेदवन पार्क और सेक्टर-91 में वेटलैंड पार्क का कार्य 3 महीने में पूरा हो जाएगा।

नोएडा अथॉरिटी की ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि इन चारों पार्क को बनाने में लगभग 14 करोड़ रुपए का खर्चा हो रहा है। शहर में पालतू जानवरों के लिए बनाया जा रहे पहले डॉग पार्क में डॉग्स के लिए कई कई नई सुविधाएं होंगे। उन्होंने बताया कि सेक्टर-91 के वेटलैंड पार्क में रिक्टर सारा कार्य पूरा हो चुका है।

उन्होंने बताया कि सिविल वर्क के पूरा होने के बाद अब पेड़ पौधे लगाने का काम शुरू होगा। यह जनता के लिए वाटर बॉडीज के साथ-साथ सबसे खूबसूरत पार्क होगा। वेदवन पार्क भारतीय संस्कृति के साथ-साथ संत महात्माओं को समर्पित है। उन्होंने बताया कि इस बार को बनाने का उद्देश्य लोगों को पुरानी संस्कृति को समझाने और उससे बारे में बताने का है।

### बंद हुआ चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम

**नोएडा।** नोएडा-दिल्ली के बीच सफर करने वाले यात्रियों को आरामदायक यात्रा के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। एक बार फिर चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम बंद हो गया है। शासन स्तर से पैसा नहीं मिलने और आने वाले दिनों में भी पैसा नहीं दिए जाने से संबंधित कोई सहमति पत्र नहीं आने पर चौथी बार काम बंद किया है। अब से पहले भी करीब 10 महीने तक पैसों की वजह से काम बंद पड़ा रहा था। इस एलिवेटेड रोड के बनने से फिल्म सिटी रास्ते पर लगने वाले जाम की समस्या खत्म हो जाएगी। जिससे लोगों को काफी सहूलियत मिलती। चिल्ला एलिवेटेड रोड का शिलान्यास 25 जनवरी 2019 को हुआ था। इसको बनाने के लिए यूपी के लोक निर्माण विभाग से अनुबंध हुआ। अनुबंध मे नोएडा प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग को 50-50 प्रतिशत मिलकर निर्माण का खर्चा वहन करना था। दोनों ने इसके निर्माण कार्य का जिम्मा उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड को दिया है। चिल्ला एलिवेटेड रोड के निर्माण की लागत 605 करोड़ 32 लाख तय की गई। शिलान्यास होने के बावजूद इसके काम की ठीक ढंग से शुरुआत नहीं हो सकी।

## युवक ने नौवीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर.74 में स्थित सुपरटेक केपटाउन हाउसिंग सोसायटी में रहने वाले एक 18 वर्षीय युवक ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर लिया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस को सुसाइड नोट में अहम जानकारी हाथ लगी है।

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के प्रवक्ता पंकज कुमार ने बताया कि नोएडा सेक्टर.113 थाना क्षेत्र अंतर्गत सुपरटेक केपटाउन हाउसिंग सोसाइटी में मनोज कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। मनोज कुमार का सुमित नामक बेटा था। सुमित ने नौवीं मंजिल पर स्थित अपने घर की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली है। इस मामले के बाद सोसाइटी में हड़कंप मच गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी।

# टाटा सुमो ने बाइक चालक को कुचला

### गाजीपुर फ्लाईओवर पर सड़क हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गाजियाबाद में सोमवार की दोपहर को बड़ा हादसा हुआ है। टाटा सुमो कार चालक ने लापरवाही से एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आई है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक सवार घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है।

मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा गाजियाबाद गाजीपुर फ्लाईओवर पर हुआ है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार में आ रही टाटा सुमो गाड़ी ने आगे चल रहे बाइक चालक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

एक्सीडेंट करने के बाद टाटा सुमो गाड़ी में सवार चालक मौके पर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया है। बाइक सवार की हालत काफी गंभीर है। लोगों ने बताया कि घटना की



जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को गाजियाबाद के वैशाली मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां पर युवक की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक बाइक सवार मूलरूप से दिल्ली का रहने वाला है, जिसकी उम्र करीब 32 साल है। पुलिस ने आरोपी की टाटा सुमो गाड़ी को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, दूसरी ओर अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि बाइक सवार व्यक्ति को गंभीर चोट आई है और उसका ज्यादा खून बह गया है, जिसकी वजह से उसकी जान खतरे में बनी हुई है।

## आग के गोले में तब्दील हुई कार

**नोएडा।** कमर्शियल बेल्ट में एक गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी में आग लगते देख लोगों में हड़कंप मच गया। गाड़ी से आग के गोले निकलने लगे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर मौजूद है और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इस हादसे में कोई जनहानि होने की सूचना नहीं मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक अल्फा फर्स्ट गोल चक्कर के पास यह हादसा हुआ है। एक सेंट्रो गाड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी गाड़ी जलकर राख हो गई। यह देख वहां पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। गाड़ी में करीब 3 लोग सवार थे। गाड़ी कमर्शियल बेल्ट से निकलकर गोल चक्कर की तरफ जा रही थी। अचानक बोनट में आग लग गई। जब गाड़ी चालक ने उतरकर देखने का प्रयास किया तो इतने में धमाका हो गया।


सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राकेश बंसल/ रेणु बंसल/ राजेश बंसल/ बंसल ट्रेडर्स/एलबीडीईएल00002063291 | सम्पत्ति सं. 65 बी, ब्लॉक एफ, पाकेट-26, सेक्टर-7, रोहिणी, दिल्ली/10 फरवरी, 2022 | 06-07-2021 रू. 17,83,837/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | अरूण कुमार/ सुषमा देवी/ विजय कुमार/एलबीडीईएल00002383746 | फ्लैट नंबर 27, प्रथम तल, ब्लॉक सी-11, पाकेट 4, सेक्टर-34, रोहिणी, दिल्ली/10 फरवरी, 2022 | 19-06-2021 रू. 11,80,054/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | प्रवीण कुमार अरोड़ा/ वंदना अरोड़ा/ चांद अरोड़ा/ एलबीडीईएल00002914333 | सम्पत्ति सं. 22, ब्लॉक जी 3, प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, पाकेट जी, सेक्टर-11, रोहिणी, दिल्ली/10 फरवरी, 2022 | 06-07-2021 रू. 11,29,086/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | राकेश चौधरी/ मधु/ एलबीडीईएल00004411684 | डीडीए एलआईजी, एक्सपेंडेबल फ्लैट नंबर 1087, ब्लॉक डी, पाकेट-3, टाइप-ए, बिंदापुर, दिल्ली/10 फरवरी, 2022 | 06-07-2021 रू. 12,78,246/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | वीणा मलिक/शैलेन्द मलिक/ एलबीजीएचजैड00002361296 | फ्लैट नंबर 51, एलआईजी द्वितीय तल, पाकेट सी, सेक्टर-82, ग्रुप 1, नरेला, दिल्ली/10 फरवरी, 2022 | 06-07-2021 रू. 13,58,848/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | पंकज सक्सेना/ नम्रता अस्थाना/ एलबीडीईएल00001718135 | 81 सी, द्वितीय तल, डीडीए एसएफएस फ्लैट कैट-2, पाकेट-2, सेक्टर-6, द्वारका, दिल्ली/10 फरवरी, 2022 | 19-06-2021 रू. 15,20,636/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | नरिन्दर कुमार/ सुनीता कुमारी/ एलबीडीईएल00002372428 | फ्लैट नंबर 54, चतुर्थ तल, ब्लॉक बी 10 पाकेट 8, सेक्टर 23 बी, द्वारका, दिल्ली/10 फरवरी, 2022 | 19-06-2021 रू. 13,12,454/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | संजय कपूर/ एयरवॉइस एविवेशन्स प्रा. लि./ अनामिका कपूर/ एलबीडीईएल00003155923/ एलबीडीईएल00002448345/ एलबीडीईएल00002447141 | मकान नंबर एस-569, फ्रंट पोर्शन, तृतीय तल, ग्रेटर कैलाश पार्ट-।।, दिल्ली/10 फरवरी, 2022 | 23-06-2021 रू. 1,77,98,784/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 15 फरवरी, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## निगम पार्षद ने सीएम योगी को तस्वीर में बनाया मौलवी, आक्रोश

**गाजियाबाद।** सीएम योगी की तस्वीर से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है, जिसके आरोप में पसौंडा के पार्षद मुस्तकीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

इस मामले में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक भावनाएं भड़काने और मुख्यमंत्री का अपमान करने की शिकायत साहिबाबाद पुलिस से की थी। आरोपी ने सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीर से छेड़छाड़ की, जिसके बाद तस्वीर में सीएम योगी को मौलवी के रूप में दिखाया। साथ ही तस्वीर सोशल मीडिया पर अपलोड भी की। इस घटना से इलाके के लोगों में आक्रोश है। उधर, शिकायतकर्ता ने बताया कि वार्ड-66 पसौंडा से पार्षद मुस्तकीम ने फेसबुक अकाउंट पर एक तस्वीर अपलोड की। पुलिस ने बताया कि आरोपी पार्षद मुस्तकीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# परिवार कोर्ट भवन का शिलान्यास जल्द होगा विवादों का निपटारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● **जिले में लगभग 4900 केस विचाराधीन**

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एवं गौतमबुद्ध नगर के प्रशासनिक न्यायाधीश उमेश कुमार ने गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय परिसर में परिवार न्यायालय फैमिली कोर्ट के भवन का शिलान्यास किया।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील भाटी ने बताया कि यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश का पहला परिवार न्यायालय भवन होगा। नए भवन में चार कोर्ट बनेंगी। जिसमें चार जज विवाद निपटाएंगे। इससे लोगों को जल्द न्याय मिलेगा।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जय हिंद ने बताया दीवानी न्यायालय परिसर में प्रधान परिवार न्यायालय एवं अतिरिक्त प्रधान परिवार न्यायालय संचालित किया जा रहा है। इसमें लगभग 4900 वाद विचाराधीन हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशन में परिसर में ही अलग से परिवार न्यायालय भवन का निर्माण कार्य यूपी जल निगम द्वारा किया जा रहा है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील भाटी ने बताया कि परिवार न्यायालय भवन के निर्माण की अनुमानित लागत करीब 20,58 करोड़ है। करीब 18 माह में भवन का निर्माणकार्य पूरा हो जाएगा।

परिवार न्यायालय भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में न्यायमूर्ति उमेश कुमार, पत्नी अंजली श्रीवास्तव, सप्तम जिला जज गौतमबुद्ध नगर अशोक कुमार, पत्नी सुनीता सिंह के साथ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलवामा हमले के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन के वैशाली इलाके में स्थित हॉलीवुड ड्रीम्स बैंक्वेट हाल में पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। पुलवामी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की ये तीसरी बरसी है। मालूम हो कि साल 2019 में आज ही के दिन यानि 14 फरवरी को आतंकियों ने पुलवामा में हमला किया था जिसमें देश के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। उन शहीदों की याद देशवासियों के दिलों में ताजा है। देश इन शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूल पाएगा।

### चालक को अगवा कर हत्या की आशंका

**नोएडा।** बहलोलपुर से लापता ई-रिक्शा चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव सेक्टर-58 थाना क्षेत्र की एनआईबी पुलिस चौकी के पास मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं और पेट में गंदा पानी भी भरा मिला है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि अगवा कर चालक की हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-63 थाना प्रभारी ने बताया कि बहलोलपुर निवासी वीरेंद्र ई-रिक्शा चलाकर परिवार का गुजारा करते थे। आठ फरवरी की दोपहर करीब एक बजे वह ई-रिक्शा लेकर घर से निकले थे। इसके बाद देर रात तक घर नहीं पहुंचे। वीरेंद्र का शव एनआईबी पुलिस चौकी के पास नाली में मिला।

### बच्चे के चेहरे पर कुत्ते ने किया हमला

**नोएडा।** देवटा गांव में पालतू पिटबुल कुत्ते ने दस वर्षीय बच्चे के चेहरे पर हमलाकर बुरी तरह घायल कर दिया। अस्पताल में बच्चे के चेहरे की सर्जरी कराई गई है। वहीं, पिता ने कुत्ते के मालिक दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर लापरवाही बरतने पर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, नगेंद्र ने कोतवाली में दी शिकायत में आरोप लगाया है कि पड़ोसी अमन व विक्की ने पिटबुल पाल रखा है। बेटा अंश उर्फगोलू गली से गुजर रहा था। अचानक कुत्ते ने बेटे के चेहरे को बुरी तरह से हमला कर दिया। गोलू को ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर सर्जरी कराई गई है। पिछले माह दादरी में भी पिटबुल ने बच्चे पर हमला किया था। घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी। दो महिलाएं बच्चे को बचाने का प्रयास कर रहीं थीं। इसके बावजूद कुत्ता बच्चे को नहीं छोड़ रहा था। कुत्ते ने मासूम को बुरी तरह जख्मी कर दिया था।

### संदिग्ध परिस्थितियों में शराब की कैंटीन में कर्मी की मौत

**गाजियाबाद।** दीपक विहार खोड़ा के शराब की कैंटीन में सोमवार दोपहर एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आजाद विहार के 30 वर्षीय रिंकू दीपक विहार के शराब के देसी शराब की कैंटीन में काम करते थे। स्वजन के मुताबिक सोमवार सुबह करीब आठ बजे वह ड्यूटी पर गए। दोपहर करीब एक बजे उन्हें पता चला कि रिंकू की कैंटीन में ही मौत हो गई है। आनन-फानन में वह लोग कैंटीन पहुंचे तो रिंकू मृत मिला। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुशवाहा ने बताया कि मामले में किसी के खिलाफशिकायत नहीं मिली है। जांच की जा रही है। रिंकू के भाई जानी ने इस मामले में कई सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कैंटीन में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।


एटलस ज्वैलरी इंडिया लिमिटेड

ATLAS Trusted by Millions

सीआईएन : L74140DL1989PLC131289
पंजी. कार्यालय : जेए-710, 7वां तल, डीएलएफ टावर-ए, प्लॉट सं. 10, जासोला जिला, नई दिल्ली-110025
ई-मेल : info@atlasjewelleryindia.com, फोन : 011-41041149/ 40541077, वेब : www.atlasjewelleryindia.com

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में, प्रति शेयर डेटा को छोड़कर)

| क सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31 दिसम्बर, 2021 अ-लेखापरीक्षित | वर्षाद्यतन समाप्त 31 दिसम्बर, 2021 अ-लेखापरीक्षित | पूर्व वर्ष में संगत तिमाही समाप्त 31 दिसम्बर, 2020 अ-लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 78.402 | 152.67 | 44.606 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 0.289 | 99.956 | (178.313) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.289 | 99.956 | (178.313) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (3.101) | 89.610 | (181.906) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | (3.101) | 89.610 | (181.906) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 10065.45 | 10065.45 | 10065.45 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) (असाधारण मदों के पूर्व और पश्चात) - 1. मूल : 2. तनुकृत : | (0.00) | 0.09 | (0.18) |

नोट्स :
(1) कम्पनी के पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015, कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) संशोधन नियमावली द्वारा संशोधित के अधीन अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक ("आईएनडी एएस" के रूप में संदर्भित) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
(2) कम्पनी का राजस्व का केवल एक खण्ड नामतः "ज्वैलरी रिटेल" है।
(3) 31 दिसम्बर, 2021 के अनुसार व्यापार प्राप्यों में, अन्य के साथ, कम्पनी के निर्यात देनदार से रू. 154.36 करोड़ की बकाया राशि (विदेशी मुद्रा विनिमय के अंतर की शुद्ध), जो 4 से अधिक वर्षों से बकाया है। कम्पनी ने निर्यात देनदार के विरूद्ध 2016 में एक वसूली वाद दायर किया है और मामले की सुनवाई वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश के समक्ष चल रही है। कम्पनी ने फेमा विनियम के अनुसार नियामक प्राधिकारियों के पास एक आवश्यक नवीनीकरण आवेदन भी प्रस्तुत किया है।
(4) व्यापार प्राप्य आईएनडी-एएस 109 के तहत वित्तीय प्रपत्रों की श्रेणी में रखे गए हैं तथा कम्पनी द्वारा, क्षतियों/दायित्वों हेतु व्यवस्था, "प्रत्याशित क्रेडिट हानि" (ईसीएल) विधि के अनुसार की जानी अपेक्षित है। चूंकि मामला अब प्रधान न्यायाधीश के समक्ष दर्ज है और अभी माननीय न्यायालय द्वारा निर्णीत किया जाना शेष है, कम्पनी इस समय उक्त लेखांकन मानकों के अनुसार क्षति राशि निर्धारित करने की स्थिति में नहीं है और अतएव कम्पनी ने आईएनडी-एएस 109 के तहत किसी "प्रत्याशित क्रेडिट हानि" की व्यवस्था करने से पहले न्यायालय के परिणाम की प्रतीक्षा करने का निर्णय किया है।
(5) प्रबंधकगण का मत है कि राष्ट्रीय विदेशी मुद्रा लाभ अथवा हानि का नकदी प्रवाह अथवा चालू कम्पनी पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं है, क्योंकि उसकी व्यवस्था आईएनडी-एएस 21 के अनुसार दी गई है।
(6) पूर्व अवधियों/वर्ष संबंधी आंकड़े, जहां कहीं आवश्यक समझा गया है, पुनर्वर्गीकृत/पुनर्समूहित किए गए हैं।
(7) ये परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा दिनांक 14 फरवरी, 2022 को आयोजित इसकी बैठक में पुनरीक्षित किए गए हैं। सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा इनका सीमित पुनरीक्षण भी किया गया है। 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु परिणाम बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (URL : www.bseindia.com/corporates) पर और कम्पनी की वेबसाइट (URL : www.atlasjewelleryindia.com) पर उपलब्ध हैं।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
वास्ते एटलस ज्वैलरी इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
भाष्यकर मट्टापल्ली
डीआईएन : 06738582
स्थान : चेन्नई
तिथि : 14 फरवरी, 2022



सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड 24, दरियागंज, नई दिल्ली-110002, (भारत)
फोन : 91-11-23273907, सीआईएन : एल74899डीएल1980पीएलसी060079

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

रू. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत: नौ माह समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 31-12-2020 अलेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षित | समेकित: नौ माह समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही समाप्त 31-12-2020 अलेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | - | 0.17 | 0.25 | 0.03 | 0.48 | 0.25 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (0.76) | (1.47) | (0.35) | (1.65) | (2.77) | (0.69) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले, (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (0.76) | (1.47) | (0.35) | (1.65) | (2.77) | (0.69) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात, (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (0.76) | (1.47) | (0.35) | (1.65) | (2.77) | (0.69) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 47.29 | 66.35 | (2.26) | 246.19 | 347.95 | (5.06) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पूर्व) (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक का) (क) मूल (रू.) | (0.32) | (0.61) | (0.15) | (0.69) | (1.15) | (0.29) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | (0.32) | (0.61) | (0.15) | (0.69) | (1.15) | (0.29) |

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.cse-india.com पर उपलब्ध है।
(2) उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनीज (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं।
(3) उपरोक्त अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा 14 फरवरी, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता./-
विवेक गुप्ता
निदेशक
(डीआईएन नंबर : 00035916)
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14-02-2022



ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103, भारत
ई-मेल : investor.relations@okplay.in, वेबसाइट : www.okplay.in

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत और समेकित अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

पृथक्कृत:

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-09-2021 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31-12-2020 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31-12-2020 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2021 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2,112.61 | 1,303.98 | 2,267.72 | 4,455.43 | 3,737.87 | 7,051.89 |
| 2 | शुद्ध लाभ/(हानि), अपवाद मदों तथा कर से पूर्व | (193.43) | (559.71) | (708.36) | (1,518.22) | (1,751.75) | (851.27) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | (193.95) | (559.46) | (706.67) | (1,521.95) | (1,748.35) | (873.63) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | (193.95) | (559.46) | (706.67) | (1,521.95) | (1,748.35) | (700.69) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय/(हानि) [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | (193.95) | (559.46) | (706.67) | (1,521.95) | (1,748.35) | (691.97) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 |
| 7 | अन्य इक्विटी (संचेय, पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | - | - | - | - | - | 3,300.95 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | (क) मूल (रू. में) | (1.01) | (2.91) | (3.68) | (7.92) | (9.10) | (3.60) |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | (1.01) | (2.91) | (3.68) | (7.92) | (9.10) | (3.60) |

समेकित:

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-09-2021 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31-12-2020 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षि | नौ माह समाप्त 31-12-2020 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2021 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2,728.22 | 1,895.09 | 2,909.14 | 6,007.48 | 5,219.56 | 9,235.98 |
| 2 | शुद्ध लाभ/(हानि), अपवाद मदों तथा कर से पूर्व | (225.88) | (402.73) | (647.11) | (1,413.27) | (1,797.78) | (881.39) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | (226.41) | (402.47) | (645.42) | (1,417.05) | (1,794.38) | (903.74) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | (226.41) | (402.47) | (645.42) | (1,417.05) | (1,794.38) | (798.72) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय/(हानि) [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | (226.41) | (402.47) | (645.42) | (1,417.05) | (1,794.38) | (790.00) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 |
| 7 | अन्य इक्विटी (संचेय, पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | - | - | - | - | - | 2,825.81 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | (क) मूल (रू. में) | (1.18) | (2.10) | (3.36) | (7.38) | (9.34) | (4.11) |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | (1.18) | (2.10) | (3.36) | (7.38) | (9.34) | (4.11) |

टिप्पणियां :
1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.okplay.co.in) पर उपलब्ध है।
2) उपरोक्त पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणाम सोमवार, 14 फरवरी, 2022 को आयोजित संबंधित बैठक में लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए हैं।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
प्रबंध निदेशक
डीआईएन - 00194590
तिथि : 14 फरवरी, 2022


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 फरवरी, 2022



# स्कूलों में फूलवर्षा से नन्हें-मुन्नों का स्वागत

## शिक्षकों का बच्चों के साथ रहा मित्रवत व्यवहार, पढ़ाई और होमवर्क पर अभी जोर नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में करीब दो साल बाद नर्सरी से लेकर 8वीं तक के लिए स्कूल सोमवार को खुल गए। स्कूल पहुंचे नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ बड़े छात्रों का जोरदार स्वागत किया गया। शिक्षकों का बच्चों के साथ रहा मित्रवत व्यवहार, पढ़ाई और होमवर्क पर अभी जोर नहीं है।

इस तरह से आवाभगत देखकर छात्र बेहद खुश नजर आए। कहीं छात्रों पर फल बरसाए गए तो कहीं पर चाकलेट देकर उनका गर्मजोशी से वेलकम किया गया। छात्र-छात्राएं लंबे अर्से बाद अपने पुरानी साथियों से मिलकर खूब मौज-मस्ती की। इससे पहले कोविड-19 संबंधी पाबंदियों में ढील दिए जाने पर गत सात फरवरी को नौवीं से 12 कक्षाओं के लिए स्कूल फिर से खुल गए थे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि आज से छोटी कक्षाओं के लिए भी स्कूल खुल गए हैं। छोटे बच्चों को भी अपने स्कूल खुलने का बेसब्री से इंतजार था। बिना स्कूल के बचपन अधूरा रहता है। ईश्वर न करें कि अब फिर से कभी स्कूलों को फिर बंद करना पड़े। शांति नगर के एसडीएमसी स्कूल में पांचवीं कक्षा के छात्र आर्यन ने कहा, वह स्कूलों के फिर से खुलने से काफी खुश है। वह अपने दोस्तों से मिलकर काफी खुश है।


पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों का स्वागत करते टीचर।

स्कूल प्रशासन मास्क पहनने और सैनिटाइजर लाने के लिए कहा गया है। मैं उत्साहित हूं लेकिन मुझे स्कूल पहुंचने के लिए सुबह करीब साढ़े छह बजे उठना पड़ता है। बस, यही खराब बात है। एक अन्य छात्र पीयूष ने बताया कि खुश हूं कि वह कक्षा में बैठूंगा, न कि घर में। लंबे अंतराल के बाद दोस्तों के साथ कक्षा में बैठना अच्छा लग रहा है। कई अभिभावक अपने बच्चों को छोड़ने के लिए स्कूल आए। दो बच्चों की मां रीना ने कहा, जब कोविड-19 महामारी फैली तो उनका बच्चा दूसरी कक्षा में था और अब वह पांचवीं कक्षा में है। कोविड से पढ़ाई पर असर पड़ा है। अच्छा है कि स्कूल फिर से खुल रहे हैं। उम्मीद करते है कि छात्र सुरक्षित रहें और अच्छी तरह से पढ़ाई करें। छोटे बेटे का भी केजी कक्षा में दाखिला हो गया है। वह खुश है कि उसे भी स्कूल जाकर पढ़ने का मौका मिल रहा है। मालूम हो कि पिछले साल थोड़े समय के लिए स्कूल खुले थे लेकिन कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वैरियंएट के कारण आई, कोविड महामारी की तीसरी लहर के मद्देनजर गत 28 दिसंबर को फिर से स्कूल बंद करने पड़े। केंद्र ने अपने दिशा निर्देशों से ऑफलाइन कक्षाएं लेने के लिए अनिवार्य रूप से अभिभावक से स्वीकृति लेने के नियम को हटा दिया जबकि दिल्ली सरकार ने इसे जारी रखने का फैसला किया है। तीसरी कक्षा की शिक्षिका पूनम यादव ने कहा, सभी छात्र बहुत उत्साहित हैं। वह भी बहुत उत्साहित हैं क्योंकि अब तकरीबन दो साल बीत गए हैं लेकिन स्कूल न आने के कारण बच्चों को मूल बातों का भी सही से ज्ञान नहीं है। कई छात्र अपने गृह नगर से ही कक्षाएं लेते रहे हैं और उनमें से कई अभी लौटे नहीं हैं।

### पूरी क्षमता से खुले निगम प्राथमिक विद्यालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के अधीन आने वाले सभी प्राथमिक विद्यालय, प्रतिभा विद्यालय, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त स्कूल आज से पूरी क्षमता के साथ खुले गये। नगर निगम के निगमायुक्त विकास आनंद ने बताया कि इसके लिए बच्चों के अभिभावकों को सहमति पत्र देना अनिवार्य होगा तभी बच्चे को स्कूल आने की अनुमति दी जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि निगम के इस संबंध में स्कूल के प्रिंसिपल अपने स्कूल में कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

### डीएसईयू के छात्रों के लिए ऑफलाइन कक्षाएं शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय में सोमवार से सभी 15 कैंपस में ऑफलाइन कक्षाएं शुरू हो गई हैं। विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2021 में छात्रों के पहले शैक्षिक वर्ष की शुरुआत की। जिसमें 15 फुल टाइम डिप्लोमा, 4 पार्ट टाइम डिप्लोमा, 12 लेटरल एंट्री डिप्लोमा, 11 फ्लैगशिप डिग्री प्रोग्राम, कंप्यूटर इंजीनियरिंग एवं पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों में 5 हजार से अधिक छात्रों ने दाखिला लिया है। वीसी प्रो. नेहरिका वोहरा ने कहा कि आज के दिन का सभी पहले दिन से ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।


वेलेंटाइंस डे के मौके पर फूलों की ब्रिकी करती महिला। फोटो: रंजन डिमरी

# राजधानी वालों को डेंगू से मिली राहत

- पिछले एक हफ्तें में कोई ताजा मामला सामने नहीं आया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में पिछले एक साल से लगातार बड़ी संख्या में सामने आ रहे मच्छर जनित बीमारी डेंगू के मामले अब थम गए हैं।

गत एक हफ्ते में एक भी डेंगू का नया मामला दर्ज नहीं किया गया है। लेकिन केशवपुरम और शाहदरा साउथ के इलाके में चिकनगुनिया के दो मामले सामने आए हैं। नगर निगम ने कहा है कि लगातार डीबीसी कर्मचारियों की सहायता से लार्वा की जांच की जा रही है।




लार्वा पाए जाने पर न सिर्फ दवाई छिड़की जा रही है बल्कि चालान भी किए जा रहे हैं। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पांच फरवरी तक दिल्ली में डेंगू के 33 मामले सामने आए थे। राहत की बात है कि पिछले एक सप्ताह में डेंगू का कोई मामला सामने नहीं आया है।

एक जनवरी से 12 फरवरी की अवधि के बीच पिछले तीन साल में दो मामले सामने आए जबकि 2018 में छह और 2017 में पांच मामले सामने आए थे। इस रोग के मामले जुलाई और नवंबर के बीच सर्वाधिक सामने आते हैं। वर्ष 2015 से अब तक डेंगू के 9613 नए मामले सामने आए जिनमें से 23 लोगों की मौत हो गई।

### युवक का शव मिला, सिर पर चोट के निशान

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में 20 साल के युवक का उसके किराए के कमरे में शव मिला है। मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। मरने की पहचान आदर्श के रूप में हुई है।

आदर्श को पिछले साल जून में एक नाबालिग लड़की से शादी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण (पोक्सो) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। उसे नवंबर में जेल से रिहा कर दिया गया था। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) बृजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि आदर्श अपने कमरे के फर्श पर पड़ा हुआ था।

# सरकार ने मुफ्त बस यात्रा पर खर्च किए 484 करोड़

- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 48 करोड़ महिलाओं ने की मुफ्त यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने अपनी मुफ्त बस यात्रा योजना पर 484 करोड़ रुपए खर्च किए और वहीं, इस सेवा का 48 करोड़ से अधिक महिलाओं ने लाभ उठाया है। आधिकारिक आंकड़ों में इस बारे में जानकारी दी गई है।

इसमें कहा गया है कि 24.43 लाख से अधिक महिलाओं ने पिछले साल शहर की बसों में मुफ्त यात्रा की। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) में कुल 6,900 बसों का बेड़ा है। दिल्ली परिवहन विभाग ने एक ट्वीट में कहा, दिल्ली सरकार ने राज्य द्वारा परिचालित



6,900 बसों में मुफ्त यात्रा करा कर महिलाओं को सशक्त किया है। अब तक 48 करोड़ महिलाओं ने इसका लाभ उठाया और 2021 में 24 करोड़ महिलाओं ने इनमें मुफ्त यात्रा की। इसके अलावा, हर बस में मार्शल की मौजूदगी ने यात्रा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। दिल्ली परिवहन विभाग ने एक ट्वीट में कहा कि 27 दिसंबर तक डीटीसी की बसों में करीब 527 महिला मार्शलों को तैनात किया गया था, उन पर लगभग 13.67 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि आंकड़ों के अनुसार पिछले साल क्लस्टर बसों में 955 मार्शल तैनात किए गए और उनपर 21.70 करोड़ खर्च किए गए। इसमें कहा गया है कि बस की सवारी महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए 35.37 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। मुफ्त बस की सवारी योजना 2019 में सरकार द्वारा शुरू की गई थी।

TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LIMITED
CIN No : L40108UP2005PLC094368
Corporate Office : " Park Plaza " 71, Park Street, Kolkata - 700 016
Email : desk.investors@techno.co.in : Website: www.techno.co.in

Extract of Statement of Consolidated Audited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2021

(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | | Nine Months Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31st December 2021 | 30th September 2021 | 31st December 2020 | 31st December 2021 | 31st December 2020 | 31st March 2021 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total income from operations (net) | 30335.32 | 27350.62 | 24756.21 | 76631.33 | 67443.07 | 88922.86 |
| Net Profit / (Loss) for the year (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 15090.87 | 8425.14 | 7571.06 | 29539.97 | 21927.47 | 23393.53 |
| Net Profit / (Loss) for the year before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 15090.87 | 8425.14 | 7571.06 | 29539.97 | 21927.47 | 23393.53 |
| Net Profit / (Loss) for the year after Tax(after Exceptional and / or Extraordinary items) | 11423.67 | 6338.61 | 5663.64 | 22316.22 | 17088.78 | 18361.93 |
| Total Comprehensive Income for the year | 11766.77 | 6105.19 | 6333.32 | 23045.38 | 18050.17 | 18576.90 |
| Equity Share Capital | 2200.00 | 2200.00 | 2200.00 | 2200.00 | 2200.00 | 2200.00 |
| Other Equity (excluding Revaluation Reserves) | | | | | - | |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹ 2/- each) | | | | | | |
| Basic : | 10.44 | 5.90 | 5.09 | 20.62 | 15.67 | 16.53 |
| Diluted: | 10.44 | 5.90 | 5.09 | 20.62 | 15.67 | 16.53 |

Key numbers of Standalone Financial Results:

| PARTICULARS | Quarter ended | | | Nine Months Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31st December 2021 | 30th September 2021 | 31st December 2020 | 31st December 2021 | 31st December 2020 | 31st March 2021 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total income from operations (net) | 30335.32 | 27350.62 | 24756.21 | 76631.33 | 67443.07 | 88922.86 |
| Profit before Tax | 15066.05 | 8435.09 | 7570.45 | 29530.25 | 23583.63 | 25078.45 |
| Net Profit after Tax | 11398.88 | 6348.54 | 5665.25 | 22307.69 | 18752.31 | 20045.08 |

Note : The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December, 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.techno.co.in.

For and on behalf of the Board of Directors
( P. P. Gupta )
Managing Director
DIN : 00055954

Date :- The 14th February, 2022

## संक्षिप्त समाचार


रिठाला में पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देते आप नेता प्रदीप मित्तल।

### पुलवामा के शहीदों की याद निकाली रैली

**नई दिल्ली।** पुलवामा में शहादत देने वाले 40 जवानों और शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू को समर्पित रैली का रिठाला विधानसभा क्षेत्र में आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी। रैली का आयोजन आम आदमी पार्टी के रिठाला क्षेत्र के संगठन मंत्री प्रदीप मित्तल के नेतृत्व में किया गया। देश के लिए शहादत देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए सैकड़ों लोगों ने रैली भाग लिया।

### बंगला साहिब में लगा 'बूटा लंगर'

**नई दिल्ली।** मानवता को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले सिख धर्म के 7वें गुरु श्री गुरु हरिराय जी के प्रकाश पूर्व पर हेमकुंट फाउंडेशन व सचखण्ड फाउंडेशन द्वारा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से गुरुद्वारा बंगला साहिब में ''बूटा लंगर'' वितरित किया गया जिसके तहत बंगला साहिब आने वाली संगत को 5 हजार से अधिक फूल-पौधे व वृक्ष मुफ्त वितरित किये गए ताकि गुरु साहिब द्वारा दिये संदेश को समाज में प्रचारित किया जा सके। गुरुद्वारा कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने दिल्ली शहर में हरियाली लाने वाले प्रॉजेक्टों में बढ़चढ़ कर शामिल होने को कहा।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चला अभियान

**नई दिल्ली।** बाजारों को प्लास्टिक कचरा मुक्त क्षेत्र बनाने के प्रयास में पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने सोमवार से भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ के सहयोग से जागरूकता अभियान शुरू किया जा रहा है। यह अभियान एक महीने के लिए चलाया जाएगा। इस अभियान में विभिन्न बाजारों में जगह-जगह पर प्लास्टिक एक्सचेंज-कियोस्क लगाना शामिल होगा। इन कियोस्क में स्थानीय लोगों और दुकानदारों को प्लास्टिक कचरे के बदले कपड़े के बैग दिए जाएंगे और साथ ही नागरिकों को सिंगल-यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी शिक्षित किया जाएगा।

नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालयः स्कोप कॉम्प्लैक्स, कोर-III, 7, इन्स्टीच्युशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110 003
वेबसाइटः www.nationalfertilizers.com, सीआईएन - L74899DL1974GOI007417

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही एवं नौमाही के लिए (स्टैण्डअलोन एवं समेकित) अनआडिटिड वित्तीय परिणामों से उद्धरण

(₹ लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैण्डअलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | नौमाही समाप्त | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | नौमाही समाप्त | | समाप्त वर्ष |
| | | 31-12-2021 (अनआडिटिड) | 30-09-2021 (अनआडिटिड) | 31-12-2020 (अनआडिटिड) | 31-12-2021 (अनआडिटिड) | 31-12-2020 (अनआडिटिड) | 31-03-2021 (आडिटिड) | 31-12-2021 (अनआडिटिड) | 30-09-2021 (अनआडिटिड) | 31-12-2020 (अनआडिटिड) | 31-12-2021 (अनआडिटिड) | 31-12-2020 (अनआडिटिड) | 31-03-2021 (आडिटिड) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 509960 | 370119 | 294409 | 1144117 | 896571 | 1193900 | 509960 | 370119 | 294409 | 1144117 | 896571 | 1193900 |
| 2 | असाधारण वस्तुओं एवं कर से पूर्व परिचालन से शुद्ध लाभ/(हानि) | 1155 | 7465 | 7775 | 8117 | 34677 | 34346 | (2017) | 3522 | 7551 | (7993) | 34071 | 33091 |
| 3 | असाधारण वस्तुओं पश्चात कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) | 1155 | 7465 | 7775 | 8117 | 34677 | 34346 | (2017) | 3522 | 7551 | (7993) | 34071 | 33091 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) | 864 | 5577 | 5513 | 6003 | 25267 | 24963 | (2308) | 1634 | 5289 | (10107) | 24661 | 23708 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि) सहित) एवं अवधि के लिए अन्य व्यापक आय | 865 | 5579 | 5442 | 6007 | 25057 | 25050 | (2307) | 1636 | 5218 | (10103) | 24451 | 23795 |
| 6 | साम्य शेयर पूंजी | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 | 49058 |
| 7 | रिज़र्व (पूर्वमूल्यांकित रिज़र्व को छोड़कर) जैसे कि पिछले वर्ष की आडिटिड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | | | 168086 | | | | | | 164961 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (₹ 10/- का प्रत्येक)* | | | | | | | | | | | | |
| | (क) बेसिक | 0.18 | 1.14 | 1.12 | 1.22 | 5.15 | 5.09 | (0.47) | 0.33 | 1.08 | (2.06) | 5.03 | 4.83 |
| | (ख) डायल्युटिड | 0.18 | 1.14 | 1.12 | 1.22 | 5.15 | 5.09 | (0.47) | 0.33 | 1.08 | (2.06) | 5.03 | 4.83 |

*तिमाही/नौमाही आंकड़ों के मामले में एनुलाइज्ड नहीं किया गया है।

टिप्पणीः उपर्युक्त, सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अधीन स्टाक एक्सचेंजों को प्रस्तुत किये गये तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत फार्मेट का उद्धरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण फार्मेट स्टाक ऐक्सचेंजों की वेबसाइट www.nseindia.com और www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.nationalfertilizers.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिए और की ओर से
हस्ता./-
(निरलेप सिंह राय)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 08725698

स्थानः नोएडा
दिनांकः 14 फरवरी, 2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

एन.एफ.एल.: किसानों का मित्र, राष्ट्र का गौरव

# द्रोण नगरी में और भी कई इमारतें दे रही हैं हादसों को न्योता

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**द्रोण** नगरी के सेक्टर-109 में ही कई और सोसायटियों की इमारतों में लोग भय के साये में रह रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनके यहां भी दीवारों में दरारें आ चुकी हैं। कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन ना तो बिल्डर इस पर गंभीर है और ना ही अधिकारी।

गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे के पास सेक्टर-109 में चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी से चंद कदमों की दूरी पर ही है रहेजा अथर्वा सोसायटी। इस जब से चिंतल्स में हादसा हुआ है, वहां का सीधा डर रहेजा अथर्वा में रहने वाले लोगों में भी पैदा हो गया है। 12 एकड़ जमीन पर इस सोसायटी में 11 टावर बने हैं, जिसमें कुल 800 फ्लैट हैं। फिलहाल 500 परिवार रह रहे हैं। वर्ष 2015 में इन फ्लैट्स की पजेशन दी गई थी। एक फ्लैट की कीमत 60 से 90 लाख रुपये तक है। किसी तरह से लोगों ने यहां फ्लैट खरीदे। सपना तो देखा था सुकून से जीवन जीने का, लेकिन यहां कई तरह की परेशानियां लोगों के सामने रहती हैं। मैंटेनेंस चार्ज तो वसूला जाता है लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं किया जाता।

## चिंतल्स पैराडिसो के साथ और भी कई इमारतों को लेकर बनी भय की स्थिति

## 60 लाख रुपये से डेढ़ करोड़ रुपये तक में लोगों ने खरीदे हैं फ्लैट

### 2015 में बनी इमारत की हालत हो रही खस्ता

**यहां** के निवासी अंजन देवेश्वर का कहना है कि मेंटेनेंस चार्ज देने के बाद भी रहेजा अथवा सोसायटी में रहने वाले लोग लगातार परेशान है। सोयायटी 2015 में बनी थी। सौ साल का यहां रहने का सपना देखने वाले लोगों का कहना है कि मात्र छह-सात साल में ही सोसायटी के सूरत बिगड़ गई है। 2015 में बनकर तैयार हुई इस इमारत की सूरत बिगड़ गई है।

दीवारों में दरारें आ गई हैं और प्लस्तर उतर रहा है। हमेशा यही डर सताता रहता है कि कहीं कभी कोई हादसा न हो जाए। यहां के निवासी आरसी शर्मा कहते हैं कि हर समस्या की शिकायत सरकारी अधिकारियों और बिल्डर से की जाती है, लेकिन कोई गंभीर नहीं होता। जिस तरह से चिंतल्स सोसायटी में लापरवाही बरती गई, वैसे ही लापरवाही यहां रहेजा अथर्वा में भी बरती जा रही है। उन्हें डर है कि कभी यहां भी कोई अप्रिय घटना ना हो जाए।

### 70 साल पुरानी नजर आ रही है सात साल पुरानी इमारत

**इसी** तरह की समस्या सेक्टर-108 की वेदांता सोसायटी में भी आ रही है। यहां 60 लाख रुपये से लेकर डेढ़ करोड़ रुपये तक के लोगों ने फ्लैट खरीदे हैं। इस सोसायटी में करीब 350 परिवार रहते हैं। यहां इमारतों की हालत यह है कि सात साल पुरानी इमारतें 70 साल पुरानी नजर आ रही है।

यहां के निवासी गौतम सेन, बलजीत सिंह, जयदेव नेग, सुखविन्दर सिंह कहते हैं कि बिल्डिंग के निर्माण में सामग्री घटिया लगी है, इसलिए यहां पर दीवारों में दरारें हैं और पलस्तर उतरकर गिर रहा है। बिल्डिंग में सीढ़ियों पर लगा पत्थर भी टूट कर दो हिस्सों में बंट गया है। बिल्डिंग की बेसमेंट मे भी पानी भर जाता है। बिल्डर कहता है कि उसने बिल्डिंग बनाकर बेच दी है। उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। बिल्डिंग की देखभाल करना बिल्डिंग में रहने वाले लोगों का काम है। छतों से सीमेंट के टुकड़े कभी गाड़ियों पर गिरे नजर आते हैं तो कभी फर्श पर।

सोसायटी में रहने वाले लोगों ने रेरा में केस डाला हुआ है। गुरुग्राम जिला प्रशासन के पास भी कई बार शिकायत लेकर गए हैं। अधिकारी बिल्डर से सांठ-गांठ करके फाइल बंद कर देते हैं। कोई कार्रवाई नहीं की जाती। पिछले दो साल से तो यहां समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। सोसायटी के लोगों ने सरकार को बिल्डर के खिलाफ घटिया सामग्री इस्तेमाल करने के बारे में शिकायत दी थी। फिर भी सरकार द्वारा बिल्डर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### इन सोसायटियों के लोगों ने भी की हैं शिकायतें

**इन** सोसायटी के अलावा सेक्टर-104 स्थित जारा सोसायटी, सेक्टर-102 स्थित एम्मार इम्पीरियल गार्डन, सेक्टर-92 स्थित रहेजा नवोदया, सारे होम्स, ब्रिक्स लुम्बिनी, सेक्टर-72 स्थित स्पेज प्रिवी सोसायटी, सेक्टर-78ए स्थित जीपीएल ईडन हाईट्स, सेक्टर-47 स्थित यूनिवर्ल्ड गार्डन-2, सेक्टर-37 स्थित एनबीसीसी ग्रीन व्यू में भी रहने वाले लोगों ने घटिया निर्माण सामग्री के चलते इमारतों में प्लास्टर झड़ने, बालकनी झुकने, पिलरों से सरिया निकलने समेत कई तरह की कमियों सामने आ चुकी हैं। शिकायतों के बाद भी कोई काम नहीं हुआ। रहेजा बिल्डर के खिलाफ वेदांता सोसायटी के मामले में पहले से केस दर्ज है। बाकी की सोसायटी का भी डाटा तैयार किया जा रहा है। जहां से भी उन्हें शिकायतें मिल रही हैं, उन शिकायतों के आधार पर कार्रवाई जरूर होगी।

**-संजय कुमार, डीटीपी प्लानिंग**

# खराब निर्माण सामग्री की शिकायतों पर सेंपल कलेक्शन करें अधिकारी

## वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में अभी तक अलॉटिड सभी कार्यों का होगा निरीक्षण

## बैठक में करोड़ों रूपये के विकास कार्यों को मिली हरी झंडी



नगर निगम में वित्त एवं संविधा कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी और मेयर।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मेयर** मधु आजाद ने सोमवार को आयोजित वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए चीफ इंजीनियर ठाकुरलाल शर्मा को निर्देश दिए कि कमेटी द्वारा अभी तक अलॉट किए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता जांच का निरीक्षण एवं सेंपल कलेक्शन किया जाएगा। वे स्वयं कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ मौका निरीक्षण करने के लिए जाएंगी।

मेयर ने कहा कि विभिन्न निगम पार्षदों एवं आम जनता की तरफ से कुछ विकास कार्यों में खराब निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करने बारे शिकायतें मिल रही हैं। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए वे स्वयं मौका निरीक्षण एवं सेंपल कलेक्शन संबंधी कार्रवाई करेंगी तथा अगर किसी एजेंसी द्वारा गुणवत्ता से समझौता किया गया होगा, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मेयर ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ समझौता किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा तथा सभी विकास कार्य निर्धारित समयसीमा में ही पूरे किए जाने चाहिए।

### 10 विकास कार्यों के एस्टीमेट को स्वीकृति

**सोमवार** को आयोजित वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में 10 विकास कार्यों के एस्टीमेट को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई, जबकि 5 विकास कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी दी गई। जिन एस्टीमेटों को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई, उनमें 2.48 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय माध्यमिक विद्यालय चौमा के भवन का पुनर्निर्माण, 2 करोड़ रुपये की लागत से अशोक विहार-2 में गलियों का निर्माण, 1.70 करोड़ रुपये की लागत से बादशाहपुर ड्रेन से उमंग भारद्वाज चौक तक सीवर लाईन का निर्माण, एक करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर-9ए एचएसवीपी मार्केट में पार्किंग सड़क का निर्माण तथा 1.97 करोड़ रुपये की लागत से खांडसा गांव में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण शामिल है। इसके अलावा सेक्टर-52 में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 2.33 करोड़ रुपये, सेक्टर-9 सामुदायिक केन्द्र में फूड पंडाल, किचन, गार्ड रूम, टॉयलेट व अन्य कार्यों के लिए 1.71 करोड़ रुपये, साऊथ सिटी-2 ब्लॉक ए में 24 मीटर सड़कों एवं फुटपाथ निर्माण के लिए 1.41 करोड़ रुपये, पालम विहार डी ब्लॉक में ग्रीन बेल्ट के लिए 1.84 करोड़ रुपये तथा नंदी धाम गौशाला में मौजूदा शैड के नवीनीकरण, क्वार्टर, अस्पताल, वाटर टैंक व न्यू कैटल शेड के लिए 2.24 करोड़ रुपये के एस्टीमेटों को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

### इन 5 कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी

**बैठक** में जिन 5 विकास कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी मिली, उनमें गांव बादशाहपुर में त्यागीवाड़ा सामुदायिक केन्द्र के नजदीक इंटरलॉकिंग टाईल संबंधी कार्य के लिए 1 करोड़ रूपए, गांव डूंडाहेड़ा बड़ी चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए 1.38 करोड़ रुपये, सेक्टर-43 के पार्क में ओपन जिम, कैनॉपी व झूलों आदि के लिए 1.20 करोड़ रुपये, गांव भोंडसी में रेवेन्यू रास्ते से पोंड तक न्यू बॉक्स टाईप ड्रेन के लिए 1.91 करोड़ रुपये तथा सेक्टर-9 के ब्लॉक-ए में मकान नंबर 221 से 596 व मकान नंबर 1 से 55 तक सड़कों के निर्माण के लिए 2.47 करोड़ रुपये के टेंडर अलॉटमेंट शामिल हैं।

# भाजपा युवा नेता गगन गोयल के आवास पर पहुंचे सांसद धर्मबीर सिंह



गुरुग्राम की मियांवाली कॉलोनी में गगन गोयल एवं आशा गोयल के आवास पर पहुंचे सांसद धर्मबीर सिंह।

**गुरुग्राम।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से सांसद धर्मबीर सिंह सोमवार को यहां मियांवाली कॉलोनी में भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल एवं समाजसेवी आशा गोयल के आवास पर पहुंचे। उन्होंने वहां पर काफी समय बिताया और दोपहर का भोजन करने के बाद रवाना हो गए।

मियांवाली कॉलोनी स्थित गोयल दंपति के आवास पर सांसद धर्मबीर सिंह के आगमन पर क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया। गगन गोयल के पिता योगेश कुमार गोयल ने सांसद व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। गगन गोयल की माता सुनीता गोयल व पत्नी आशा गोयल ने मेयर मधु आजाद का स्वागत किया। इस अवसर पर गगन गोयल एवं आशा गोयल के अलावा मेयर आजाद, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक एवं रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, रोशन लाल मंगला पिंटू मार्केट कमेटी चेयरमैन, रोहित बोहरा सेंटर मार्केट एसोसिएशन प्रधान, आशीष वर्मा उर्फ सोनू अध्यक्ष सेंटर मार्केट एसोसिएशन, एमएम स्कूल के चेयरमैन मनोज गुप्ता, जगभूषण गुप्ता एडवोकेट, रोहताश सरपंच खोह गांव, सुल्तान चांवरिया, हरीश यादव, विक्की बंसल, कौशल वर्मा, विष्णु बंसल, लवली सलूजा, नवीन जैन उफ नीटू, धीरज कुमार, विजय यादव, राजकुमार राव, ललित क्रांतिकारी, लाल सिंह कटारिया, ईशु वाल्मीकि, बाली पंडित, सतीश चोपड़ा गुर्जर, प्रवीन सांगवान, सतीश सांगवान आदि उपस्थित रहे। गगन गोयल ने बताया कि इस दौरान सांसद के समक्ष शहर के मुद्दों पर चर्चा हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्राओं ने पेंटिंग करके रोजगार का हुनर सीखा




सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं पेंटिंग करती हुईं।

**सोहना।** शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने पेंटिंग करके रोजगार का हुनर सीखा। छात्राओं ने कागज पर अपनी कला प्रदर्शन करते हुए वायु प्रदूषण, जनसंख्या वृद्धि, कोरोना संक्रमण, कोविड वैक्सीनेशन पर पेंटिंग बनाई। घर में रहकर या अपने दम पर रोजगार चलाकर आत्मनिर्भर कैसे बना जाता है। अपने साथ साथ दूसरों को रोजगार का हुनर कैसे दिया जाता है। यह शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं एनसीसी के साप्ताहिक शिविर में सीख रही है। कक्षा 11वीं छात्रा ने बताया कि आज निजीकरण के क्षेत्र में रोजगार प्राप्ति की कमी नहीं है। आने वाला समय हुनर प्राप्ति करने वाला युवा पीढ़ी भविष्य में बेरोजगार नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि टैक्निकल के इस युग में आत्मनिर्भर बनकर ही रोजगार प्राप्त होगा। शिविर संचालक ऊषा रानी ने बताया छात्राओं रोजगार का हुनर सिखने में उत्साहित हैं। स्कूल प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने बताया कि इस प्रकार के शिविर छात्राओं को पाठ्यक्रम के साथ रोजगार का हुनर सिखने में लाभकारी होता है। ताकि छात्राएं पढ़ाई छोड़ने के साथ ही रोजगार चला सके।

### 24वां नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैंप आयोजित



गुरुग्राम के रामलीला ग्राउंड में वैक्सीनेशन शिविर में वैक्सीन लगवाते लोग।

**गुरुग्राम।** सोमवार को रामलीला ग्राउंड सदर बाजार में श्री श्याम परिवार फाउंडेशन व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आम लोगों के लिये 24वां नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया। संस्था के उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल व संरक्षक नवीन गुप्ता ने बताया कि नि:शुल्क वैक्सिनशन कैम्प का आयोजन किया गया था। श्री श्याम परिवार फॉउंडेशन आगे भी इसी तरह से स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन करता रहेगा। श्री श्याम परिवार फॉउंडेशन के रोशनपुरा टीम के अध्यक्ष सर्वेश शर्मा व जैकमपुरा टीम के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को भी सभी जरूरतमंद लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। इसमें पुनीत अग्रवाल अध्यक्ष श्री श्याम परिवार फॉउंडेशन, विजय गर्ग, मंजू यादव, हिमांशु शर्मा, आशीष सिंगला, अनुज, प्रिंस मंगला, दिनेश कुमार व सुमन आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने अमृत महोत्सव के तहत किया सूर्य नमस्कार



गुरुग्राम विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार करते विद्यार्थी।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 75 करोड़ सूर्य नमस्कार महोत्सव के तहत सूर्य नमस्कार श्रृंखला का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूर्य नमस्कार के महत्व को आमजन तक पहुंचाने के लिए फिजियोथैरेपी विभाग के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार के आसनों का योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए स्वास्थ्य की प्राथमिकता रखनी जरूरी है। अगर हमें शरीर को निरोग रखना है तो नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करना चाहिए। क्योंकि सूर्य नमस्कार का अभ्यास समस्त रोगों से लड़ने में समर्थ है। कुलपति ने सूर्य नमस्कार को पूर्ण योग बताते हुए इसे नित्य जीवन मे सम्मिलित करने को कहा। इस अवसर पर उपस्थित योग विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी, हरियाणा आयुष विभाग डा. भूदेव ने बताया कि देश में आजादी की 75वीं वर्षगांठ को आजादी के अमृत महोत्सव के तौर पर मनाया जा रहा है। 20 फरवरी 2022 तक 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय योगासन खेल महासंघ की ओर से सूर्य नमस्कार परियोजना की योजना बनाई गई है। गुरुग्राम विवि द्वारा आयोजित सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर खेल अधिकारी डॉ. तरुण ढुल, खेल प्रशिक्षक राहुल चौहान, सुरेंद्र मालिक आदि उपस्थित रहे।

## रंजिश में ससुराल वालों ने दामाद को पीटा

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव गढ़ीबाजीदपुर में शादी समारोह में आए दामाद को ससुराल पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से पीकर घायल कर दिया। पुलिस ने दामाद की शिकायत पर नामजद तीन महिलाओं समेत छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दिल्ली नजफगढ़ का गांव पण्डवाला खुर्द निवासी जस सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपनी साली की शादी में गांव गढ़ी बाजीदपुर में आया था। रात करीब सवा नौ बजे रंजिश को लेकर उसके ससुर के दो भाई जगत, जगबीर, जगत को बेटा लक्ष्य, जगत की पत्नी ममता, दया और शर्मिला ने उसके साले कपिल के साथ मारपीट कर दी।

# प्रतिष्ठित संस्थान करेगी चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी का ऑडिट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि चिंटल्स पैराडिसो सोसायटी में फ्लैट निर्माण के दौरान डिजायन या कारीगरी में दोष का पता लगाने के लिए आईआईटी या किसी अन्य प्रतिष्ठित सरकारी संस्थान से प्रभावित टावर के निर्माण का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। यह बात उन्होंने सेक्टर-109 स्थित चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी में हुए हादसे को लेकर कही है।

सेक्टर-109 स्थित चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी की छह मंजिल की छत गिरने के मामले में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि यहां के आसपास की कुछ अन्य ग्रुप हाऊसिंग कॉलोनियों में भी आरंभिक अवस्था में स्ट्रक्चरल नुकसान के लक्षण दिखाई दिए हैं। इसके लिए नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग को रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन या किसी अन्य एजेंसी से प्राप्त शिकायतों के आधार पर ऐसे भवनों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें यह भी कहा गया है कि इन कॉलोनियों के निवासियों को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए कालोनाइजर की कीमत पर स्ट्रक्चरल ऑडिट करवाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में ऐसी किसी भी त्रासदी से बचने के लिए सरकार ने सैद्धांतिक रूप से यह भी निर्णय लिया है कि रिहायशी प्रमाण पत्र देते समय बिल्डरों द्वारा नियुक्त किए गए स्ट्रक्ररल इंजीनियरों के अलावा नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग भी प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों या अलग से इम्पैनल किए गए स्ट्रक्चरल इंजीनियर से भी स्ट्रक्चरल ऑडिट करवाएगा।

## गुरुग्राम के सेक्टर-109 में इस सोसायटी के छह मंजिल के टावर गिरे थे

**जनहानि किसी भी कारण से हो, नहीं होगी बर्दाश्त :** उन्होंने कहा कि यह झकझोर देने वाली घटना है और ऐसा भविष्य में न हो, इसके लिए सरकार आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार घटना की गंभीरता को देखते हुए दोषी लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनहानि किसी भी कारणवश से हो, बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### प्रभावितों को अस्थायी आवास उपलब्ध कराने के आदेश

**उन्होंने** यह भी कहा कि स्थानीय प्रशासन को इस टावर के सभी प्रभावित परिवारों को तत्काल आधार पर वैकल्पिक अस्थायी आवास उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं, क्योंकि ये लोग इस टावर में रहने से घबरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग को चिंटल इंडिया लिमिटेड, चिंटल एक्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और ईंटल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सभी निदेशकों, स्ट्रक्चरल इंजीनियरों, वास्तुकार और आवासीय टावर का निर्माण करने वाले ठेकेदार और छठी मंजिल पर अतिरिक्त निर्माण कर रहे निवासी के खिलाफतत्काल प्रभाव से प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी स्थिति पर नजर रख रहे हुए हैं।

# घाटी से उतरते समय दो ट्रॉला बेकाबू, एक दुकानों में घुसा, दूसरे ने तोड़ी दीवार



रविवार-सोमवार रात दुकान में घुसा कोयला से भरा ट्रॉला।



सोहना घाटी से उतरते समय दीवार तोड़ कर लटका टॉला।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** घाटी में उतरते समय बेकाबू हुआ ट्रॉला दो दुकान समेत खोखों के बीच में घुस गया। जिससे दुकानें धराशाही हो गईं। ट्रॉला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अन्य ट्रॉला घाटी की ही सड़क पर लगी दीवार तोड़ता हुआ लटक गया।

तावडू से सोहना आ रहे दो ट्रॉला घाटी से उतरते हुए बेकाबू हो गए। दोनों ही ट्रॉलाओं के बेकाबू होने का कारण ब्रेक फेल होना माना जा रहा है। पहली घटना रविवार शाम को घाटी से उतरते समय सोहना सदर थाना के सामने सड़क किनारे बनी दीवार तोड़ता हुआ हवा में लटक गया। हादसे में ट्रॉला चालक बाल-बाल बच गया। ट्रॉले में क्रेसर भरा था। दूसरा हादसा रविवार-सोमवार रात्रि करीब ढाई बजे हुआ। कोयला से भरा ट्रॉला सदर थाना के निकट घाटी की शुरुआत में लगे स्पीड ब्रेकर को कूदते समय बेकाबू हो गया। चालक जाकिर के लाख प्रयासों के बावजूद ट्रॉला रौंग साइड में सड़क किनारे बनी दो दुकानों को तोड़ता हुआ अंदर घुस गया। दुकानों के साथ रखे लकड़ी के दो खोखे भी चकनाचूर हो गए। हादसे में दोनों ही दुकानों की छत गिर गईं। ट्रॉला चालक जाकिर निवासी गांव खोड़ा तहसील रामगढ़ जिला अलवर राजस्थान निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### दो दिन में हुए तीन हादसे

**सोहना** घाटी से सामान से भरे तीन ट्रॉला बेकाबू होते हुए सड़क किनारे बनी रिटर्निंग वॉलों को तोड़ते हुए नीचे कूद गए। शनिवार को प्लास्टिक के दाने से भरा ट्रॉला घाटी के देवीलाल मार्ग के मोड़ पर करीब 30 फुट गहरी खाई में कूद गया था।

# इस बार कठिन है ठाकुर धीरेंद्र सिंह की चुनावी डगर

**नोएडा।** जेवर के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह भले ही 2017 के चुनाव में भारी बहुमत से जीते हों, लेकिन अब उनके लिए चुनावी डगर कठिन है। क्षेत्र में ठाकुरों की भी नाराजगी उन्हें झेलनी पड़ सकती है। चर्चा है कि वे उनकी अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाए।

जेवर के ठाकुरों ने अपने क्षेत्र के रबूपुरा निवासी ठाकुर धीरेंद्र सिंह को तन-मन-धन से साथ देकर उत्तरप्रदेश विधानसभा भेजा था। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि 24 अक्टूबर 2017 को रेल मंत्री को दादरी के रेलवे स्टेशन का नाम सम्राट मिहिरभोज परिहार के नाम के आगे गुर्जर लिखने का पत्र भेजा गया था। जब इसकी भनक क्षेत्र के ठाकुरों को लगी तो उनमें रोष व्याप्त हो गया। खुलकर तो किसी ने इस मुद्दे को नहीं उठाया, लेकिन भीतरी तौर पर ठाकुरों में विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह के प्रति विरोध हो गया। क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य को देखकर यह कहा जा सकता है कि विधायक ने ठाकुरों को नाराज करके अपना राजनीतिक नुकसान किया है। इस चुनाव में ठाकुरों का समर्थन लेने को भले ही धीरेंद्र सिंह आश्वस्त हों, लेकिन यह चुनाव के बाद आने वाले नतीजों से पता चल पाएगा कि वे अपने लोगों का कितना विश्वास जीत पाए। ग्राउंड जीरो की रिपोर्ट से पता चलता है कि अब से पहले तो ठाकुर भीतरी तौर पर नाराज रहे हैं, लेकिन अब अपनी नाराजगी को मतदान में जाहिर करेंगे।

लोगों का कहना है कि जब दादरी में सम्राट मिहिरभोज परिहार की प्रतिमा के अनावरण पर गुर्जर लिखने पर भारी विवाद हुआ था।

## दादरी रेलवे स्टेशन का नाम बदलने से समेत कई मुद्दों पर जनता है नाराज

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से लाईव केवल एमेजॉन प्राइम वीडियो पर देखिये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे पसंदीदा एंटरटेनमेंट हबए एमेजॉन प्राइम वीडियो भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक क्रिकेट सीरीज लाइव एवं एक्सक्लुसिव दिखा रहा है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड में जॉन डेवीज ओवल, क्वींसटाऊन में पांच ओडीआई की सीरीज में न्यूजीलैंड की महिला टीम का मुकाबला करेगी। केवल प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाले ये ओडीआई मैच 12 फरवरी से शुरू होकर 24 फरवरी तक चलेंगे।

सीरीज का एकमात्र टी20 इंटरनेशनल नौ फरवरी को खेला गया। प्राइम वीडियो ने न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड से नवंबर 2020 में एक्सक्लुसिव लाइव क्रिकेट राइट्स प्राप्त किए थे। इस बहुवर्षीय गठबंधन के तहतए न्यूजीलैंड में खेले जाने वाले सभी फॉर्मेट्स के अंतर्राष्ट्रीय पुरुष और महिला क्रिकेट मैच केवल प्राईम वीडियो इंडिया पर उपलब्ध होंगे। क्रिकेट का उत्साह बनाए रखते हुए प्राइम वीडियो ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा खेले गए क्रिकेट के आकर्षक ब्रांड का प्रदर्शन करने के लिए एक इंटीग्रेटेड कैम्पेन प्रस्तुत किया।




चैतन्य दीवान, प्रमुख प्राइम वीडियो चैनल्स एवं स्पोर्ट्स, एमेजॉन प्राइम वीडियो इंडियाए ने कहा हमें इस साल अपनी सेवा में लाइव क्रिकेट की शुरुआत के लिए बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। हम अपने ग्राहकों को हर नई क्रिकेट सीरीज के साथ दिलचस्प व रोचक अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, वूमैन इन ब्लू हर टूर्नामेंट के साथ ज्यादा मजबूत हुई हैं और मुझे विश्वास है कि हममें से हर कोई उनके साथ होगा जब वो व्हाइट फर्न्स के होम ग्राउंड में उनका मुकाबला करेंगी। महिला क्रिकेट न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में तेजी से लोकप्रिय हुआ हैए और हम अपने दर्शकों के लिए दो बेहतरीन टीमों की जबरदस्त टक्कर प्राईम वीडियो पर लाईव और एक्सक्लुसिव दिखाने के लिए उत्साहित हैं।

व्हाइट फर्न्स की कप्तान, सोफी डेविन ने कहा, भारत के खिलाफ खेल हमेशा बहुत रोमांचक होता है। वो कड़े प्रतिद्वंदी हैं और उनके पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। हम न्यूजीलैंड में उनका सामना करने के लिए उत्सुक हैं। हमें उम्मीद है कि दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर होगी। मैं इस बात के लिए उत्साहित हूँ कि भारत के क्रिकेट फैन न्यूजीलैंड में खेले जा रहे मैच को लाईव देख सकेंगे।

# डेढ़ महीने में बन जाएगी पूरे शहर की सड़क : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व विधायक नरेंद्र गुप्ता ने ओल्ड फरीदाबाद वार्ड नंबर 29 शिव मंदिर रोड से सरपंच डेयरी तक 71 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। 16 फुट की इस रोड के दोनों तरफ इंटरलॉकिंग टाइल भी लगाई जाएगी।

केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद बहुत पुराना और ऐतिहासिक शहर है। यहां पर बिजली, पानी, सीवर और सड़कें इन सब की समस्या दशकों से थी। अब हमारी सरकार इन सभी समस्याओं का समाधान कर रही है। पानी और सीवर की नई लाइन डाली गई है और अब फरीदाबाद में ज्यादा से ज्यादा सड़कें बनाई जा रही हैं। हमने जड़ से ही बिजली, पानी, सीवर और सड़क सभी समस्याओं का समाधान लगभग कर ही दिया है और आज आप फरीदाबाद की किसी भी सड़क पर जाएंगे आपको सब जगह काम चलता हुआ नजर आ जाएगा जनता को अभी तो थोड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है लेकिन जल्द ही उनको फरीदाबाद में अच्छी सड़कें मिलेंगे। अगले डेढ़ से दो महीने में फरीदाबाद की तमाम सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शिता में सभी कामों को विधिवत तरीके से किया जा रहा है और अभी जो बजट पास हुआ है उस बजट को लेकर सभी वर्ग के लोगों ने


वार्ड नंबर 29 में सड़क के कार्य का शिलान्यास करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विधायक नरेन्द्र गुप्ता और अन्य।

प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की है। देश की तरक्की के लिए हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी और मोदी के नेतृत्व में देश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। शहर के साथ-साथ पूरे देश का विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन पुलवामा में हमारे जो भी सैनिक शहीद हुए हैं उनके लिए आज पूरा देश श्रद्धांजलि दे रहा है। आज हम सुरक्षित हैं तो सैनिकों की वजह से सैनिकों के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। देश के सैनिकों पर पूरे देश को गर्व है और उन्के लिए हमेशा ही सबके मन में सम्मान रहेगा और उन्होंने जो देश के लिए कुर्बानी दी है उनकी शहादत को हम सलाम करते हैं। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता, पार्षद विनोद भाटी, पार्षद सुरेंद्र दत्ता, पार्षद छत्रपाल, प्रवेश मेहता, संजू चपराना, विकास शुक्ला, राकेश, नंदराम शर्मा, बलराज नगर, विनोद अग्रवाल, अरुण शर्मा, हरी किशन चौहान, महेश चंद रिटायर्ड जेडटीओ आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मिलावट के धंधे पर चोट करने को किया व्यापारियों को जागरूक

### शहर के व्यापारियों और उनके संगठन के सदस्यों को किया निर्माण, भंडारण रिटेल और होलसेल के बारे में जागरूक

कविता। फरीदाबाद


खाद्य सुरक्षा को लेकर जागरूक करते पृथ्वी सिंह, साथ में डॉ. विनय गुप्ता, गगनदीप सिंह, डीके शर्मा, डॉ. राजेश, डॉ. गजराज व अन्य। वर्कशॉप का उद्घाटन करते हरियाणा एफडीए के ज्वॉइंट डायरेक्टर गगनदीप सिंह संग ज्वॉइंट कमिश्नर डीके शर्मा और सीनियर ड्रग कंट्रोलर ।

**अब** फूड सेफ्टी लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया काफी आसान हो चुकी है। बीके अस्पताल के आयुष विभाग के कॉन्फेंस सेंटर में चल रही खाद्य सुरक्षा वर्कशॉप में शामिल हुए व्यापारी संगठन के सदस्यों को जागरूक के दौरान खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण अधिकारी पृथ्वी सिंह ने यह जानकारी दी।

वर्कशॉप का उद्घाटन हरियाणा एफडीए ज्वॉइंट डायरेक्टर गगनदीप सिंह ने किया। मौके पर एफडीए हरियाणा के ज्वॉइंट कमिश्नर डीके शर्मा, सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, सिनियर ड्रग कंट्रोलर राकेश दहिया, खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण अधिकारी पृथ्वी सिंह, ड्रग कंट्रोलर पूजा चौधरी, ड्रग कंट्रोलर संदीप गहलान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सचिन शर्मा, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. राजेश श्योकंद डॉ. गजराज मौजदू थे। वर्कशॉप में एफएसएसआई की एक्सपर्ट डॉ. पराजिता व डॉ. विजेता ने विशेषज्ञ के तौर पर सभी व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जागरूक किया। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा सभी प्रकार के खाद्य सामग्री कारोबारियों को एक वर्कशॉप में जागरूक किया। जिसमें बताया कि वे खुद को गुणवत्ता, शुद्धता व स्वचछता की कसौटी पर कितना खरा उतर सकते हैं। व्यापारियों को बताया कि कैसे खाद्य पदार्थो को मिलावट से बचाया जा सकता है।

### तकनीकी अधिकारी ने किया जागरूक

**टैक्लीकल** ऑफिसर सोहेल खान ने बाजार से लिए गए नमूनों की मौके पर जांच करके बताया। टोटल पोल कम्पाउंडस जो कैंसर पैदा करने वाली खाद्य पदार्थों के बारे में बताया। समझाया कि ज्यादा फ्राइ करने के बाद खाद्य पदार्थ कैंसर जैसी भयानक बीमारियों को बढ़ावा देते हैं। बार-बार फ्राइ न करके लोगों को कैंसर जैसी भयानक बीमारियों से बचाए।

**डीएआरटी जांच:** पृथ्वी सिंह ने बताया कि 31 मार्च से पहले दो और वर्कशॉप लगाई जाएगी। जिसमें लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन कराने के लिए भी बताया जाएगा। अब प्रदेशभर में फूड सेफ्टी लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आसान हो गई है। इसी के साथ डीएआरटी जांच के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। ताकि लोग ऑनलाइन देखकर अपने खाद्य पदार्थों में की गई मिलाटव का स्वयं पता लगा सके।

# बर्तन की आड़ में महिला बेच रही थी गांजा

### पश्चिम बंगाल की रहने वाली है आरोपी महिला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार महिला।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना सेक्टर 31 प्रभारी बलवंत सिंह की टीम ने अवैध गांजा तस्करी एक महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार की गई आरोपित महिला का नाम आसमा खातून है जो पश्चिम बंगाल की रहने वाली है और फिलहाल एतमादपुर पुल के पास मिट्टी के बर्तन बेचने का काम करती हैं। पुलिस टीम एरिया में गश्त कर रही थी कि गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपित महिला मिट्टी के बर्तन बेचने की आड़ में गांजा तस्करी का काम करती है। यदि तुरंत रेड की जाए तो महिला को अवैध गांजे सहित काबू किया जा सकता है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंची और महिला को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे 495 ग्राम गांजा बरामद किया गया। महिला से जब गांजा बेचने का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी जिसके पश्चात उसे हिरासत में लेकर थाने लाया गया जहां उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि वह जल्दी पैसा कमाने के लालच में आकर वह अवैध गांजा तस्करी का काम करती थी। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपित महिला के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# एमसीएफ वॉटर सप्लाई कर्मचारी यूनियन का चुनाव



**फरीदाबाद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई नगर निगम वाटर सप्लाई कर्मचारी यूनियन का चुनाव सोमवार को नगर निगम सभागार के प्रांगण में, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, राज्य उप महासचिव सचिव सुनील चिंडालिया, उप प्रधान कमला की देख रेख और संघ के जिला सचिव नानक चंद खेरालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांडिया, वरिष्ठ नेता दलीप बोहत, सीवर मैन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया, बेलदार यूनियन के प्रधान शहाबुद्दीन, इलेक्ट्रिशियन यूनियन के प्रधान मनोज कुमार की उपस्थिति में हुआ। सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर व वाटर सप्लाई यूनियन के पूर्व प्रधान महेश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सर्वसम्मति से हुए चुनाव में देवीचरण को प्रधान, रामरतन को सचिव और महेश शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना। राधा कृष्ण को वरिष्ठ उपप्रधान, महिपाल कुंडू, पूर्ण, मुकेश शर्मा को उपप्रधान, हरेंद्र व वेद प्रकाश को ऑडिटर, शशि प्रकाश, राम प्रकाश, सह सचिव, मुकेश त्यागी व नंदकिशोर को प्रचार सचिव, राकेश को प्रेस सचिव, महिपाल, विक्रम को मुख्य सलाहकार तथा जैनेंद्र को सलाहकार व तुलाराम, विक्रम आदि को कार्यकारिणी का मेंबर चुना गया।

# आठ महीने से फरार चल रहे दो हत्या आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक अर्जुन और गौरव।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने 8 महीने पहले के हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अर्जुन पहलवान और गौरव का नाम शामिल हैं। दोनों आरोपी पुलिस थाना खेड़ीपुल एरिया के रहने वाले हैं। पुलिस द्वारा इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में तीन आरोपी अभी फरार चल रहे हैं जिन्हें पुलिस द्वारा जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। मामला कुछ इस प्रकार है कि आरोपियों द्वारा छह जून 2021 को इंदिरा कॉलोनी के रहने वाले विक्की नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। पुलिस थाना खेड़ी पुल में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। वारदात के मात्र दो दिन के अंदर पुलिस द्वारा इस मामले में पांच आरोपियों सुमित, मोनू, मोहित, अक्षय उर्फ लालू और रमन को गिरफ्तार कर लिया गया।

आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने रविवार को इस मामले में आठ महीने से फरार चल रहे आरोपी अर्जुन और गौरव को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर सेक्टर 17 बाईपास रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि आरोपी सुमित तथा मोनू इस वारदात के मुख्य आरोपी हैं।

आरोपी सुमित और मोनू नहरपार एरिया में शराब बेचने का काम करते थे उसी दौरान विक्की ने भी उस एरिया में शराब बेचना शुरू कर दिया जिसकी वजह से दोनों पक्षों के बीच में झगड़ा हो गया और एक दिन आरोपी सुमित ने अपने 9 अन्य साथियों के साथ मिलकर पीट-पीटकर विक्की की हत्या कर दी थी। पुलिस द्वारा पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेजा जाएगा तथा इस मामले में फरार चल रहे तीन अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

# रुपये न देने पर रेहड़ी वालों से की मारपीट

**फरीदाबाद।** नेशनल हाइवे स्थित शहर की सब्जी मंडी में दुकान के सामने रेहड़ी लगाने के रुपये न देने पर रेहड़ी संचालक से मारपीट की गई। बचाव में आए उसके भाई पर भी दुकान मालिक व भाइयों ने हमला किया। दोनों घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया।

आदर्श नगर थाना पुलिस के अनुसार शहर वासी कल्लू ने बताया कि उसका एक भाई शहर की सब्जी मंडी में रेहड़ी लगाता है। जबकि दूसरा भाई भी वहीं पर रेहड़ी लगाता है। रविवार को उसके भाई ने एक दुकान के सामने रेहड़ी लगा ली थी। आरोप है कि तभी दुकान का मालिक आया और उससे 200 रुपये मांगने लगा। दुकानदार ने उससे कहा कि अगर रेहड़ी लगानी है, तो 200 रुपये प्रतिदिन देने होंगे। इस बात पर दोनों के बीच बहसबाजी हो गई। आरोप है कि तभी दुकानदार ने अपने भाई व बेटों को बुलाकर कल्लू के भाई के साथ मारपीट कर दी। बचाव में आए उसके दूसरे भाई पर भी हमला किया।

# भयानक हादसे के बाद पुलिस ने बचाई घायल की जान

### बिजली के खम्भे के नीचे दबी कार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीती** रात एक बड़ी सड़क दुर्घटना घटित हो गई। जिसमें यदि पुलिस कारवाई न करती तो शायद एक वाहन चालक अपनी जिंदगी से हाथ धो बैठता। देर रात फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर हुए भयानक एक्सीडेंट में पुलिस टीम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई और बुद्धिमता की बदौलत गाड़ी चालक की जान बचाई जा सकी।

पुलिस प्रवक्त सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रात करीब 10 बजे एक सियाज गाड़ी गुरुग्राम से फरीदाबाद की तरफ से आ रही थी जिसे सेक्टर 21 का रहने वाला करण नाम का व्यक्ति चला रहा था। ड्राइवर ने शराब पी रखी थी। गाड़ी ने जैसे ही टोल नाका क्रॉस किया तो चालक ने अपना संतुलन खो दिया और गाड़ी सड़क से नीचे उतर गई और पहाड़ियों से होकर


बिजली के पोल के नीचे दबी कार।

गुजर रही 11000 वोल्ट की हाई ट्रांसमिशन लाइन के खंभे से टकरा गई और टकराने के बाद खाई की तरफ लटक गई। टक्कर की वजह से तारों सहित खंबा गाड़ी के ऊपर आ गिरा जिसकी वजह से गाड़ी पूरी तरह से तारों के बीच में उलझ गई।

पुलिस चौकी मांगर प्रभारी रामकिशन को जैसे ही इसके बारे में सूचना मिली तो वह हवलदार महावीर और सिपाही रविंद्र को लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए बिजली विभाग में फोन करके उन्हें सूचित करते हुए लाइन का कनेक्शन कटवा दिया। बिजली बंद कराने के पश्चात चौकी प्रभारी ने ड्राइवर को गाड़ी से बाहर निकालना चाहा परंतु गाड़ी तारों के बीच में फस चुकी थी। इसके पश्चात कई देर की कड़ी मेहनत और वहां पर मौजूद लोगों की सहायता से गाड़ी चालक को बाहर निकाला गया। चालक के हाथ पैर में काफी चोट लगी हुई थी और खून भी बह रहा था। चालक की गंभीर हालत को देखते हुए एसआई रामकिशन ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाने का निश्चय किया और स्ट्रेचर मंगवाकर चालक को उसके ऊपर लेटाया और उसे तुरंत एशियन हॉस्पिटल के लिए रवाना कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर चालक को उपचार दिया गया इसके पश्चात चालक की हालत में सुधार हुआ। डॉक्टर ने बताया कि चालक की हालत बहुत ज्यादा गंभीर थी और यदि उसे लाने में ओर अधिक देरी हो जाती तो उसकी जान भी जा सकती थी परंतु पुलिस की तत्परता और सूझबूझ ने उसे एक नई जिंदगी दिलवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

# महा-स्वच्छता अभियान में हजारों किलोग्राम प्लास्टिक एकत्रित

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि सरकार के हिदायतों के अनुसार संत गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में 13 फरवरी से जिला भर में महा-स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत सोमवार को भी जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें नालियों की साफ-सफाई की गई: प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित करके उसको ठोस कचरा प्रबधंन यूनिटों में रखा गया।

उल्लेखनीय है कि बिजली एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार कृष्णपाल गुर्जर द्वारा गत रविवार को ग्राम पंचायत दयालपुर से की गई थी। मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गये थे कि गांवो में पूर्णत: साफ सफाई की जाए। जिसका असर दिखाई भी देने लगा है। सोमवार को जिले की ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाकर लगभग 1000 किलो प्लास्टिक एकत्रित की गई। इसके साथ साथ दयालपुर गांव मे नालियों की साफ-सफाई का कार्य शुरु किया गया।

# स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू की जयंती मनाई


एनएच तीन के सरकारी स्कूल में स्वतंत्रा सेनानी सरोजिनी नायडू की जंयती पर आयोजित कार्यक्रम में कविता पाठ करती छात्राएं।

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एनआईटी तीन फरीदाबाद स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को नमन करते हुए कविता पाठ और ड्रामा द्वारा उन के द्वारा स्वतंत्रता के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान को स्मरण किया।

प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि भारत में 13 फरवरी राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी व कवयित्री सरोजिनी नायडू का जन्म हुआ था। उन्हें अपनी कविताओं के कारण भारत कोकिला के रूप में भी जाना जाता है। सरोजिनी नायडू ने देश की स्वतंत्रता के लिए भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी।उन्होंने 12 वर्ष की छोटी सी आयु में ही कविताएं लिखनी शुरू कर दी थी। वे न एक स्वतंत्रता सेनानी थीं अपितु उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए भी बहुत संघर्ष किया था। उन्हें भारत की पहली महिला राज्यपाल होने का भी गौरव प्राप्त है।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम चुनावों पर की चर्चा



**फरीदाबाद।** राजा नाहर सिंह के प्रपौत्र सुनील तेवतिया ने सोमवार को ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला से सिरसा में मुलाकात कर जिले के हालात व नगर निगम चुनावों पर चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान अभय सिंह चौटाला ने सुनील तेवतिया से कहा कि वह आमजन को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करते हुए संगठन की मजबूती पर ध्यान दें। युवाओं को अधिक से अधिक अपने साथ जोड़ें और उनको देश के उप प्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की ओर से किए गए विकास कार्यों और उनकी नीतियों से अवगत कराएं। प्रदेश में दी जा रही वृद्धावस्था पेंशन चौधरी देवीलाल की ही देन है। मजदूरों का मिनिमम वेज बनाने का श्रेय भी देवीलाल को ही जाता है। ओमप्रकाश चौटाला के राज में हर व्यक्ति खुश था। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के लिए रोजगार की कोई योजना नहीं है। आईएलएलडी की सरकार बनने पर हर व्यक्ति को उसका हक मिलेगा। सुनील तेवतिया ने विधायक अभय सिंह चौटाला को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए बुका भेंट किया।

### एसीसी ने आईआईटीएमएस को एक रन से हराया

**फरीदाबाद।** 17वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग का फाइनल मैच में एसीसी क्रिकेट क्लब ने आईआईटीएमएस को 1 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। रविंद्र फागना स्पोर्ट्स प्रोमोशन क्लब के प्रेसिडेंट सतीश फागना ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि यह मैच 20-20 ओवर का था। ये मैच एसीसी क्रिकेट क्लब ने आईआईटीएमएस के साथ खेला गया। आईआईटीएमएस ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया और एसीसी क्रिकेट क्लब टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाए टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए नमन शर्मा ने 86 रन, मिरणाल सैनी ने 35 रन, विक्रम धारीवाल ने 13 रन बनाए। आईआईटीएमएस की ओर से गेंदबाजी करते हुए सावन कुमार ने दो विकेट, हर्ष और अंकित ने एक-एक विकेट ली और लक्ष्य का पीछा करते हुए आईआईटीएमएस की टीम ने 19.3 ओवर में 10 विकेट पर 144 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। दीपांश ने 31 रन, अंकित भड़ाना ने 26 रन, राहुल ने 24 रन, नकुल ने 18 रन बनाए। एसीसी क्रिकेट क्लब के गेंदबाज गौरव सिंह और संजीव शर्मा ने तीन-तीन विकेट ली। पंकज ने एक विकेट ली। मैन ऑफ दा मैच नमन शर्मा को दिया गया।

### सूरदार जयंती के मौके पर निकाली झांकी

**फरीदाबाद।** मवई गांव में सोमवार को बाबा सूरदास जयंती मनाई गई। इस दौरान सुबह में बाबा सूरदास व राजा कृष्ण की झांकी निकाली गई। इसमें तिलपत, पल्ला, एतामदपुर, लालपुर, वजीरपुर, पलवली, बादशाह पुर, टिकावली आदि गांवों के श्रद्धालु भाग लिए। बैंड-बाजों के साथ सुसज्जित झांकी मवई स्थित श्री राधा बल्लभ मंदिर से नहर पार रोड होते हुए गांव में वापस पहुंची। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिभाव में डूबा रहा। लोगों ने इसका पूरे जोश के साथ स्वागत किया। इस दौरान बाबा के जयकारे लगाए जा रहे थे। झांकी में मौजूद चिरंजी लाल, चमन लाल, महेंद्र शर्मा आदि ने बताया कि बाबा सूरदास की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार सुबह से सोमवार सुबह तक गांव में भजन-कीर्तन का आयोजन किया। इस दौरान नोएडा, सोनीपत आदि क्षेत्रों में जहां-जहां बाबा के मंदिर स्थापित हैं, वहां के भक्त शामिल हुए। उन्होंने कीर्तन का बाबा का गुणगान किया। इसके बाद सुबह बैंड बाजों, पालकी आदि से सुसज्तित झांकी निकाली गई। इसमें बाबा के साथ राजा कृष्ण को दर्शाया गया। झांकी जिधर से गुजर रही थी, लोग वहां गर्मजोशी से स्वागत कर रहे थे। मवई समेत आसपास के सभी गांव भक्तिमय रहा। झांकी के बाद भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान राजेंद्र शर्मा, रामवीर नंबरदार, राज किशन समेत छह से अधिक गांवों के श्रद्धालू मौजूद रहे।

### विक्टोरा ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि


पुलवामा में हमले के दौरान हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते विक्टोरा टूल कंपनी के कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 58 पार्क में विक्टोरा टूल कंपनी के प्रबंध निदेशक एसएस बांगा की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में कंपनी और विभिन्न उद्योगपतियों ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस पार्क में पुलवामा शहीदों की याद में पौधा लगाया गया है। जो बड़े हो गए हैं। ये पौधे शहीदों की याद दिलाते हैं। समाजसेवी पर्यावरणविद उद्योगपति एसएस बांगा ने पुलवामा आतंकी हमले में बलिदान हुए मां भारती के अमर वीर सपूतों को शत-शत नमन करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान समाज पर ऋण है। वे हमेशा हम सभी को प्रेरित करते रहेंगे। फरीदाबाद सेक्टर 58 का यह पार्क शहीदी पार्क के रूप में जाना जाता है। जिले में यह एकलौता पार्क है, जो देश के लिए शहीद हुए वीर जवानों की याद को समर्पित है। पुलवामा शहीदों की याद में पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को याद किया। इस पार्क में सीडीएस जनरल रावत की याद में भी पौधारोपण किया गया था।

### कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**फरीदाबाद।** समग्र शिक्षा फरीदाबाद के तत्वावधान में कौशल प्रशिक्षण जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्कूल ड्रॉपआउट और युवाओं के मध्यम स्तर की कुशल मैन पावर उपलब्धता हेतु एक कुशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्किल हब इनिशिएटिव के तहत राज्य के 150 विद्यालयों में उत्कृष्टता केंद्र को एक विशेष विद्यालय के तौर पर चुना गया है। विद्यालय की प्राचार्य हरजीत आहूजा के मार्गदर्शन में इस विशेष प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का उद्देश्य स्कूल ड्रॉपआउटस और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना था ताकि उन्हें रोजगार के विभिन्न अवसर प्राप्त हो सके। हरजीत आहूजा ने सभी प्रतिभागियों को परिश्रम के साथ इस प्रशिक्षण शिविर में सीखने की महत्ता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त इस कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा एक शिक्षा तंत्र को विकसित किया जाएगा। इन युवाओं का नामांकन एनएसडीसी पोर्टल पर होगा। इन सभी युवाओं का एक बैंक अकाउंट खुलवाया जाएगा। राज्य स्तर पर दिए गए दिशा-निर्देशों द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाएगा।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मेगा सफाई अभियान की समीक्षा

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव ने प्रदेश सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार संत गुरू रविदास जयंती के उपलक्ष्य में 13 फरवरी से 20 फरवरी तक मेगा स्वच्छता अभियान चलाये जाने को लेकर वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आज सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मीटिंग ली तथा 13 फरवरी को किए गये कार्यो की समीक्षा की। निगमायुक्त ने वीडियों कान्फ्रेसिंग में अतिरिक्त निगमायुक्त, संयुक्त आयुक्त एनआईटी, बल्लबगढ़, मुख्य अभियन्ता-1 और 2 (बागवानी), अधीक्षण अभियन्ता-1 और 2 तथा स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगणों को 13 फरवरी से 20 फरवरी तक चलने वाले मेगा सफाई अभियान में और तेजी लाने और सफाई अभियान को पूरी तरह से सफल बनाने के निर्देश दिए तथा उन्होंने हर वार्डों में खत्तों, नाले-नालियों, रोड वर्म्स, पार्को व सड़कों की सफाई की व्यवस्था को पूरी तरह से दुरूस्त करने तथा इसके अतिरिक्त निगम क्षेत्र में जो नये गांव सम्मिलित हुए हैं उन गांवों में भी मेगा स्वच्छता अभियान को पूरी तरह से सफल बनाने के निर्देश दिए।

## पैसे की ताकत

### आईपीएल का दायित्व

**समय** आ गया है कि आईपीएल अपने पैसे से भावी पीढ़ियों का पोषण करे। 2022 में इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल की मेगा नीलामी में चकाचौंध, ग्लैमर और पूंजी का खेल दिखा। वार्षिक बजट के बाद दस टीमें अधिकतम 90 करोड़ की सीमा के साथ नव वर्ष के दूसरे सबसे बड़े पैसे के खेल में सामने आईं। कुल 600 खिलाड़ियों की नीलामी के लिए प्रस्तुत थे जिनमें से 229 की बिक्री हुई। बाकी 364 की नीलामी अभी नहीं हुई और उनका चयन कोई भी टीम कर सकती है। पेसर अवीष खान ने 10 करोड़ में चयन कर आईपीएल में इतिहास रचा। चार अन्य खिलाड़ियों की बिक्री 33 करोड़ में हुई। सभी महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की नीलामी के बाद अब खिलाड़ियों व पैसे का समीकरण इस प्रकार है कि सात खिलाड़ियों को 10 करोड़ से ऊपर की श्रेणी में 83 करोड़ मिले। 28 खिलाड़ी 212.5 करोड़ में बिके जिनमें अधिकतम मूल्य 5 करोड़ था। दोनों समूहों के बीच 35 खिलाड़ियों की कीमत 305.5 करोड़ रही। खेलों के लिए केन्द्रीय बजट के आबंटन में भी लगभग 305.58 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। आईपीएल का नीलामी बजट ही 900 करोड़ रुपये है जो पूरे खेल मंत्रालय के वार्षिक बजट 3062.6 करोड़ के एक तिहाई से थोड़ा कम है। आईपीएल युवा क्रिकेटर ईशान कृष्ण को महत्वपूर्ण स्थान देता है जिनको नीलामी में अधिकतम धनराशि 15.25 करोड़ रुपये मिले।





बर्मिंघम कामनवेल्थ खेलों तथा इस वर्ष होने वाले हांगझाऊ एशियन खेलों की तैयारी के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा खेलों के बजट में 305.58 करोड़ रुपये की वृद्धि की घोषणा पर संसद सदस्यों ने मेजें थपथपाईं। इस प्रकार एक और एक क्रिकेटर तथा दूसरी ओर दो अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के बीच पैसे का यह अंतर साफ दिखता है। इसका अर्थ केवल क्रिकेट में आने वाले अत्यधिक पैसे से नहीं है। इसका अर्थ केवल बड़े क्रिकेट खिलाड़ियों को मिलने वाला पैसे से है। 2007 में आईपीएल का विचार आने के बाद से खेल पैसा बनाने वाली मशीन में बदल गए हैं जो इनमें शामिल होने वालों को करोड़पति बना देते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि देश में क्रिकेट की ढांचागत संरचना की प्रगति हो रही है। आज भी भविष्य के यशस्वी जायसवाल मुंबई या दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों के भीड़ भरे मैदानों में प्रैक्टिस कर रहे होंगे जहां उनके पैरों में स्नीकर या उनके सिर पर छत नहीं होगी। क्रिकेट में कार्पोरेट की सहभागिता से सफल क्रिकेटरों की शानोशौकत वाली जीवनशैली तो सामने आती है, पर इससे उभरते खिलाड़ियों के लिए मूलभूत ढांचागत सुविधायें नहीं तैयार होती हैं। युवा खिलाड़ियों के पास इंग्लिश प्रीमियर लीग, ला लीगा, एनबीए या एनएफएल क्लबों की तरह संस्थाबद्ध कार्यक्रम नहीं होते हैं और भावी पीढ़ियों के लिए कोई निवेश नहीं होता है। भर्ती होने के बाद 9 से 16 साल के बीच स्कूली छात्रों की प्रगति स्कालरशिप से लेकर पेशेवर अनुबंधों तक सीमित होती है। यदि वे इसमें विफल होते हैं तो उनको फिटनेस, पोषण, वीडियो विश्लेषण, कोचिंग या मार्केटिंग जैसे संबंधित पेशों में जाना होता है। अब समय आ गया है कि आईपीएल निवेश करे।

# कांग्रेस में आंतरिक गुटबाजी

**अनेक सालों में पहली बार पंजाब में द्वि–दलीय राजनीतिक व्यवस्था ने बहुदलीय गठबंधनों को स्थान दिया है। पंजाब के चुनाव ने बहुदलीय तथा बहुदलीय गठबंधनों के लिए अनेक संभावनायें पैदा की हैं।**



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक दि पायनियर चडीगढ़ के स्थानीय संपादक हैं)



सतही तौर से देखने पर पंजाब के चुनाव ने बहुदलीय तथा बहुदलीय गठबंधनों के लिए अनेक संभावनायें पैदा की हैं। इस प्रकार यह ऐसे राज्य में व्यापक परिवर्तन है जो चौथाई शताब्दी से अधिक समय से द्वि–दलीय व्यवस्था के लिए जाना जाता था। इस परिदृश्य में यदि संख्याबल कम हो तो प्रत्येक पार्टी के लिए चुनाव–पश्चात अनेक चुनावी संभावनायें पैदा होती हैं। कांग्रेस अकेली ऐसी पार्टी है जो चुनाव में किसी के साथ बिना किसी प्रत्यक्ष या परोक्ष गठबंधन के मैदान में उतर रही है। इस प्रकार स्पष्ट है कि या तो कांग्रेस 59 सीटों का आंकड़ा प्राप्त कर अकेले सरकार बनाए या यदि यह संख्या कम होती है तो विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रहे क्योंकि उसका कोई चुनाव–पूर्व गठबंधन नहीं है और उसकी चुनाव–पश्चात गठबंधन की संभावना भी नहीं है।

चरणजीत सिंह चन्नी को पार्टी का भावी मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किए जाने के बाद कार्यकर्ताओं ने निश्चित रूप से राहत की सांस ली है जो पार्टी में उच्च पदों के लिए मची उठापटक और आंतरिक लड़ाई से दु:खी हो गए थे। चन्नी को कांग्रेस ने 2021 की अंतिम तिमाही में खोजा तथा उनको अमरिंदर सिंह कैबिनेट से निकाल कर तेजी से उभर रही आम आदमी पार्टी का असर निष्प्रभावी करने के लिए मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनाया गया। चन्नी की कार्यशैली अमरिंदर के एकदम उलट है जो पंजाब के लोगों की लगातार अनदेखी कर रहे थे। पटियाला के शाही परिवार से आने वाले अमरिंदर जनता से पूरी तरह कटे हुए थे और मुख्यमंत्री के अपने दूसरे कार्यकाल में वे स्वयं को दैवी अधिकार प्राप्त शासक समझ रहे थे। दूसरी ओर चन्नी सभी उचित संकेत देते हुए जनता के निकट जा रहे थे तथा आम आदमी की पसंद से काम कर रहे थे।

उनको पंजाब में भांगड़ा की धुन पर नाचते, बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते, सड़क के किनारे ढाबे पर चाय पीते, सरसों के खेत में खाट पर बैठे या ऐसे काम करते देखा जा सकता था जो हम आप करते हैं। तीसरे खिलाड़ी नवजोत सिंह सिद्धू बड़बोले, स्वयं को अत्यधिक योग्य समझने तथा 'यह सही है क्योंकि मैंने ऐसा कहा था' दृष्टिकोण पर चलने वाले हैं।

बिना बाधाओं के होने वाले सहज चुनाव में कांग्रेस आलाकमान ने सुनिश्चित किया कि चुनाव के पहले कई सप्ताह तक भीतरी टकराव जारी रहा और इस प्रक्रिया में उसकी संभावनायें कमजोर हुईं। जहां तक कांग्रेस को बनाने का सवाल है, अमरिंदर सिंह को हटाने का फैसला साहसी था, लेकिन इसके बाद अनेक लचर फैसले किए गए। सिद्धू ने वाम, मध्य व दक्षिण के सभी लोगों पर हमले बोले, फिर चाहे वे उनके पार्टी के सहयोगी रहे हों, भूतपूर्व सहयोगी या केन्द्रीय नेता। इसके अलावा सुनील जाखड़ ने रातोंरात स्वयं को एक हिंदू नेता तथा यहां तक कि मुख्यमंत्री उम्मीदवार के रूप में पेश किया। एक समय जाखड़ ने सोचा कि पंजाब के मुख्यमंत्री बन सकते हैं, हालांकि पिछले सालों में उनकी चुनावी संभावनायें लगातार कमजोर हुई हैं। इसके बाद उन्होंने पार्टी छोड़ने की धमकी दी, फिर अपना विचार बदला और अंतत: चुनावी राजनीति छोड़ने का फैसला किया।

स्पष्ट रूप से पंजाब में अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केवल कांग्रेस में ही सभी प्रकार के विपरीत विचारों को सहन करने की शक्ति है तथा केन्दीय नेतृत्व या राहुल गांधी द्वारा उनकी निजी या सार्वजनिक निंदा का कोई प्रयास भी नहीं होता है। इसलिए यदि कोई कांग्रेस को नुकसान पहुंचाना चाहे तो वह ऐसा करने में सफल होता है। इसके बारे में कोई अलग राय नहीं है। लेकिन पंजाब में जाने अनजाने एक दलित मुख्यमंत्री बना कर उसने जनता की सही नब्ज पहचानी है। इसे निश्चित रूप से एक माहिर दांव कहा जा सकता है। धर्म, उपजाति और डेरों के साथ जुड़ाव के कारण अलग–अलग मतदान प्रवृत्तियां हो सकती हैं, पर चन्नी ने समुदाय को पहचान की मजबूत भावना प्रदान की है। जिस राज्य में दलित संगीत तथा मजबूत दलित साहित्य–संस्कृति तथा पूजा के अलग स्थल हों, वहां समुदाय में उत्साह पैदा हुआ है। भले ही यह अवधारणा खुलेआम न दिखती हो, पर दोआबा तथा एक सीमा तक मालवा में एक अंडरकरेंट बनी है।

> **स्पष्ट रूप से पंजाब में अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केवल कांग्रेस में ही सभी प्रकार के विपरीत विचारों को सहन करने की शक्ति है तथा केन्दीय नेतृत्व या राहुल गांधी द्वारा उनकी निजी या सार्वजनिक निंदा का कोई प्रयास भी नहीं होता है। इसलिए यदि कोई कांग्रेस को नुकसान पहुंचाना चाहे तो वह ऐसा करने में सफल होता है।**

कोई आश्चर्य नहीं कि केन्द्रीय नेतृत्व ने चन्नी को दो निर्वाचन क्षेत्रों से यह बताने के लिए मैदान में उतारा है कि धरती का एक दलित पुत्र राजनीति में ऊपर उठा है और यहां बना रहेगा। राज्य में कांग्रेस का जमीनी संपर्क यदि धुर प्रतिद्वंद्वी शिरोमणि अकाली दल–शिअद से बेहतर नहीं तो उसके समान जरूर है। इस बार पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्ता समीकरणों को गंभीर चुनौती दे रही है। उसने समझ लिया है कि कांग्रेस और शिअद की पहुंच राज्य के हर पिंड या गांव तक है और उसे इन गांवों में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ेगा जहां लोग केवल कांग्रेस और शिअद को जानते हैं। लेकिन इसका ज्यादातर संबंध कांग्रेस या उसके संगठन के काम के बजाय परंपरागत रूप से द्वि–दलीय व्यवस्था में सत्ता के ढांचे का साझा है। शायद सभी क्षेत्रों में इसी उपस्थिति के कारण ही कांग्रेस विभाजन से बची है जो अमरिंदर सिंह के बाहर जाकर अपनी अलग पार्टी बनाने से प्रत्याशित था। इसी अंतर्निहित शक्ति के कारण यह सुनिश्चित हुआ कि कोई महत्वपूर्ण नेता अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस–पीएलसी में नहीं गया, जबकि एक समय अनुमान लगाया जा रहा था कि राजा पाटियाला के अलग होने पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं का एक बड़ा हिस्सा उनके साथ जा सकता है। वास्तव में पीएलसी को इस बात से गहरा धक्का लगा कि जिन नेताओं पर अमरिंदर का विश्वास था उन्होंने भी पालाबदल के बजाय कांग्रेस को बेहतर विकल्प माना।

पंजाब में कांग्रेस के लिए तीसरा महत्वपूर्ण बिंदु चन्नी का सही समय पर आना है जिसके कारण उसे अमरिंदर सिंह सरकार के खिलाफ भारी सत्ता–विरोधी लहर से मुक्ति मिली है। हालांकि, यह बहस का विषय है कि चन्नी सत्ता–विरोधी नुकसान को कहां तक कम करने में सफल हुए हैं, लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि पार्टी एक सीमा तक नुकसान बचाने में सफल हुई है। पिछले लगभग 50 साल से पंजाब में हर पांच साल पर सरकारें बदलती रही हैं, हालांकि 2012 इसका अपवाद है जब अकाली–भाजपा सरकार दूसरी बार सत्ता में आई थी। इस प्रकार हर पांच साल पर सत्ता–विरोधी लहर और नई सरकार आना पंजाब की जनता के मन में बस गया है। कांग्रेस ने अमरिंदर को हटा कर तथा चन्नी को मुख्यमंत्री बना कर इसमें परिवर्तन का प्रयास किया है। निश्चित रूप से केवल नतीजों से यह परिघटना समझने में सहायता मिलेगी, पर सतही तौर पर यह कारगर लगती है। पंजाब के इस चुनाव में पांच पार्टियां और गठबंधन स्वयं को 'गंभीर' मानते हैं। कांग्रेस के अलावा शिअद–बसपा और आप हैं। इनमें पीएलसी–भाजपा–शिअद संयुक्त गठबंधन तथा नवगठित पार्टी किसान संयुक्त समाज मोर्चा को भी शामिल किया जाना चाहिए।


निसंदेह पंजाब में कांटे की टक्कर है। यह स्थिति 2017 से एकदम अलग है जब कांग्रेस के पक्ष में लहर साफ दिख रही थी तथा शिअद–भाजपा के खिलाफ व्यापक सत्ता–विरोधी लहर थी। इस बार किसी पार्टी या गठबंधन के पक्ष में कोई लहर नहीं है। अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में गंभीर तिकोने या चौकोने मुकाबले हो रहे हैं तथा कुछ में तो पंचकोणीय मुकाबला है।

एक राजनीतिक विश्लेषक का मानना है कि ऐसा पंजाब में पहले कभी नहीं हुआ। ऐसे में जीत का फासला कम होगा। इससे कार्यकर्ता आधारित पार्टियों को लाभ मिलेगा जो अपने समर्थकों को मतदान स्थलों तक ले जाने में सफल होंगी।'

# पुलिस आधुनिकीकरण की अनिवार्यता

> **पुलिस को अपराध निवारक के रूप में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है।**

**सुधीर हिन्दवान**
(लेखक रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



हाल ही में, पुलिस और अर्ध–सैन्य बलों पर आतंकवादी हमलों में वृद्धि और महामारी के तनाव के बीच घुसपैठ के प्रयासों के बाद चौबीसों घंटे निगरानी बनाए रखने का दबाव बढ़ गया है।

बल को नवीनतम तकनीकों से लैस करने के लिए उच्च–शक्ति पुलिस प्रौद्योगिकी मिशन की ओर बढ़ने के लिए प्रधान मंत्री का संबोधन आतंकवादियों की हिंसा की योजनाओं को शुरू में ही नाकाम करने और पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए उल्लेखनीय चिंता दर्शाता है।

यह बहुस्तरीय सुरक्षा सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करेगा जो आतंकवाद से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपटेगा – आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण से, पुलिस सहयोग से, साइबर खतरों से निपटने से, तकनीकी नवाचारों को बढ़ाने के माध्यम से गोपनीयता और समुद्री सुरक्षा जानकारी के लिए सीमा को मजबूत करने से। –सभा व्यायाम। संचार क्षमताओं में सहयोग और समन्वय तथा किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा प्रबंधों का प्रबंधन उनके आह्वान का मुख्य उद्देश्य है।

इसके अलावा, व्याकुल मन के धार्मिक रूप से प्रेरित बैंड से संभावित खतरों को देखते हुए पुलिस का आधुनिकीकरण भी अनिवार्य है। प्रधान मंत्री ने पुलिसिंग का एक स्मार्ट तरीका और ड्रोन जैसी इंटरऑपरेबल और हस्तांतरणीय प्रौद्योगिकियों के उपयोग का आह्वान किया है जो जटिल सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए एक नया प्रवेश द्वार खोलेगा। भारत की सुरक्षा के लिए हाल की चुनौतियाँ एक महत्वपूर्ण तथ्य को प्रकाश में लाती हैं कि भारत को अपराधियों, नशीली दवाओं के तस्करों, नक्सलियों, तस्करों और आतंकवादियों



से सामना करने वाली चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीतियों में विविधता लाने की आवश्यकता है। इन वर्षों में भारत की पुलिस और सुधारों की आवश्यकता पर बहुत सारा साहित्य सामने आया है। बल को चुनौतीपूर्ण माहौल के अनुकूल बनाने और सुधारों पर पैनल द्वारा सुझाई गई सिफारिशों को कुशलतापूर्वक लागू करने में सक्षम बनाने के लिए नीतियां बनाई जा रही हैं। चूंकि आज खतरे अधिक गंभीर हैं और दुश्मन पहले से कहीं अधिक संगठित हैं, सुरक्षा और सुरक्षा की नई अवधारणाओं का पालन करने की आवश्यकता है। 1979 में राष्ट्रीय पुलिस आयोग ने पुलिस सुधारों के बारे में एक लंबी बहस की। इसने न्यायिक जांच प्रक्रियाओं में सुधार, राजनीतिक हस्तक्षेप को कम करने और पुलिस को अधिक मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया। इससे पहले विधि आयोग, राष्ट्रीय पुलिस आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और वोहरा आयोग की सिफारिशों पर गौर करने के लिए एक नया पैनल नियुक्त करने के सरकार के फैसले ने पुलिसिंग की भविष्य की संभावनाओं के लिए आशा की एक बड़ी किरण प्रदान की।

पुलिस सुधार पर रिबेरो समिति ने कुछ अतिरिक्त इनपुट के साथ एनपीसी की तर्ज पर कुछ सुझाव भी दिए। 2000 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए, पद्मनाभैया समिति ने चयन प्रक्रिया और आयुक्त प्रणाली में संशोधनों सहित कई सुझाव दिए। 2003 में, मलिमठ समिति ने आपराधिक न्याय प्रक्रिया को तेज करने का सुझाव दिया। यूपी पुलिस के पूर्व डीजी प्रकाश सिंह ने एक जनहित याचिका दायर की और उसके आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिसमें योग्यता के आधार पर, दो साल के न्यूनतम निश्चित कार्यकाल के लिए डीजीपी की पारदर्शी नियुक्ति, कानून और व्यवस्था और जांच नौकरियों को अलग करना शामिल था। राज्य और जिला स्तर पर एक पुलिस शिकायत प्राधिकरण की स्थापना, एक राज्य सुरक्षा आयोग और एक राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग की स्थापना। पुलिस को अपराध निवारक के रूप में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है और इस संबंध में उच्च स्तर की परिश्रम, बुद्धि, समर्पण, दृढ़ संकल्प और जटिल परिस्थितियों को समझने की क्षमता जैसे गुणों का विकास करना आवश्यक है। अब समय आ गया है कि हमें यह महसूस हो कि अकेले पुलिस अपराध को नहीं रोक सकती; पूरे समाज को इसके लिए पर्याप्त प्रयास करने चाहिए। हम जिस नए आतंक का अनुभव कर रहे हैं, उससे सुरक्षा के लिए सेंटिनल ऑन द क्वि विवे एकमात्र समाधान प्रतीत होता है।

## आप की बात

### मनरेगा में धांधली

**केंद्र** सरकार हर वर्ष ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये मनरेगा के लिये अरबो रुपये आवंटित करती है।लेकिन लोगो को इस योजना का लाभ नही मिलता।इस योजना में सीधे व्यक्ति के खातो में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण द्वारा धन भेज जाता है। फिर भी बिचौलियों द्वारा लोगो को मनरेगा सूची में नाम डालने के लिये नकद हस्तांतरण के बाद वह राशि उनसे ले लेते है। ग्रामीण विकास मंत्रालय तक बड़े पैमाने पर मनरेगा में हो रही धांधली की शिकायतें पहुंचीं। मनरेगा लाभार्थी बिचौलियों को कुछ हिस्सा देकर काम पर नही जाते ।इसलिये काम नही होता।सरकार मनरेगा के तहत उदारता पूर्वक ग्रामीण क्षेत्रो के लोगों को तीन महीने तक कार्यदेने के लिये बजट आवंटन करती है। केंद्र ने 2022–23 के लिये मनरेगा तहत 73000 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। पिछले दो वर्षो से मनरेगा में काफी गड़बड़ियों की शिकायतें मिलने के बाद सरकार इस योजना को सख्त बनाने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी मनरेगा के तहत होने वाले कार्यो और उनके लाभार्थियों के जमीनी कार्यो की वीडियो ग्राफी और उनसे व्यक्तिगत मिलकर कार्यो और प्राप्त हो रहे धन को देखना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### अनावश्यक विवाद

**इन** दिनों बेवजह की बातों को तूल देकर देश भर का माहौल खराब किया जा रहा है। हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हर धर्म का पालन करना अनिवार्य है किसी एक धर्म विशेष के हिसाब से यह देश नहीं चलता है। स्कूल, कॉलेज में शिक्षा को ग्रहण करने हर धर्म के बच्चे जाते हैं और अगर स्कूल प्रबंधन कहता है कि हमारे स्कूल के कुछ नियम कायदे हैं उसका पालन आपको पालन करना होगा तब यह कोई उलझन वाली बात नहीं है। आजकल टीवी चैनलों पर इस बात को लेकर हर दिन बड़ी बड़ी बहसे की जा रही है एवं इसे धर्म विशेष का मुद्दा मानकर हिजाब को अनिवार्य कहा जा रहा है। सन 2018 में केरल कोर्ट का डिसीजन है कि निजी हित से ज्यादा सार्वजनिक पर ध्यान देना जरूरी है सार्वजनिक स्थिति यही है कि हर धर्म का सम्मान होना चाहिए निजी हित का मतलब है धर्म विशेष यानी कि एक धर्म विशेष द्वारा संचालन। हिजाब का मुद्दा भी एक धर्म विशेष के लोग ही उठा रहे हैं जबकि अन्य दूसरे धर्म वाले इसे बेवजह का मुद्दा मान रहे हैं । कर्नाटक के स्कूलों का कहना है कि हम हिजाब में आने वालों को बैन करते हैं तो यह कोई अनुचित बात नहीं है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


### चुनावी राजनीति

**कहते** हैं चुनावी राजनीति में सब कुछ जायज है। इसमें बोले गए हर बात विवादित होते हुए भी छम्य है। जैसा की असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें आधुनिक जिन्ना बता डाला। इतना ही नहीं इन्होने राहुल के पैदाइश एवं उसके बाप का सबूत तक देने को कहा।यह सिर्फ बड़बोलापन नहीं है बल्कि बीजेपी का अहंकार को दर्शाता है। बीजेपी को लगता है चूंकि उन्हें चारो तरफ अपार बहुमत मिल रहा है इसलिए वो किसी को भी कुछ भी कह सकते हैं। अब कर्णाटक का एक मंत्री का कहना के वे तिरंगा के स्थान पर भगवा को राष्ट्रीय ध्वज बनाकर रहेंगे ये सब क्या है ? ये न तो बिगड़े हुए बोल है ना ही जुबान का फिसलन है। यह देश की आधिकारिक भाषा है। यही देश का भविष्य है। देश का लोकतंत्र उसी दिन खत्म हो गया था जब राष्ट्रवादियों ने हर राज्य में डबल इंजन की सरकार की मांग रखी थी। यहां तक की उन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का दवा पेश किया था।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पंजाब** में अगली सरकार भाजपा नीत गठबंधन बनाएगा और राज्य में विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यूपी** में समाजवादी पार्टी के पास भाजपा से लोहा लेने के लिए आवश्यक संगठनात्मक क्षमता विद्यमान है। मैं चाहती हूं कि भाजपा हारे।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री





**यदि** मानवता चाहती है कि धरती बची रहे तो जलमार्गों में प्लास्टिक का कचरा फेंकना अपराध है।

– **पोप फ्रांसिस**
कैथोलिक चर्च प्रमुख



# कहीं गुरु के बेटे से शिष्य का मुकाबला तो कहीं भाई-भाई मैदान में

- तीसरे चरण का चुनाव साबित कर रहा कि दोस्त-दोस्त न रहा
- पति-पत्नी दोनों आजमा रहे किस्मत

**सतीश सिंह।** लखनऊ



अखिलेश यादव



एसपी सिंह बघेल



अजीम भाई



सैफुर्रहमान



रमेश कुशवाहा



रामरतन कुशवाहा



बृजलाल खाबरी



उर्मिला खाबरी

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हो गई। इस चरण में आने वाले 9 जिलों की 55 सीटों पर किस्मत आजमा रहे 586 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। अब दूसरे चरण के चुनाव के बाद 16 जिलों की 59 सीटों पर 20 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर राजनीतिक दलों की निगाहें टिक गई हैं। इस चरण में कहीं राजनीतिक गुरु के बेटे से शिष्य का मुकाबला है तो कहीं भाई-भाई से लड़ रहा है। मजेदार बात यह है कि इस चुनाव में दोस्त-दोस्त न रहा वाली कहावत भी चरितार्थ होते दिख रही है।

**अखिलेश बनाम एसपी सिंह बघेल:** करहल सीट से भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे एसपी सिंह बघेल का मुकाबला उनके राजनीतिक गुरु रहे सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से है। यह पहली बार नहीं है जब प्रो एसपी सिंह बघेल सैफई परिवार और सपा को चुनौती दे रहे हैं। इससे पहले भी वह सपा के खिलाफ चुनावी रण में उतर चुके हैं। वर्ष 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव के विरुद्ध भाजपा ने उन्हें चुनाव मैदान में उतारा था। हालांकि यहां से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बघेल की जिंदगी और उनका राजनीतिक सफर काफी दिलचस्प रहा है। 1989 में मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद सत्यपाल सिंह बघेल उनकी सुरक्षा टीम में शामिल हो गए थे और तबसे उनके करीब माने जाते थे। प्रो एसपी सिंह बघेल पूर्व मुख्यमंत्री नारायन दत्त तिवारी की सुरक्षा में भी तैनात रह चुके थे। इस दौरान उनके मन में कहीं न कहीं राजनीतिक महत्वाकांक्षा जन्म ले चुकी थी। इस महत्वाकांक्षा को बल दिया मुलायम सिंह यादव ने। इसके बाद बघेल ने राजनीति में कदम रखा और जलेसर सीट से 1996 में बसपा के टिकट पर लोकसभा का चुना लड़ा। इस चुनाव में वह हार गए। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने 1998 में बघेल को जलेसर सीट से उम्मीदवार बनाया और वह जीते। उसके बाद दो बार सांसद चुने गए लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने सपा छोड़कर बहुजन समाज पार्टी ज्वाइन कर ली। बघेल वर्ष 2010 में बसपा से राज्यसभा सांसद बने। 2014 में फिरोजाबाद लोकसभा से रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव से हार के बाद वह राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में वह भाजपा के टिकर पर टूंडला से जीतकर प्रदेश सरकार में मंत्री बने। फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने आगरा से उन्हें टिकट दिया तो यहां से भी बघेल ने शानदार जीत दर्ज की। भाजपा ने उन्हें केंद्र में राज्यमंत्री भी बनाया है। करहल विधानसभा क्षेत्र के जातीय समीकरणों को सपा के पक्ष में बताया जाता है। यह सीट समाजवादी पार्टी के गठन से उसका गढ़ रही है। तीन दशक से पार्टी का सीट पर कब्जा है। अपवादस्वरूप 2002 के चुनाव में सोबरन सिंह यादव भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते लेकिन कुछ माह बाद वह भी समाजवादी पार्टी का हिस्सा बन गए। तब से लगातार यह सीट सपा के कब्जे में ही है।

**अजीम भाई बनाम सैफुर्रहमान:** देश-विदेश में चूड़ियों को लेकर सुहाग नगरी के नाम से प्रसिद्ध फिरोजाबाद जिले की सदर सीट से बसपा से मैदान में उतरी शाजिया हसन के मुकाबले सपा के टिकट पर सैफुर्रहमान मैदान में हैं। शाजिया हसन के पति अजीम भाई और सैफुर्रहमान चुनाव से पूर्व दोस्त हुआ करते थे। मगर राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने ऐसी लकीर खींची कि दोस्त-दोस्त न रहा वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है। दोनों इस चुनाव में एक दूसरे के खिलाफ आग उगल रहे हैं। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीम भाई सदर से विधायक भी रहे हैं। उनके जिगरी दोस्त सैफुर्रहमान से उनकी दोस्ती पूरा शहर जानता है। अजीम भाई सपा सरकार में उन पर लिखे गए मुकदमे के मामले में जेल गए थे। जब वह जेल से बाहर आए तब सपा ने उन्हें टिकट देने का वादा किया था। इसकी जानकारी उन्होंने अपने जिगरी दोस्त सैफुर्रहमान को भी दी थी। चुनाव की घोषणा होने से पहले वह टिकट के लिए प्रयास करने लगे और इसकी जानकारी उन्होंने अजीम भाई को नहीं दी। आखिरकार अजीम भाई के स्थान पर सपा ने सैफुर्रहमान को टिकट दे दिया। 2017 के चुनाव में भाजपा के मनीष असीजा जीते थे। उन्होंने सपा प्रत्याशी अजीम भाई को 41727 मतों से हराया था। बसपा के खालिद नसीर 51328 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2012 के चुनाव में भी भाजपा के मनीष असीजा ने अजीम भाई को दो हजार मतों के अंतर से हराया था। भाजपा ने दो बार से विधायक रहे मनीष असीजा पर तीसरी बार दांव लगाया है।

**रमेश कुशवाहा बनाम रतन कुशवाहा:** ललितपुर सदर सीट से समाजवादी पार्टी ने भाजपा से आए पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा को मैदान में उतारा है। जबकि इसी सीट से भाजपा ने निवर्तमान विधायक रामरतन कुशवाहा को टिकट दिया है। साथ.साथ राजनीति करने वाले दोनो उम्मीदवार मौसेरे भाई हैं। रमेश कुशवाहा ने 2012 में बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ा था और वह जीत दर्ज कर विधायक बने थे लेकिन 2017 में बहुजन समाज पार्टी ने उनकी टिकट काट दी थी। जिसके बाद वह बहुजन समाज पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। लेकिन छह महीने बाद नगर पालिका परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी नहीं बनाए जाने के बाद उन्होंने अपनी पत्नी को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैंदान में उतार दिया था। जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी ने रमेश कुशवाहा को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। जिसके बाद रमेश कुशवाहा ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था। वहीं रामरतन कुशवाहा 2012 में विधानसभा चुनाव लड़े लेकिन हार गए। भाजपा में सक्रिय रहते हुए वर्ष 2017 में चुनाव लड़कर विजयी हुए। ललितपुर सदर सीट के राजनीतिक समीकरण के हिसाब से कुशवाहा समाज की बहुलता के बाद लोधी, ब्राह्मण, क्षत्रिय,जैन आते हैं।

**रिश्ते में पति-पत्नी पर नहीं कर पाएंगे एक दूसरे का प्रचार:** कांग्रेस पार्टी ने 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में पति-पत्नी को भी टिकट से नवाजा है। यह पति-पत्नी हैं पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी और उर्मिला खाबरी। बृजलाल खाबरी कांग्रेस पार्टी से सांसद भी रहे हैं और उर्मिला खाबरी वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं। कांग्रेस पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए ललितपुर विधानसभा क्षेत्र में खाबरी पर दांव लगाया है। महरौनी विधानसभा से बृजलाल खाबरी मैदान में उतरेंगे तो उनकी पत्नी उर्मिला खाबरी को जालौन जिले की उरई विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में तीसरे चरण के इस चुनाव में दोनो एक दूसरे का प्रचार नहीं कर पाएंगे। इसके साथ ही इनके साथ दिन-रात चलने वाले समर्थक भी पशोपेश में हैं कि किसके संग प्रचार में कहां जाएं।

# कई विधायकों ने फिर ताजा की आया राम-गया राम की कहावत



अदिति सिंह



रामवीर उपाध्याय



सुभाष पासी

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव में आया राम-गया राम की कहावत को चरितार्थ करते हुए लगभग सभी राजनीतिक दलों के कई विधायकों ने दल बदल किया है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी के अलावा अपना दल (सोनेलाल) जैसे क्षेत्रीय दलों के विधायकों ने भी पुराने दल को अलविदा कहते हुए अपनी निष्ठा बदल दी है।

उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के मुताबिक हाल के दिनों में विभिन्न दलों के लगभग 15 विधायकों ने कमल के फूल (भाजपा का चुनाव चिह्न) पर भरोसा जताया है। इसमें कांग्रेस विधायक अदिति सिंह और राकेश सिंह (रायबरेली जिला) और नरेश सैनी (सहारनपुर) शामिल हैं। इसके अलावा बसपा से विधायक वंदना सिंह (सगड़ी-आजमगढ़), रामवीर उपाध्याय (सादाबाद-हाथरस) और अनिल सिंह (पुरवा-उन्नाव) भी भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि सपा के दो विधायक सुभाष पासी (गाजीपुर जिले के सैदपुर) और हरिओम यादव (फिरोजाबाद के सिरसागंज) भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। हरिओम यादव समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के दूर के रिश्तेदार हैं। समाजवादी पार्टी के विधानपरिषद सदस्य नरेंद्र सिंह भाटी, शतरुद्र प्रकाश, राम निरंजन, रविशंकर सिंह पप्पू, सीपी चंद्र, घनश्याम लोधी और शैलेंद्र प्रताप सिंह भी भाजपा में शामिल हो गए। इसी तरह भाजपा के तीन मंत्रियों- स्वामी प्रसाद मौर्य, दारा सिंह चौहान और धर्म सिंह सैनी ने विधानसभा चुनाव से ऐन पहले इस्तीफा दे दिया और सपा में शामिल हो गए। सपा में शामिल अन्य भाजपा विधायकों में बृजेश प्रजापति (बांदा में तिंदवारी), रोशनलाल वर्मा (शाहजहांपुर में तिलहर), भगवती प्रसाद सागर (कानपुर नगर में बिल्हौर), विनय शाक्य (औरैया में बिधूना), दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे (खलीलाबाद) माधुरी वर्मा (बहराइच में नानपारा) और राकेश राठौर (सीतापुर) प्रमुख हैं। इसके अलावा सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ से अपना दल (सोनेलाल) विधायक अमर सिंह चौधरी सपा में शामिल हुए। आगरा के फतेहाबाद निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा विधायक जितेंद्र वर्मा भी सपा में शामिल हो गए। गोरखपुर के चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र से बसपा विधायक विनय शंकर तिवारी जिन्हें बसपा से निष्कासित किया गया था, वे भी सपा में शामिल हो गए। उप्र विधानसभा में कांग्रेस के सात विधायक थे लेकिन दल बदल के बाद अब उसके पास तीन विधायक रह गए हैं। कांग्रेस से इस्तीफा देने वालों में नरेश सैनी (कांग्रेस से भाजपा) मसूद अख्तर (कांग्रेस से सपा)अ राकेश सिंह और अदिति सिंह (कांग्रेस से भाजपा) शामिल हैं। बलिया जिले के बैरिया से भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह ने टिकट नहीं मिलने पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया और अब बिहार केंद्रित विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की ओर से चुनाव लड़ रहे हैं। कई लोगों ने टिकट मिलने के बावजूद दल बदल किया। रामपुर में स्वार क्षेत्र से कांग्रेस से घोषित प्रत्याशी हैदर अली खान को भाजपा की साझीदार अपना दल (एस) ने उम्मीदवार बनाया है। बरेली कैंट से कांग्रेस उम्मीदवार सुप्रिया ऐरन अब सपा की ओर से चुनाव मैदान में हैं। अमेठी में जगदीशपुर की रचना कोरी सपा उम्मीदवार थीं, लेकिन नामांकन दाखिल करने के बाद भाजपा में शामिल हो गईं।




कानपुर देहात के अकबरपुर में भाजपा की रैली में पार्टी का झंडा लहराता समर्थक। इस रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया

# मतदाताओं को रिझाने के लिए हर हथकंडा अपना रहे नेता

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए राजनीतिक दलों के उम्मीदवार गाना गाने से लेकर पूड़ी तलने और भावनात्मक अपील से लेकर हर हथकंडे अपना रहे हैं। मतदाताओं को जोड़ने और उन्हें प्रभावित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के कई मंत्रियों की प्रचार शैली पर भी लोगों की निगाहें गई हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना अपने निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर में देश भक्ति गीत गाकर मतदाताओं को सजग करते सुने गए। वहीं, राज्य सरकार के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक सड़क किनारे पूरी तलते हुए आम मतदाताओं के बीच आम आदमी की अपनी छवि पेश करने की कोशिश करते देखे गए जबकि मऊजिले की मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार बनवारी लाल ने इस चुनाव को आखिरी चुनाव बताते हुए मतदाताओं से वोट या कफन की गुहार लगाकर भावनात्मक अपील की।

शाहजहांपुर सीट से नौवीं बार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए एक चुनावी सभा में मंत्री सुरेश खन्ना का गाना गाते हुए वीडियो सोशल मीडिया में इन दिनों खूब प्रसारित हुआ। खन्ना जागृति फिल्म में कवि प्रदीप के लिखे और मोहम्मद रफी के गाए गीत हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकाल के की तर्ज पर इस क्षेत्र को रखना मेरे मित्रों संभाल के, हम लाए हैं अपराध से यूपी निकाल के, बहका ना दे विकास से कोई धोखे में डाल के... इस क्षेत्र को रखना मेरे मित्रों संभल के। तुम्हीं भविष्य हो मेरे यूपी विशाल के गाते सुने गए। शाहजहांपुर में दूसरे चरण में मतदान हो गया।



ब्रजेश पाठक



केशव प्रसाद मौर्य



प्रियंका गांधी

जिला सहकारी बैंक शाहजहांपुर के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के नेता डीपीएस राठौर ने कहा, खन्ना इससे पहले भी भाजपा के विभिन्न मंचों से इस तरह का प्रदर्शन कर चुके हैं। अभियान के दौरान उन्होंने जो गीत गाए वह देश भक्ति गीत थे और इसके माध्यम से न केवल अपनी देश भक्ति बल्कि क्षेत्र की सुरक्षा और भविष्य की भी चिंता प्रकट की।

कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने समर्थकों की टीम के साथ राज्य की राजधानी के व्यस्त इलाकों में घर-घर जाकर प्रचार किया और लखनऊ के नरही में पूड़ियां तलने लगे। पाठक ने एक दर्जी की दुकान पर सिलाई मशीन भी चलाई। हालांकि पाठक ने इसे कोई नई बात नहीं बताया, पर उनके इन प्रयासों ने लोगों में जिज्ञासा पैदा की। पाठक ने कहा, यह मेरा क्षेत्र है और मैं पिछले पांच वर्षों से घूम रहा हूं, मैं उन लोगों का आशीर्वाद लेने गया था जो सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। ब्रजेश पाठक ने 2017 में लखनऊ के मध्य क्षेत्र से चुनाव जीता था और इस बार वह लखनऊ कैंट क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार हैं।

मऊ के मुहम्मदाबाद गोहना से कांग्रेस प्रत्याशी बनवारी लाल मतदाताओं से इस बार वोट या कफन की मांग कर रहे हैं। बनवारी लाल (65) इसी अपील के साथ पर्चा बांट रहे हैं और इस बार वह अपना आखिरी चुनाव बताते हैं। उनकी अपील का शीर्षक है, मैं बनवारी बेचारा अंतिम मेरा प्रयास है। कांग्रेस नेता की अपील में लिखा है, मैं आप सबके बीच 30 वर्षों से हूं और आप सभी मेरा दुख जानते हैं। मेरा मकान बिका और मेरा बेटा मेरे चुनाव हारने के बाद दिल का दौरा पड़ने से इस दुनिया को छोड़कर चला गया। मेरी धर्मपत्नी इस गम को सहन न कर सकी और वह मानसिक संतुलन खो बैठी। बनवारी लाल ने अपने दुखों की चर्चा करते हुए सर्व समाज के लोगों से वोट की अपील करते हुए कहा है कि मुझे वोट दे दो या कफन दे दो। कौशांबी जिले के सिराथू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में किस्मत आजमा रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पूरे प्रदेश के भाजपा उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं लेकिन उनके क्षेत्र में दिल्ली से आई एक नाटक मंडली घूम-घूम कर प्रचार कर रही है। नुक्कड़ नाटकों के जरिए मौर्य के विकास कार्यों और उनकी भावनाओं को व्यक्त करने में यह मंडली सहारा बनी है। रोड शो और घर घर चुनाव प्रचार में व्यस्त कई नेता, सेल्फी क्लिक करवाकर या माला पहनाकर मतदाताओं से जुड़ रहे हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा राज्य का दौरा करते हुए गोद में बच्चे लिए या लोगों से बातचीत करते या सेल्फी लेकर लोगों को प्रभावित करने की कोशिश कर रही हैं। वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं के साथ बैठकर बातचीत करने और अपनी पार्टी के संकल्पों की चर्चा कर रही हैं।

# किशोरी मौत मामले में सीबीआई जांच की अनुमति

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को तंजावुर में 17-वर्षीय किशोरी की कथित आत्महत्या के मामले की जांच करने की सोमवार को अनुमति दे दी। किशोरी को ईसाई धर्म अपनाने के लिए कथित रूप से मजबूर किया गया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की याचिका पर नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले के दो पहलू हैं। पहला पहलू उस फैसले के तहत दर्ज की गई कुछ टिप्पणियों से संबंधित है, जिसे चुनौती दी गई है और दूसरा पहलू सीबीआई द्वारा जांच कराए जाने का निर्देश देने के अंतिम आदेश से जुड़ा है। न्यायालय

### ● तमिलनाडु के तंजावुर का मामला

ने कहा कि सीबीआई की जांच में उसका हस्तक्षेप करना सभवत: उचित नहीं होगा, लेकिन वह प्रथम पहलू पर नोटिस जारी करेगा।

पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाए, जिसका जवाब चार सप्ताह में दिया जाए...जवाबी हलफनामा दो सप्ताह में दायर किया जाएगा। इस बीच, जिस आदेश को चुनौती दी गई है, उसके संदर्भ में जांच जारी रहेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने तमिलनाडु की ओर से दलील दी कि यह जहर खाकर आत्महत्या का मामला है। उन्होंने दलील दी, उच्च न्यायालय मामले में हर रोज हस्तक्षेप करता है और आदेश जारी करता है। मरते वक्त दिया गया बयान रिकॉर्ड में दर्ज है। यह कोई अपवाद का मामला नहीं है। यह कोई ऐसा मामला नहीं जिसका असर



राज्य की पुलिस पर होगा। यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। फिर इस मामले को इतना बड़ा क्यों बनाया जा रहा है? रोहतगी ने आगे कहा कि मामले में राज्य सरकार को पक्षकार नहीं बनाया गया है, सिर्फ इसलिए कि धर्मांतरण का मामला है। हालांकि पीठ ने कहा, इसे प्रतिष्ठा का विषय न बनाएं।

तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश दूसरे वकील ने कहा कि सरकार को पक्ष रखने का कोई मौका नहीं दिया गया और एकल पीठ ने सीबीआई जांच का आदेश देकर अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। लड़की के पिता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी पेश हुए। शीर्ष अदालत इस मामले में उच्च न्यायालय के 31 जनवरी के आदेश को तमिलनाडु पुलिस महानिदेशक की ओर से दी गई चुनौती पर विचार कर रही थी। उच्च न्यायालय ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था, छात्रा को मरणोपरांत न्याय दिलाना अदालत का कर्तव्य है, लेकिन पूर्ववर्ती परिस्थितियों को एक साथ देखने पर निश्चित रूप से यह धारणा बनेगी कि जांच सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रही है।

आदेश में कहा गया था, माननीय मुख्यमंत्री ने स्वयं एक रुख अपनाया है, इसलिए राज्य पुलिस इस मामले की जांच जारी नहीं रख सकती। मैं सीबीआई निदेशक, नई दिल्ली को निर्देश देता हूं कि वह राज्य पुलिस से जांच अपने हाथ में लेने के लिए एक अधिकारी नियुक्त करें। सीबीआई स्वतंत्र जांच करेगी और इस आदेश में की गई किसी भी टिप्पणी को ध्यान में नहीं रखेगी। अरियालुर जिले की रहने वाली तंजावुर के मिशनरी स्कूल की 17 वर्षीय छात्रा ने कुछ दिन पहले कथित रूप से खुदकुशी कर ली थी। छात्रावास में रह रही इस छात्रा को कथित तौर पर धर्म परिवर्तन करके ईसाई धर्म अपनाने के लिए कथित रूप से बाध्य किया गया था।

इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हुआ था। बहरहाल, स्कूल प्रबंधन ने आरोपों को खारिज करते हुए इस मामले में निहित स्वार्थ वाले तत्वों को दोषी ठहराया है। इस मामले में पीड़िता के पिता ने पहले सीबी-सीआईडी (अपराध शाखा- अपराध जांच विभाग) से जांच कराए जाने की मांग की थी, लेकिन अंतिम सुनवाई के दौरान उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की।

# पंजाब में राजनीतिक दलों के लिए मुश्किल है मुकाबला: अमरिंदर

**भाषा।** पटियाला

**पंजाब** के दो बार मुख्यमंत्री रहे एवं पंजाब लोक कांग्रेस के सुप्रीमो अमरिंदर सिंह का मानना है कि विधानसभा चुनाव में किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलेगा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ उनकी पार्टी के गठबंधन की स्थिति मजबूत हो रही है।

पटियाला के शाही परिवार के वंशज और कांग्रेस की राज्य इकाई के पूर्व प्रमुख 79 वर्षीय सिंह ने पिछले साल पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अपने अलग दल का गठन किया था। सिंह ने कहा कि वह न तो सेवानिवृत्त हुए हैं और ना ही थके हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब और देश को और बेहतर बनाने की आकांक्षा इस उम्र में भी उन्हें काम करते रहने की ऊर्जा देती है।

उन्होंने कहा कि मैं सेवानिवृत्त होने के लिए तैयार नहीं हूं। मैं अपने लोगों के लिए काम करना चाहता हूं। मैं नौवीं बार चुनाव लड़ रहा है। मैं संसद में दो बार और विधानसभा में छह बार चुना गया हूं। सिंह ने पंजाब में चुनाव परिदृश्य को लेकर कहा कि इस बार चतुष्कोणीय या पंचकोणीय मुकाबला होगा और इसके अलावा कुछ निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं। सिंह ने कहा कि बहुकोणीय मुकाबले के कारण मतदाताओं के लिए फैसला करना आसान हो जाएगा, जहां तक राजनीतिक दलों का सवाल है, तो जब तक वे वाकई बेहतरीन प्रदर्शन नहीं करते, उनके लिए यह मुकाबला मुश्किल होने वाला है।

उनमें से कई 10 या 15 से अधिक सीट हासिल नहीं पाएंगे। मुझे नहीं लगता कि किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। लोग आप (आम आदमी पार्टी) की बात करते हैं। मुझे लगता कि आप दिन-ब-दिन नीचे की ओर जा रही है। इसी प्रकार कांग्रेस का प्रदर्शन भी गिर रहा है। ईश्वर की कृपा से हम ऊपर की ओर जा रहे हैं।

कांग्रेस द्वारा चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाए जाने और उनके दलित समुदाय से संबंधित होने पर सिंह ने कहा कि लोगों को किसी जाति या समुदाय के लिए मतदान नहीं करना चाहिए, बल्कि क्षमता के आधार पर वोट देना चाहिए। सिंह ने कहा कि मुझे जाति और समुदाय की इस तरह की बातें पसंद नहीं है। आजादी के 75 साल बाद हमें जाति के आधार पर नहीं, बल्कि क्षमता के आधार पर मतदान करना चाहिए। जहां तक क्षमता की बात है, तो उनका (चन्नी का) स्तर मंत्रिपद के लिए उचित है, मुख्यमंत्री पद के लिए नहीं। उनका रिटर्न करोड़ों रुपए में हैं, लेकिन वह दावा कर रहे हैं कि वह एक गरीब व्यक्ति हैं।

सिंह ने भाजपा के साथ अपने गठबंधन पर कहा कि उन्होंने पंजाब की बेहतरी और सुरक्षा के लिए पार्टी के साथ हाथ मिलाया है और जहां तक मुख्यमंत्री पद के चेहरे की बात है, तो इस पर चुनाव के बाद फैसला किया जा सकता है।

सिंह ने कहा कि राज्य की 600 किलोमीटर की सीमा पाकिस्तान के साथ लगती है और इसमें ऐसे लोगों की जरूरत है, जो संवेदनशील हों और राज्य में विकास का नया युग आरंभ कर सकें।

गठबंधन के तहत भाजपा 65, पंजाब लोक कांग्रेस 37 और सुखदेव सिंह ढींढसा के नेतृत्व वाला शिअद (संयुक्त) दल 15 सीट पर चुनाव लड़ेगा। पंजाब की 117 विधानसभा सीट के लिए मतदान 20 फरवरी को होगा।

## डीजीपी ने फेसबुक पर एटीएस में रिक्त पदों के लिए अधिकारियों से आवेदन मांगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय पांडे ने अपने फेसबुक पेज पर राज्य के आंतकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) में अधीक्षक स्तर के दो पदों के रिक्त रहने के संबंध में संदेश पोस्ट किया और उम्मीदवारों को विभाग या सोशल मीडिया के माध्यम से उनसे संपर्क करने के लिए आमंत्रित किया।

विभाग में कर्मचारियों की कमी के बारे में अधिक जानकारी के लिए एटीएस प्रमुख विनीत अग्रवाल से संपर्क किया गया तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार किया। अग्रवाल अतिरिक्त डीजी रैंक के अधिकारी हैं। फेसबुक पर पिछले हफ्ते किए गए पोस्ट में पांडे ने कहा कि एटीएस, मुंबई में पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्तर के दो पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि एटीएस में तैनाती को प्रतिष्ठित माना जाता है और 25 प्रतिशत विशेष भत्ता दिया जाता है। पांडे ने यह भी कहा कि इच्छुक अधिकारी सीधे एडीजी एटीएस या एडीजी प्रतिष्ठान से संपर्क कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि इच्छुक अधिकारी सोशल मीडिया अकाउंट पर भी बता सकते हैं।



जैसलमेर में सोमवार को डेजर्ट फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह के दौरान ऊंट पर सवार सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी मार्च

## न्यायमूर्ति भंडारी ने मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली

**चेन्नई।** न्यायमूर्ति मुनीश्वर नाथ भंडारी ने सोमवार को राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राज्यपाल आर एन रवि ने न्यायमूर्ति भंडारी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, मुख्य सचिव वी इराई अंबु और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

राज्यपाल ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ओर से जारी नियुक्ति वारंट न्यायमूर्ति भंडारी को सौंपा, जिसमें कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश भंडारी को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

न्यायमूर्ति भंडारी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से तबादला होने के बाद मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में 22 नवंबर, 2021 को शपथ ली थी। मद्रास उच्च न्यायालय में 4 जनवरी, 2021 से 16 नवंबर, 2021 तक मुख्य न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी को मेघालय उच्च न्यायालय में भेजा गया।



गोवा विधानसभा चुनाव में उत्तरी गोवा जिले के थिविम में सोमवार को मतदान केंद्र के बाहर वोट डालने का इंतजार करते नागरिक

## अहमदाबाद में सिलसिलेवार विस्फोट मामले में अभियोजन पक्ष ने दलील पूरी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में 49 दोषियों की सजा की अवधि पर सोमवार को अभियोजन की दलील पूरी हो गई। विशेष सरकारी वकील सुधीर ब्रह्मभट्ट ने बताया कि विशेष न्यायाधीश ए आर पटेल मंगलवार को बचाव पक्ष की दलील सुनेंगे। उन्होंने बताया कि अदालत ने अंतिम फैसला सुनाए जाने तक प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को सजा की अवधि पर दलील की रिपोर्टिंग करने से रोक दिया है। विशेष अदालत ने पिछले मंगलवार को मामले में 49 आरोपियों को दोषी करार दिया था, जबकि 28 अन्य को बरी कर दिया था।

# प्रतिद्वंद्वी दल मुझे और भगवंत मान को निशाना बना रहें : अरविंद केजरीवाल

**भाषा।** चंडीगढ़

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दावा किया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी के प्रतिद्वंद्वी दल उन्हें और उनकी पार्टी से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भगवंत मान को निशाना बना रहे हैं।

आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि उनकी पार्टी और उसके नेताओं की बस यही गलती है कि वे पंजाब में स्कूलों और अस्पतालों की हालत बेहतर करने, लोगों को नौकरियां देने और बेअदबी के मामलों में न्याय सुनिश्चित करने के बारे में बात करते हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर तंज करते हुए केजरीवाल ने कहा कि आजकल चन्नी को सपनों में भी केजरीवाल दिख रहे हैं और वह सो नहीं पा रहे हैं। केजरीवाल ने अमृतसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कुछ दिनों में आपने यह जरूर देखा होगा कि सभी दल और उनके नेता मुझे और भगवंत मान को अपशब्द कह रहे हैं। कल, (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह (पंजाब में) आए और मुझे एवं आप को अपशब्द कहे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, सुबह से लेकर देर शाम तक चन्नी ने मुझे और मान को अपशब्द कहे, लेकिन उन्होंने (शिअद प्रमुख) सुखबीर सिंह बादल का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, सुखबीर सिंह बादल ने भी मुझे अपशब्द कहे, लेकिन चन्नी का नाम नहीं लिया।

(कांग्रेस नेता) प्रियंका गांधी (जो रविवार को पंजाब आई थीं) ने भी मुझे अपशब्द कहे। ऐसा लगता है कि वे सभी मिल गए हैं और हमे निशाना बना रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि ए सभी प्रतिद्वंद्वी दल आप को नहीं, बल्कि पंजाब को हराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दल नहीं चाहते हैं कि आप सत्ता में आए। बल्कि वे चाहते हैं कि जिस तरह से उन्होंने पिछले 70 साल पंजाब को लूटा है, उसे जारी रखें। उन्हें डर है कि यदि आप सत्ता में आ गई तो उनकी लूट स्थाई रूप से बंद हो जाएगी। उन्होंने पंजाब के लोगों से इन दलों को हराने और राज्य को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप राज्य को एक ईमानदार सरकार देगी।

उन्होंने चन्नी पर प्रहार करते हुए कहा कि आजकल चन्नी सो नहीं पा रहे हैं। जब वह आंखें बंद करते हैं तो मैं भूत की तरह उनके सपनों में आता हूं और वह जाग जाते हैं। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में आप के सत्ता में आने के बाद राज्य में मादक पदार्थों का प्रवेश बंद हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा, एक बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या कांग्रेस पंजाब को सुरक्षित रख सकती है।

## भाजपा ने असम में उपचुनाव के लिए गाम को उम्मीदवार बनाया

**गुवाहाटी।** असम में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने माजुली विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए माइसिंग समुदाय के नेता भुबन गाम को सोमवार को अपना प्रत्याशी बनाया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक बयान में एलान किया कि गाम अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से सत्तारूढ़ पार्टी के प्रत्याशी होंगे। भाजपा विरोधी दलों के साथ हाथ मिलाने का प्रयास कर रही कांग्रेस ने पहले कहा था कि वह किसी को प्रत्याशी नहीं बनाएगी और यह सीट असम जातीय परिषद (एजेपी) को देगी, जिसने अभी उम्मीदवार के नाम का एलान नहीं किया है। माजुली सीट पर उपचुनाव सात मार्च को होना है। मतगणना तीन दिन बाद होगी। सोनोवाल ने राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद पिछले साल 28 सितंबर को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

# ट्वीट में पूर्वोत्तर को देश का हिस्सा न बताने पर राहुल के खिलाफ 1,000 से ज्यादा शिकायतें

**भाषा।** गुवाहाटी

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की असम इकाई ने सोमवार को दावा किया कि उसके कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी द्वारा अपने ट्वीट में पूर्वोत्तर को भारत के भौगोलिक नक्शे से बाहर रखने को लेकर उनके खिलाफ राज्य के विभिन्न थानों में 1,000 से अधिक शिकायतें दर्ज कराई हैं। वैसे फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किसी भी थाने ने इन शिकायतों पर कोई मामला दर्ज किया है या नहीं।

असम पुलिस के एक विशेष पुलिस महानिदेशक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि राज्य में 329 थाने, 293 चौकियां और 151 गश्ती चौकियां हैं तथा वैसे तो शिकायत चौकियों एवं गश्ती चौकियों में भी दर्ज कराई जा सकती है, लेकिन मामला सिर्फ थाने में ही दर्ज किया जा सकता है। भाजयुमो के असम मीडिया समन्वयक बिश्वजीत खौंद ने दावा किया कि मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने।,000 से अधिक शिकायतें दर्ज कराई हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन थानों या जिलों में ए शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। उन्होंने एक बयान में दावा किया, गांधी ने भारत को कश्मीर से केरल तक और गुजरात से पश्चिम बंगाल तक फैला बताया है, ऐसे में उन्होंने पूर्वोत्तर को भारत का हिस्सा नहीं बताया। यह भारत की भौगोलिक एकता एवं सुरक्षा के लिए खतरा है।

पुलिस में की गई और मीडिया के साथ साझा की गई शिकायत में भाजयुमो ने आरोप लगाया कि गांधी के ट्वीट में चीन के इस दावे का परोक्ष रूप से समर्थन किया गया है कि पूर्वोत्तर खासकर अरुणाचल प्रदेश उसका (चीन का) हिस्सा है। खौंद ने कहा कि उनका ट्वीट अलगाववादी मानसिकता प्रदर्शित करता है जो इस सबसे पुरानी पार्टी की विचारधारा की झलक पेश करती है। बयान में कहा गया है, कांग्रेस पार्टी भारत के लिए दुर्भाग्य है और राहुल गांधी भारत की समस्या हैं। पहचान जाहिर नहीं करने के इच्छुक भाजपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी की महिला मोर्चा ने भी कई थानों में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई हैं।

गांधी ने 10 फरवरी को भारत की विविधता और एकता पर ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था, हमारी एकता में ताकत है। संस्कृतियों की हमारी एकता। विविधताओं की हमारी एकता। भाषाओं की हमारी एकता। लोगों की हमारी एकता। राज्यों की हमारी एकता। कश्मीर से केरल तक। गुजरात से पश्चिम बंगाल तक। भारत अपने सभी रंगों में खुबसूरत है।

## केंद्रीय मंत्री ने सर्जिकल स्ट्राइक पर केसीआर के बयान की निंदा की

**भाषा।** हैदराबाद

**सर्जिकल** स्ट्राइक के बारे में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की टिप्पणी पर एतराज जताते हुए केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि बालाकोट हवाई हमले के छह महीने से अधिक समय बाद तक के लिए पाकिस्तान द्वारा अपने ही वायुक्षेत्र को उड़ान वर्जित क्षेत्र घोषित करना क्या पर्याप्त सबूत नहीं है। रेड्डी ने ट्वीट किया कि मैं तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर के भारतीय सशस्त्र बलों के खिलाफ गैर जिम्मेदाराना बयान की कड़ी निंदा करता हूं। सच यह है कि पुलवामा हमले की बरसी की पूर्व संध्या पर आया यह बयान असंवेदनशीलता, गैर जिम्मेदाराना, अनभिज्ञता को प्रदर्शित करता है, जो एक मुख्यमंत्री से उम्मीद नहीं की जाती। उन्होंने मीडिया में इस बारे में आई खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह कहा।



इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी सी52 कक्षा पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-04 और दो अन्य छोटे उपग्रहों को लॉन्च किया।

# फारूक अब्दुल्ला को श्रीनगर में घर से बाहर निकलने से रोका गया

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को सोमवार को पुलवामा हमले की बरसी पर सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर श्रीनगर में उनके आवास से बाहर निकलने से रोक दिया गया, जिसे लेकर उन्होंने कड़ा विरोध दर्ज कराया। नेशनल कॉन्फ्रेंस से जुड़े सूत्रों ने बताया कि फारूक अब्दुल्ला को सड़क मार्ग से जम्मू की यात्रा पर निकलना था, जो लगभग 300 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सूत्रों के मुताबिक संबंधित अधिकारियों को पांच दिन पहले ही इस यात्रा कार्यक्रम की जानकारी दी गई थी, लेकिन उन्होंने फारूक अब्दुल्ला को उनके घर से बाहर निकलने से रोक दिया। तीन बार जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके फारूक अब्दुल्ला नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और श्रीनगर के मौजूदा लोकसभा सांसद हैं। सूत्रों ने बताया कि फारूक अब्दुल्ला दोपहर में अपने घर से बाहर निकलने में कामयाब रहे और एक राहगीर के साथ कुछ दूरी तक यात्रा भी की, लेकिन सुरक्षा दल के समझाने के बाद वह पुलिस वाहन से घर लौट गए। पुलिस अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि पुलवामा हमले की बरसी के दिन वीआईपी आवाजाही की अनुमति न देने का निर्देश होता है।वर्ष 2019 में आज ही के दिन जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी ने विस्फोटकों से लदी अपनी कार से सुरक्षाबलों को ले जा रही बस में टक्कर मार दी थी।

## बुजुर्ग कश्मीरी महिला की अंग्रेजी ने सोशल मीडिया पर मचाया तहलका

**भाषा।** श्रीनगर

**कश्मीर** में एक बुजुर्ग महिला के अपने नए हासिल किए गए अंग्रेजी कौशल का प्रदर्शन करते हुए 36 सेकंड के एक वीडियो ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।

वीडियो ट्विटर के अलावा व्हाट्सएप और फेसबुक जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी वायरल हो रहा है।

इस वीडियो को ट्विटर पर सैयद एस शाह ने साझा किया है। युवक कुछ फलों, सब्जियों और जानवरों के नाम कश्मीरी भाषा में बोलता है और पारंपरिक पोशाक में और उम्र के आठवें दशक की दिखने वाली महिला से उन्हें अंग्रेजी में पहचानने के लिए कहता है।

हालांकि वह पहली बार बिल्ली की पहचान करने में लड़खड़ाती है, लेकिन फिर उसकी पहचान वह क्यैट के रूप में करती है।

# संजय राउत का दावा, भाजपा के कुछ नेता चंद दिनों में जेल में होंगे

**भाषा।** मुंबई

**विपक्षी** भाजपा द्वारा महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे नीत सरकार के कुछ नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने के कुछ दिनों बाद, शिवसेना सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी को केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल की धमकी नहीं देनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता आने वाले चंद दिनों में जेल में होंगे।

राउत ने हालांकि उन नेताओं के नाम बताने से इनकार किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह मंगलवार को मुंबई में शिवसेना मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान इसका खुलासा करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने यह भी



दावा किया कि पिछले साल नवंबर में धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार राज्य के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख जल्दी ही जेल से बाहर आएंगे।

भाजपा ने अतीत में महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाडी सरकार के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। गठबंधन सरकार में शिवसेना के अलावा कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। राउत ने कहा कि शिवसेना और ठाकरे परिवार के खिलाफ लगाए गए सभी झूठे आरोपों और केंद्रीय एजेंसियों की दादागिरी का जवाब दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमें केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल की धमकी नहीं दें। हम डरने वाले नहीं हैं। आप जो चाहें, करें, मुझे नहीं डरा सकते... वे कहते रहते हैं कि अनिल देशमुख के साथ फलां-फलां नेता जेल जाएंगे। मुझे लगता है कि भाजपा के साढ़े तीन लोग अगले कुछ दिनों में अनिल देशमुख की कोठरी में होंगे और देशमुख बाहर होंगे। राउत ने कहा कि इसको लेकर उनकी नींद गायब हो गई है और हर कोई जानता है कि वह किसके बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने बाद में यहां शिवसेना भवन के बाहर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे मंगलवार के संवाददाता सम्मेलन पर करीबी नजर रखेंगे।

# रिजर्व बैंक के साथ डिजिटल मुद्रा पर बातचीत जारी, अंतिम फैसला विचार-विमर्श के बाद : सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि डिजिटल मुद्रा पर रिजर्व बैंक के साथ बातचीत जारी है और इस बारे में कोई फैसला विचार-विमर्श के बाद लिया जाएगा। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को अपने बजट भाषण में कहा था कि रिजर्व बैंक नए वित्त वर्ष में डिजिटल रुपया या केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) जारी करेगा। उन्होंने एक अप्रैल से अन्य डिजिटल संपत्तियों से हुए लाभ पर 30 प्रतिशत की दर से कर लगाने की भी घोषणा की थी।

रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के निदेशकों की बैठक को संबोधित करने के बाद वित्त मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय बैंक और सरकार डिजिटल मुद्रा को लेकर एक साथ हैं। उन्होंने बताया कि सीबीडीसी पर रिजर्व बैंक से बजट से पहले से बातचीत हो रही थी और यह अब भी जारी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि कई अन्य मुद्दों की तरह इस मुद्दे पर भी केंद्रीय बैंक और सरकार के बीच आंतरिक रूप से बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि इस बारे में जो भी बिंदु हैं उनपर हमने सरकार के साथ चर्चा की है। सीबीडीसी हालांकि, डिजिटल मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना अन्य निजी डिजिटल मुद्राओं या हाल के दशक में तेजी से पैर पसारने वाली क्रिप्टोकरेंसी से नहीं की जा सकती। निजी डिजिटी करेंसी किसी व्यक्ति के कर्ज या देनदारी का प्रतिनिधित्व नहीं करती। यह पैसा नहीं है निश्चित रूप से करेंसी तो नहीं है। पिछले सप्ताह दास ने कहा था कि केंद्रीय बैंक जल्दबाजी में नहीं है और वह सीबीडीसी से संबंधित सभी पहलुओं की समीक्षा कर रहा है। रिजर्व बैंक की पिछले साल दिसंबर में जारी भारत में बैंकिंग का रुझान और प्रगति रिपोर्ट में कहा गया था कि सीबीडीसी के वृहद आर्थिक नीति निर्माण पर प्रभाव को देखते हुए शुरुआत में मूल मॉडल अपनाने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया था कि इसके व्यापक परीक्षण की जरूरत है ताकि मौद्रिक नीति और बैंकिंग प्रणाली पर इसका प्रभाव न्यूनतम रहे।

## हरित बांड जारी करने के बारे में निर्णय अगले महीने: रिजर्व बैंक गवर्नर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि बजट में घोषित सरकारी हरित बांड के बारे में निर्णय अगले महीने किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार हरित बुनियादी ढांचे के लिए संसाधन जुटाने को बांड जारी करेगी। वित्त मंत्री के आरबीआई निदेशक मंडल को संबोधित करने के बाद दास ने संवाददाताओं से कहा कि नकद और ऋण प्रबंधन पर निगरानी समूह की अगले महीने बैठक होगी और हरित बांड जारी करने की योजना बनाई जाएगी। परंपरा के अनुसार बजट बाद वित्त मंत्री रिजर्व बैंक निदेशक मंडल को संबोधित करती हैं। उन्होंने कहा, कई ऐसे निवेशक हैं जिनके पास हरित बांड में निवेश को लेकर अलग से कोष है। इसी को देखते हुए हरित बांड लाने का निर्णय किया गया। यानी जब आप हरित बांड जारी करते हैं...इसका मकसद साफ होता है और यह अलग उद्देश्य के लिए होता है। इससे घरेलू बांड बाजार में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की भागीदारी व्यापक होगी। इसका कारण कई ऐसे कोष हैं, जो केवल हरित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में ही निवेश करना चाहते हैं। बजट में संकेत दिया गया है कि हरित बांड अगले वित्त वर्ष के लिए कुल कर्ज का हिस्सा होगा।

# थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 12.96 प्रतिशत पर, खाद्य वस्तुएं महंगी हुईं

**भाषा।** नई दिल्ली

**खाद्य वस्तुओं** के दाम बढ़ने के बावजूद जनवरी, 2022 में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति घटकर 12.96 प्रतिशत पर आ गई। सरकारी आंकड़ों से सोमवार को यह जानकारी मिली है। दिसंबर, 2021 में थोक मुद्रास्फीति 13.56 प्रतिशत और जनवरी, 2021 में 2.51 प्रतिशत पर थी। थोक मुद्रास्फीति अप्रैल, 2021 से लगातार दसवें माह 10 प्रतिशत से उंची बनी हुई है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी, 2022 में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति बढ़कर 10.33 प्रतिशत पर पहुंच गई। दिसंबर, 2021 में यह 9.56 प्रतिशत थी। इसी तरह समीक्षाधीन महीने में सब्जियों की मूल्यवृद्धि 34.85 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो पिछले महीने 31.56 प्रतिशत थी। दालों, अनाज और धान की मद्रास्फीति माह-दर-माह आधार पर बढ़ी। अंडा, मांस और मछली की मुद्रास्फीति जनवरी में 9.85 प्रतिशत रही। दूसरी ओर आलू के दाम माह के दौरान 14.45 प्रतिशत और प्याज के 15.98 प्रतिशत कम हुए। विनिर्मित वस्तुओं की मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 9.42 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर, 2021 में यह 10.62 प्रतिशत थी। जनवरी में ईंधन और ऊर्जा खंड में मुद्रास्फीति 32.27 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले महीने 32.30 प्रतिशत थी।

## खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 6.01 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** कुछ खाद्य उत्पादों के महंगा होने से खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 6.01 प्रतिशत पर पहुंच गई। खुदरा महंगाई दर का यह स्तर रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे से ऊपर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर दिसंबर 2021 में 5.66 प्रतिशत और जनवरी 2021 में 4.06 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य उत्पादों की महंगाई दर जनवरी 2022 में 5.43 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 4.05 प्रतिशत थी। रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति पर विचार करते समय मुख्य रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति पर गौर करता है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ खुदरा महंगाई दर चार प्रतिशत पर बनाए रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।

# क्विक न्यूज

## इल्कर आयसी एयर इंडिया के सीईओ, प्रबंध निदेशक नियुक्त

**मुंबई।** टाटा संस ने तुर्की एयरलाइंस के पूर्व चेयरमैन इल्कर आयसी को अपनी विमानन कंपनी एयर इंडिया का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। टाटा संस ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एयर इंडिया के निदेशक मंडल ने आयसी की उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए सोमवार दोपहर एक बैठक आयोजित की। बैठक में आयसी की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। यह नियामकीय मंजूरी पर निर्भर है।

## सिंधिया ने प्रमुख हवाईअड्डों को अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाने के लिए सलाहकार समूहों से चर्चा की

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को देश के प्रमुख हवाईअड्डों को अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए हवाईअड्डों और एयरलाइंस के सलाहकार समूहों के साथ विचार-विमर्श किया। सिंधिया ने पिछले साल जुलाई में नागर विमानन मंत्रालय का प्रभार संभाला था। उसके बाद से वह कोविड-19 से प्रभावित नागर विमानन क्षेत्र को उबारने के लिए कई सलाहकार समूहों का गठन कर चुके हैं। मंत्री ने ट्वीट किया, देश के प्रमुख हवाईअड्डों को अंतरराष्ट्रीय केंद्र वाले हवाईअड्डों के रूप में विकसित करने के लिए हवाईअड्डों तथा एयरलाइंस के सलाहकार समूहों के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया।

## अडाणी विल्मर का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 66 प्रतिशत बढ़कर 211.41 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल कंपनी अडाणी विल्मर का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में 66 प्रतिशत बढ़कर 211.41 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 127.39 करोड़ रुपए था। वही कंपनी की कुल आय 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही में बढ़कर 14,405.82 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 10,238.23 करोड़ रुपए थी।

## टीवीएस ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी फाइल किया

**मुंबई।** टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के यहाँ दाखिल किया है। टीवीएस एससीएसए भारत.स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जिसने भारत में आपूर्ति श्रृंखला समाधान बाजार के विकास को आगे बढ़ाया। यह वित्तीय वर्ष 2021 में राजस्व की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता में से एक है। पिछले 15 वर्षों से, कंपनी ने भारत और दुनिया के चुनिंदा बाजारों में कई उद्योगों में अनुकूलित तकनीक; सक्षम समाधानों के माध्यम से बड़ी और जटिल आपूर्ति श्रृंखलाओं का प्रबंधन किया है। कंपनी के पास दुनिया भर में प्रमुख ग्राहक आधार है।. यह 25 से अधिक देशों में मौजूद है, और वित्त वर्ष22 की पहली छमाही के दौरान 60 से अधिक फॉर्च्यून ग्लोबल 500, 2021 ग्राहकों को सेवा प्रदान कर चुकी है। आईपीओ में कुल 20,000 मिलियन रु के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और प्रवर्तक विक्रेता शेयरधारकों और निवेशक विक्रेता शेयरधारकों द्वारा 1 रुअंकित मूल्य के 59,48 मिलियन इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है।

## अब केवल 300 अमेरिकी डॉलर का निवेश करके वैश्विक सम्पत्ति के शेयरधारी बनें

**नई दिल्ली।** आकारचेन डॉट ओई के साथ कोई भी अनुभवी नवोदित रियल एस्टेट निवेशक आसानी से केवल 300 अमेरिकी डॉलर का निवेश करके दुनिया में कहीं भी संपत्ति का मालिक बन सकता है। रियल एस्टेट एनएफटी के लिए आकारचेन डॉट ओई दुनिया का पहला विकेन्द्रीकृत बाजार है। आकारचेन डॉट ओइ एक रियल एस्टेट क्राउड फंडिंग निवेश प्लेटफॉर्म है। वास्तविक दुनिया में वैश्विक संपत्तियों को आकारचेन डॉट ओईद्ध पर सूचीबद्ध किया जाना है। वर्तमान में दुबई, संयुक्त अरब अमीरात की संपत्तियां सूचीबद्ध हैं। प्रत्येक सूचीबद्ध रियल एस्टेट संपत्ति को एनएफटी बनाकर डिजिटल किया जाता है। इसे भिन्नात्मक टोकन में विभाजित किया गया है जो संपत्ति में हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व और स्वामित्व का एक डिजिटल प्रमाण है। आकार चेन के संस्थापक और सीईओ वकास नखवा ने कहा कि आकारचेन में हम विभाजन द्वारा अचल में प्रवेश बाधा ला रहे हैं। शुरूआती चरण की आय और बैंकों में सीमित क्रेडिट लाइन वाले लोग वैश्विक संपत्तियों में निवेश यह सुनिश्चित करता है कि जो संस्थागत निवेशक कमाते हैं वही राजस्व अर्जित करते हैं।

## भेल को तेजस विमान के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर सेट की आपूर्ति का ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से तेजस विमानों के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर सेट की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। भेल ने सोमवार को एक बयान में कहा, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स से 83 एलसीए तेजस एमके। ये विमानों के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर सेट की आपूर्ति के लिए ऑर्डर मिला है। कंपनी के अनुसार इस आर्डर में एचएएल द्वारा निर्मित किए जा रहे।

## एमएसएमई मंत्रालय अमेजन के साथ मिलकर उत्पादन बढ़ाने के लिए काम करेगा: राणे

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मामलों के मंत्री नारायण राणे ने सोमवार को कहा कि उनका मंत्रालय ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन के साथ मिलकर देश में उत्पादन बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को किफायती दामों पर लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करेगा। राणे ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम के तहत तैयार उत्पादों के लिए अमेजन इंडिया के मंच पर इंडिया ओडीओपी बाजार की शुरुआत करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा, अमेजन और एमएसएमई मंत्रालय मिलकर काम करेंगे। हम दोनों ही प्रगति, अपने उत्पादन के संवर्द्धन और लोगों तक अच्छे उत्पाद पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

## लाइफस्टाइल का नए समर कलेक्शन पेश

**मुंबई।** भारत का अग्रणी फैशन डेस्टिनेशन लाइफस्टाइल ने अपना नया स्प्रिंग, समर कलेक्शन पेश किया है। इसकी कीमत बहुत ही वाजिब रखी गई है। इस अवसर पर बोलते हुए लाइफस्टाइल के सीईओ देवराजन अय्यर ने कहा हमारे नए स्प्रिंग, समर कलेक्शन को लेकर हम उत्साहित हैं क्योंकि यह बेहतरीन स्टाइल के साथ आकर्षक कीमत पर पेश किया गया समर फैशन है स्प्रिंग, समर सीजन को कलर्स जॉय यूथ और पॉजिटिविटी के साथ जोड़ा जाता है और हमारे कलेक्शन का मकसद इन वाइब्स को लेटेस्ट ट्रेंड्स में दर्शाना है हम अपने ग्राहको को आमंत्रित करते हैं कि हमारे कलेक्शन स्टोर्स पर और ऑनलाइन एक्स्प्लोर करें और नए सीजन का स्टाइल से स्वागत करें। लाइफस्टाइल की नई स्प्रिंग,समर रेंज बेहतरीन है। और कलर्स प्रिंट्स और सिलआउट्स की उचित सजावट इसको इस मौसम के लिए बेहद अनुकूल बनाती है महिलाओं को यह कलेक्शन बेशक आकर्षित करेगा इन ड्रेसेज की कीमत मात्र 699 रुपये से शुरू होती है।

# एनसीएलएटी ने सीसीआई के आदेश के खिलाफ अमेजन की अपील पर सुनवाई 25 फरवरी तक टाली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सोमवार को ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन की याचिका पर सुनवाई 25 फरवरी तक टाल दी है। ई-कॉमर्स क्षेत्र की कंपनी ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा पारित आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का आग्रह किया है। सीसीआई ने अमेजन के फ्यूचर कूपंस प्राइवेट लि. (एफसीपीएल) के साथ करीब दो साल पुराने सौदे की मंजूरी को निलंबित कर दिया है।

एनसीएलएटी की पीठ ने कहा कि इस मामले की सोमवार को सुनवाई संभव नहीं है क्योंकि पीठ के एक सदस्य अपना कार्यकाल पूरा करने के पश्चात चार दिन बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पीठ ने कहा कि इस मामले में आदेश पारित करने से पहले अन्य पक्षों मसलन सीसीआई को भी अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा। इसमें कुछ समय लगेगा और सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य तब पीठ का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसे में एनसीएलएटी ने इस मामले की सुनवाई को टालते हुए अमेजन की याचिका को 25 फरवरी को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान अमेजन की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यम ने सीसीआई के आदेश पर स्थगन का आग्रह किया।

# भारतीय रिज़र्व बैंक का वित्तीय साक्षरता सप्ताह शुरू

**लखनऊ।** भारतीय रिज़र्व बैंक विभिन्न विषयों पर वित्तीय विक्षा संदेशों को प्रचार करने हेतु हर वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन करता रहा है। विगत तीन वर्षों में कार्यक्रम किसानों एमएसएमई और ऋ ण अनुशासन और औपचारिक सांस्थानों से ऋ ण पर केंद्रित थे। वर्तमान वर्षके एफएलडब्ल्यूके लिए चयनित विषय डिजिटल चुनो, सुरक्षा के साथ है जिसे 14 से 18 फरवरी 2022 के बीच मनाया जाएगा। यह ववर्य ववत्तीय विक्षण हेतुराष्ट्रीय कायषनीवत 2020-2025 के कार्यनीतिक उद्देश्यों में से एक है। इस वष के वित्तीय साक्षारता सप्ताह के तीन संदेशों डिजिटल लेनदेन की सुववधा,डिवजटल लेनदेन की सुरक्षा और ग्राहकों को संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बैंक ों क सूचित



किया गया है कि वे सूचना का प्रसार करें और अपने ग्राहकों तथा आम जनता के बीच जागरूकता फैलाएं । इसके अलावा आरबीआई आम जनता के लिए आवश्यक वित्तीय जागरूकता संदेशों को प्रसारित करने हेतु फरवरी 2022 माह के दौरान मीडिया के माध्यम से केंद्रीयकृत जनसंपर्क अभियान चलाएगा। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश मे ऑनलाइन माध्यम से आज किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आर लक्ष्मी कांत राव क्षेत्रीय निदशक भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ द्वारा नाबार्ड, एसएलबीसी तथा सभी अग्रणी बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के ऑनलाइन उपस्थिव में किया गया।

## रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा, मुद्रास्फीति का रुख अब नीचे की ओर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का मानना है कि मुद्रास्फीति का रुख अब नीचे की ओर है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक मूल्यवृद्धि और आर्थिक वृद्धि के बीच एक उचित संतुलन कायम करने का काम जारी रखेगा। रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के निदेशकों की बैठक के बाद दास ने यह बात कही। इस बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबोधित किया। दास ने कहा कि रिजर्व बैंक का मुद्रास्फीति का अनुमान मजबूत है, लेकिन इसका रुझान नीचे की ओर है। हालांकि, इसके साथ वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों का जोखिम जुड़ा है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक कोई राय बनाने से पहले कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के एक निश्चित दायरे पर गौर करता है।

# दलाल पथ पर काला सोमवार, रूस-यूक्रेन तनाव के बीच सेंसेक्स ने लगाया 1,747 अंक का गोता

**भाषा।** मुंबई

**रूस-यूक्रेन में** तनाव बढ़ने के बीच सोमवार को शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज हुई और सेंसेक्स।,700 अंक से अधिक टूट गया। निफ्टी भी 17,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। रूस-यूक्रेन तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों से निकल रहे हैं। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स।,747.08 अंक या तीन प्रतिशत के नुकसान से 56,405.84 अंक पर आ गया। यह 26 फरवरी, 2021 के बाद सेंसेक्स में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। सेंसेक्स लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में नीचे आया है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 531.95 अंक या



3.06 प्रतिशत टूटकर 17,000 अंक से नीचे 16,842.80 अंक पर बंद हुआ। इस साल निफ्टी पहली बार 17,000 अंक से नीचे आया है।

सेंसेक्स सिर्फ दो सत्रों में 2,520.19 अंक टूट चुका है। इन दो दिन में निवेशकों की पूंजी 12. 38 लाख करोड़ रुपए से अधिक घटी है। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,55,42,725.42 करोड़ रुपए पर आ गया है। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को छोड़कर अन्य सभी कंपनियों के शेयर नीचे आए। टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 5.49 प्रतिशत टूटा। एचडीएफसी, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक और मारुति के शेयर भी नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका और रूस के बीच यूक्रेन को लेकर तनाव बढ़ने से कच्चे तेल के दामों में तेजी आई। इसके चलते निवेशकों ने जोखिम वाली संपत्तियों से दूरी बनाई। फेडरल रिजर्व की आपात बैठक से पहले भी निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। ऐसी संभावना है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक अपने मौद्रिक रुख को सख्त कर सकता है। नायर ने कहा, घरेलू मोर्चे पर थोक मुद्रास्फीति मामूली घटकर जनवरी में 12.96 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर में यह 13.56 प्रतिशत पर थी।

## भारत ने जापान की कंपनियों औद्योगिक टाउनशिप में निवेश का न्योता दिया

**नई दिल्ली।** भारत ने जापान की कंपनियों को विभिन्न उभरते क्षेत्रों मसलन आईसीटी, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, ड्रोन, रोबोटिक्स और कपड़ा क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) तथा जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग (एमईटीआई) मंत्रालय के बीच सोमवार को यहां हुई बैठक में दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने भारत में जापानी औद्योगिक टाउनशिप (जेआईटी) की प्रगति की समीक्षा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि डीपीआईआईटी और राज्यों ने जापानी निवेशकों को इन औद्योगिक शहरों या टाउनशिप में विकसित भूमि और बुनियादी ढांचे की पेशकश की है। जेआईटी की स्थापना अप्रैल, 2015 में हुई थी।

# वाहन क्षेत्र की प्रोत्साहन योजना से पांच साल में 7.5 लाख रोजगार होंगे सृजित: सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली

**वाहन** और गाड़ियों के कल-पुर्जे बनाने वाली कंपनियों के लिए उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से अगले पांच साल में 7.5 लाख अतिरिक्त रोजगार और उत्पादन में 2,31,500 करोड़ रुपए की वृद्धि होने की संभावना है। भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव अरूण गोयल ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, हमने जिन 20 कंपनियों को वाहन क्षेत्र की पीएलआई योजना के लिए चुना है, उन्होंने 45,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। हमारी योजना 25,938 करोड़ रुपए की है, इसलिए हमें उम्मीद है कि इससे 2,31,500 करोड़ रुपए मूल्य का उत्पादन बढ़ेगा। वाहन और गाड़ियों के कल-पुर्जे बनाने वाली कंपनियों के लिए घोषित पीएलआई योजना के तहत फोर्ड, टाटा मोटर्स, सुजुकी, हुंदै, किआ और महिंद्रा एंड महिंद्रा समेत 20 कंपनियां प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी।

## पेटीएम का सकल व्यापारिक मूल्य जनवरी में दोगुना होकर 83,481 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम का सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) इस साल जनवरी में दोगुना से अधिक 83,481 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि जनवरी, 2021 में उसका जीएमवी 41,000 करोड़ रुपए था। कंपनी ने जनवरी में 921 करोड़ रुपए के 19 लाख ऋण वितरित किए। यह जनवरी 2021 में कंपनी द्वारा वितरित 212 करोड़ रुपए के चार लाख ऋणों की तुलना में कहीं अधिक है।

# पेज एक का शेष

## नशा व कर्ज मुक्त नया

मोदी ने प्रियंका गांधी द्वारा कैप्टन अमरिंदर को मुख्यमंत्री पद से हटाने के पार्टी के फैसले का बचाव करने के एक दिन बाद कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए, कहा कि कांग्रेस ने कैप्टन अमरिंदर को हटा दिया जब वह रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाने से इनकरार कर दिया था, दरअसल, केंद्र और कैप्टन अमरिंदर सरकार मिलकर पंजाब के लिए काम कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसमें बाधा बनने का काम किया और आखिरकार उन्हें पद से हटा दिया। मोदी ने अपने गुरुओं से मिली सीख को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस के पापों का घड़ा भर गया है। मोदी ने कहा कि यह उनके पापों का ही नतीजा है कि आज कांग्रेस पार्टी बिखर गई है, आज उनके अपने नेता अपनी पार्टी के खिलाफ बातें कर रहे हैं और एक दूसरे की पोल खोल रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने शराबबंदी

बीते 27 जनवरी को मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली एक अन्य पीठ ने बिहार सरकार की एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि उसने 11 जनवरी को राज्य शराब कानून के प्रावधान की वैधता पर कोई टिप्पणी नहीं की थी, जिसमें अग्रिम जमानत देने को प्रतिबंधित किया गया था। शीर्ष अदालत ने ऐसे मामलों में गिरफ्तारी से पहले जमानत देने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश को मंजूरी दे दी थी।

## कब होगा ईडब्ल्यूएस के

याचिकाकर्ता एनजीओ ने शिक्षा निदेशक को उन निजी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने की मांग की है, जो आवंटित सीटों पर छात्रों को दाखिला देने में नाकाम रहे हैं।

## भारत ने चीन से

मंत्रालय को इस बारे में गृह मंत्रालय से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत पाबंदी लगाने का अनुरोध मिला था। गूगल ने अपने बयान में कहा कि भारत सरकार से इन ऐप पर प्रतिबंध लगाने का अंतरिम आदेश मिलने के बाद उसने प्रभावित ऐप डेवलपरों को इसकी जानकारी दे दी है और अब भारत में गूगल प्ले स्टोर पर इन ऐप तक पहुंच रोक दी गई है। प्रतिबंध के दायरे में आए ऐप में ब्यूटी कैमरा: स्वीट सेल्फी एचडी, ब्यूटी कैमरा: सेल्फी कैमरा, राइज ऑफ किंग्सडम्स: लॉस्ट क्रुसेड, वीवा वीडियो एडिटर, टेंसेंट एक्सराइवर जैसे लोकप्रिय ऐप भी शामिल हैं। इनके अलावा गेमिंग ऐप गेरेना फ्री फायर- इल्युमिनेट, एस्टाक्राफ्ट, फैंसीयू प्रो, मूनचैट, बारकोड स्कैनर-क्यूआर कोड स्कैन और लीका कैम को भी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है। इस साल भारत सरकार ने चीन से संबंधित मोबाइल ऐप को प्रतिबंधित किया है। वर्ष 2020 में भी कई प्रमुख चीनी ऐप प्रतिबंधित किए गए थे। जून 2020 में सरकार ने टिकटॉक और यूसी ब्राउजर जैसे 59 चीनी ऐप पर पाबंदी लगा दी थी। जून 2020 में भारत सरकार ने चीनी ऐप पर प्रतिबंध लद्दाख में दोनों देशों की सेनाओं के बीच पैदा हुए तनाव के बाद उठाया था। उसके बाद इन प्रतिबंधित ऐप के नकली संस्करण के रूप में उतारे गए ऐप को भी अगस्त 2020 में प्रतिबंधित कर दिया था। उसी साल सितंबर में भी सरकार ने 118 अन्य चीनी ऐप पर भी पाबंदी लगा दी जिनमें लोकप्रिय गेमिंग ऐप पब्जी भी शामिल था।

## कांग्रेस अपनी राह

कांग्रेस अपने रास्ते चल सकती है, हम अपने रास्ते पर चलेंगे। बनर्जी ने कहा कि देश को नफरत और अत्याचारों के बीजों से मुक्त करने का वक्त आ गया है। भारत अपने संविधान के ध्वस्त होने के साथ ही राष्ट्रपति शासन की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और तेलंगाना के अपने समकक्ष के चंद्रशेखर राव से फोन पर बात की है। हम देश के संघीय ढांचे की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं। शीघ्र ही उनके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और झारखंड सीएम हेमंत सोरेन से संपर्क करने की संभावना है ताकि संयुक्त मोर्चे के लिए समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों की बैठक की जा सके। बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी गोवा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। ममता ने कहा कि देश को तभी बचाया जा सकता है जब पहले भाजपा के खिलाफ उत्तर प्रदेश को बचाया जाए। अगर हम 2024 में नरेंद्र मोदी को हराना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश तथा बंगाल जैसे बड़े राज्य सबसे ज्यादा मायने रखेंगे। वह वाराणसी में सपा के लिए रैली करने फिर तीन मार्च को उत्तर प्रदेश जाएंगी। बनर्जी का फोन आने के बाद राव ने रविवार को कहा कि वह भाजपा के खिलाफ विभिन राजनीतिक दलों को एकजुट करने के प्रयासों के तहत जल्द ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और टीएमसी सुप्रीमो से मुलाकात करेंगे। स्टालिन ने ममता से फोन पर बात करने के बाद ट्वीट करते हुए लिखा कि प्रिय दीदी ममता बनर्जी ने संवैधानिक अधिकारों के हनन और गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपालों द्वारा शक्तियों के दुरुपयोग पर अपनी चिंता को लेकर मुझे फोन किया। उन्होंने विपक्षी मुख्यमंत्रियों की बैठक का सुझाव दिया। मैंने उन्हें राज्य की स्वायत्ता बनाए रखने के लिए द्रमुक की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।

## बंगाल में चारों नगर निगमों

कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की और निर्दलीय उम्मीदवार एक वार्ड में जीता है। चंदरनगर में टीएमसी ने 32 में से 31 सीटें जीतीं जबकि माकपा ने एक सीट जीती है। सिलीगुड़ी नगर निगम (एमएमसी) माकपा नीत वाम मोर्चे से छीनना तृणमूल के लिए सोने पर सुहागा रहा। यहां उसने 47 में से 37 सीटों पर जीत दर्ज की। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा ने पांच सीटों पर कब्जा जमाते हुए विपक्ष का दर्जा हासिल कर लिया है जबकि वाम मोर्चा तीसरे स्थान पर चला गया है। उसे केवल चार सीटें ही मिली और कांग्रेस को एक सीट मिली है। आसनसोल में टीएमसी 106 में से 66 सीटों पर विजई हुई है और पांच वार्डों में आगे चल रही है जबकि भाजपा ने पांच सीटें और माकपा तथा कांग्रेस ने दो-दो सीटें जीती हैं। चारों नगर निगमों में जीत से उत्साहित पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों का आभार जताया।

## कर्नाटक में उच्च विद्यालय

हालांकि, उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए उन्हें स्कूल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। इसे लेकर शिक्षकों और छात्राओं के बीच कहासुनी हो गई। स्कूलों को फिर से खोलने से पहले रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने विश्वास जताया था कि शांति और सामान्य स्थिति कायम रहेगी। उन्होंने यह भी कहा था कि प्री-यूनिवर्सिटी और डिग्री कॉलेजों को फिर से खोलने के संबंध में स्थिति का आकलन करने के बाद फैसला किया जाएगा। सरकार ने शुक्रवार को कहा था कि हिजाब विवाद को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग और कॉलेजिएट और तकनीकी शिक्षा विभाग (डीसीटीई) के तहत आने वाले कॉलेजों के लिए घोषित अवकाश को 16 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में हिजाब से संबंधित सभी याचिकाओं के लंबित रहने के दौरान राज्य सरकार से शैक्षणिक संस्थानों को फिर से खोलने का अनुरोध किया था और सभी छात्रों को भगवा शॉल, स्कार्फ, हिजाब और किसी भी धार्मिक ध्वज को कक्षा के भीतर पहनने पर रोक लगा दी थी।

## स्कूली वेशभूषा से मिलत

बल्कि यूनिफॉर्म के रंग का हिजाब पहनने की अनुमति देने के सकारात्मक शासनादेश के लिए भी कर रहा हूं। कामत ने दावा किया कि केंद्रीय विद्यालयों में मुस्लिम छात्राओं को स्कूल यूनिफॉर्म का हिजाब पहनने की अनुमति दी जाती है और ऐसा ही यहां भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हिजाब पहनना एक अनिवार्य धार्मिक प्रथा है और इसके इस्तेमाल पर रोक लगाना संविधान के अनुच्छेद 25 में प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने एक विधायक की मौजूदगी वाली शिक्षा विकास समिति (सीडीसी) को यूनिफॉर्म के निर्धारण के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्री-यूनिवर्सिटी के द्वितीय वर्ष की छात्राएं दो वर्ष पहले नामांकन लेने के समय से हिजाब पहनती आ रही हैं। कामत ने कहा कि सरकार कहती है कि हिजाब पहनना समस्या बन सकता है क्योंकि अन्य छात्राएं भी अपनी धार्मिक पहचान प्रदर्शित करना चाहती हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई मंगलवार को जारी रखने का निर्णय लिया है।

## राजधानी में 87 वर्ष की

पुलिस ने कहा कि रविवार रात को मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी और उसके आधार पर तिलक नगर थने में मामला दर्ज किया गया। सोमवर को शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उनका यौन उत्पीड़न किया गया, तब उससे जुड़ी धारा मामले में जोड़ी गई। पुलिस का कहना है कि परिवार के सदस्यों के अनुसार घर में आरोपी के घुस आने पर बुजुर्ग महिला ने उससे सवाल किया तो उसने अपने को गैस एजेंसी का आदमी बताते हुए कहा कि उसे काम के लिए बुलाया गया था। परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि वृद्धा को उस व्यक्ति की हरकत पर संदेह हुआ और उसने शोर मचाने की कोशिश की तब, आरोपी ने उसपर हमला कर यौन उत्पीड़न किया। बाद में मोबाइल लेकर फरार हो गया।

# रूस ने यूक्रेन की सीमा पर सैनिकों की संख्या बढ़ाई : अमेरिका

## 1.30 लाख से अधिक की

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के एक** अधिकारी ने बताया है कि रूस ने यूक्रेन से लगती सरहद पर तैनात अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाकर 1.30 लाख से ज्यादा कर दी है। इससे पहले रूस ने सीमा पर एक लाख से अधिक सैनिकों को तैनात किया हुआ था। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि रूस इस हफ्ते यूक्रेन पर हमला कर सकता है। इसके मद्देनजर रविवार को कुछ विमानन कंपनियों ने यूक्रेन की राजधानी के लिए अपनी उड़ानों को रद्द कर दिया है। वहीं नाटो के सदस्यों की ओर से हथियारों की नई खेप भेजी गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से करीब एक घंटे तक बातचीत की। उनके सहयोगियों ने बाद में बताया कि ज़ेलेंस्की ने बाइडन से कहा कि यूक्रेन के लोग रूस की मजबूत सेना की ओर से संभावित हमले के मद्देनजर भरोसेबंद संरक्षण में हैं। व्हाइट हाउस ने कहा है कि दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि रूस के हमले को रोकने के लिए कूटनीति और निवारण, दोनों उपाय किए जाएं। गौरतलब है कि बाइडन प्रशासन ने कहा है कि रूस किसी घटना का बहाना बनाकर यूक्रेन पर आक्रमण कर देगा। हाल के दिनों की खुफिया पड़तालों ने चिंता बढ़ाई है। उनके मुताबिक, रूस पूर्वी यूक्रेन में मंगलवार को होने वाले सैन्य अभ्यास को निशाना बनाने की कोशिश कर सकता है ।



यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की अपने कार्यालय में काम करते हुए

### रूस ने यूक्रेन मुद्दे पर पश्चिम से और बातचीत का संकेत दिया

**मास्को।** यूक्रेन को लेकर चल रहे तनाव के बीच रूस के शीर्ष राजनयिक ने सोमवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को रूसी सुरक्षा मांगों पर पश्चिम के साथ बातचीत जारी रखने का सुझाव दिया। इसे संकेत माना जा रहा है कि क्रेमलिन का इरादा यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की आशंका को लेकर अमेरिकी चेतावनी के बीच राजनयिक प्रयासों को जारी रखने का है। रूस पश्चिमी देशों से गारंटी चाहता है कि नाटो गठबंधन यूक्रेन और अन्य पूर्व सोवियत देशों को सदस्य नहीं बनाएगा, गठबंधन यूक्रेन में हथियारों की तैनाती रोक देगा और पूर्वी यूरोप से अपनी सेना वापस ले लेगा। हालांकि इन मांगों को पश्चिमी देशों ने सिरे से खारिज कर दिया है। पुतिन के साथ एक बैठक में विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सुझाव दिया कि रूस को अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ बातचीत जारी रखनी चाहिए, भले ही उन देशों ने प्रमुख रूसी सुरक्षा मांगों को खारिज कर दिया है। लावरोव ने कहा कि अमेरिका ने यूरोप में मिसाइल तैनाती की सीमा, सैन्य अभ्यास पर प्रतिबंध और विश्वास बहाली के लिए अन्य उपायों पर बातचीत करने की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि बातचीत अनिश्चित काल तक नहीं चल सकती।

### रूसी हमले के डर के बीच यूक्रेन पहुंचे जर्मनी के चांसलर ओलाफ शॉल्त्स

**कीव।** नाटो सैनिकों की और टुकड़ियां सोमवार को पूर्वी यूरोप पहुंचीं, वहीं कुछ देशों ने अपने नागरिकों और राजनयिकों से यूक्रेन छोड़ने को कहा है। इसबीच, जर्मनी के चांसलर ने आज यूक्रेन पहुंच कर देश पर रूसी हमले की आशंकाओं को टालने का प्रयास किया। इस घटनाक्रम को लेकर दुनिया भर में हाई अलर्ट की स्थिति के बीच, ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जेम्स हिप्पी ने कहा कि रूस बिना नजर में आए अब प्रभावी तरीके से हमला कर सकता है। जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स सोमवार को यूक्रेन पहुंचे और यहां से उनकी योजना मॉस्को जाने और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को पीछे हटने के लिए समझाने की है। वहीं मॉस्को ने यूक्रेन पर हमले की किसी भी योजना से इंकार किया है, हालांकि उसने सीमा पर।,30,000 सैनिकों की तैनाती की हुई है। वहीं, अमेरिका का मानना है कि रूस ने थोड़े ही समय में वहां इतनी सैन्य शक्ति जमा कर ली है कि वह कभी भी हमला कर सकता है।

### राजकुमार चार्ल्स की पत्नी कैमिला कोरोना वायरस से संक्रमित

**लंदन।** ब्रिटेन में राजकुमार चार्ल्स की पत्नी कैमिला कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हैं। राजकुमार चार्ल्स के नमूने में भी चार दिन पहले कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई थी। शाही जोड़े के कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

चार्ल्स भी बृहस्पतिवार को संक्रमित पाए जाने के बाद से पृथक-वास में हैं।इसके मुताबिक, 73 वर्षीय चार्ल्स और 74 वर्षीय कैमिला कोविड-रोधी टीके की तीन खुराक ले चुके हैं। उल्लेखनीय है कि महामारी की पहली लहर के दौरान भी मार्च 2020 में चार्ल्स कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गए थे।

**PUBLIC NOTICE**

The general Public is hereby informed that my client Pawan Kumar S/o Matu Ram R/o C-112, Yadav Nagar, Samai Pur, Delhi-42,have disowned/debarred his son namely Vineet Aggarwal (age 36 years) from all their moveable and immoveable properties due to their quarrelsome character and bad behaviour towards my client. My client shall not be at all responsible of any act done by them in what so manner in future.

**NAZIA PARVEEN**(Advocate)
18, Hargovind Enclave,
Bhartendu Harish Chandra Marg, ND-110092
Mobile: 9278693021

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, Meena Kapoor D/o Late Shri Tilak Raj Sikka and W/o Late Shri Sunil Kapoor am the joint owner of C-306, Narwana Apartments, Plot no. 89, IP Extention, Patparganj, Delhi-92 along with Shri Sanjiv Mehta S/o Late Shri H. B. Mehta being the only surviving legal heirs of Late Shri Tilak Raj Sikka who was the owner of the above mentioned flat vide conveyance deed registered on 6/5/2003.A Share certificate pertaining to the aforesaid property issued in the name of the original allottee Smt. Shashi Gupta W/o Shri N. C. Gupta issued by Narwana Cooperative Group Housing Society Ltd. has been misplaced/lost on 6.2.2013. An FIR/NCR to this effect has been lodged with P.S. Crime Branch, Delhi vide LR No. 107769/2022 dated 7.2.2022. Any person(s) claiming any right, interest or having any objection or found in possession of the aforesaid original Share Certificate may write or contact the above named person or on her mobile number: 9971809081 within 15 days from the date of publication of this notice or can also write to the President, Narwana Cooperative Group Housing Society Ltd. at Narwana Apartments, IP Extention, Patparganj, Delhi-92.

**SUPRA INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED**

1212, Hemkund Tower, 89, Nehru Place, New Delhil – 110 019
Phone: 011-41608996, Website: www.supraindustrialresources.in
Email: supraexchange.com@gmail.com CIN:L65999DL1985PLC019987

Standalone Unaudited Provisional Financial Results for the Quarter Ended 31.12.2021

Rs. In Lakhs (Except EPS)

| S. No | Particulars | Quarter Ending | Previous Quarter Ended | Corresponding three months Ended in the previous year |
|---|---|---|---|---|
| | | 31-Dec-21 | 30-Sep-21 | 31-Dec-20 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited |
| 1 | Total income from operations (net) | 0.76 | 0.75 | 0.97 |
| 2 | Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax* | (0.67) | (1.54) | (1.87) |
| 3 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (0.67) | (1.54) | (1.87) |
| 4 | Equity Share Capital | 25.00 | 25.00 | 25.00 |
| 5 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 5.44 | 5.44 | 12.26 |
| 6 | Earnings Per Share (from ordinary items) (of Rs.10/- each) (In Rs.) 1.Basic: 2.Diluted : | (0.27) | (0.61) | (0.74) |
| | *The Company does not have any extraordinary item to report for the above period | | | |

NOTES:
1: The above is an extract of the detailed format of Quarter ended 31.12.2021 Financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulation, 2015. The full financial results is available on the company's Website www.supraindustrialresources.in and on the stock exchange website www.msei.in
2. The Unaudited standalone financial results of the Company for the quarter ended 31.12.2021 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 14.02. 2022.
3. This statement has been prepared in accordance with the companies (Indian Accounting Standards)Rules 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recongnised accounting practices and policies to the extend applicable.

for Supra Industrial Resources Ltd.,
Sd/-
Rajat Agarwal
Director
(DIN 00266205)

Place: New Delhi
Date: 14/02/2022

### इज़राइली पुलिस ने पूर्वी यरुशलम में हिंसा को रोकने की कोशिश की

**यरुशलम।** इज़राइल की पुलिस ने पूर्वी यरुशलम के एक इलाके में रविवार देर रात चरम अंधराष्ट्रवादी यहूदी कार्यकर्ताओं और फलस्तीनी निवासियों के बीच हिंसा होने से रोकने की कोशिश की। यह अशांति शेख जर्राह इलाके में उपजी है। इसी इलाके में अशांति को लेकर इजराइल और गाज़ा पट्टी के सत्तारूढ़ हमास के बीच 11 दिन की लड़ाई चली थी। शेख जर्राह और पूर्वी यरुशलम के अन्य इलाकों में रहने वाले फलस्तीनी परिवारों को क्षेत्र से फलस्तीनी जमीन पर यहूदी बस्ती बनाने वाले संगठनों की ओर से हटाए जाने का खतरा है। इसे लेकर दोनों पक्षों में तनाव रहता है और यह अक्सर हिंसा में बदल जाता है। शेख जर्राह में फलस्तीनी जमीन पर बसाए गए एक परिवार के घर को सप्ताहांत में आग लगा दी गई थी जिसके बाद यह तनाव व्याप्त हुआ। इसके बाद अंधराष्ट्रवादी सांसद इतमार बेन-गवीर ने रविवार तड़के इस जलाए गए घर के निकट एक अस्थाई कार्यालय बना लिया।

### जर्मनी : मिलावटी शैंपेन पीने से एक व्यक्ति की मौत, आठ अन्य गंभीर रूप से बीमार

**बर्लिन।** जर्मनी के बावरिया प्रांत में एक बार में कथित तौर पर मिलावटी शैंपेन पीने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराना पड़ा। जर्मन पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की खबर में कहा गया है कि पुलिस के मुताबिक जिस व्यक्ति की मौत हो गई उसकी उम्र 52 वर्ष है, जबकि अन्य की उम्र 33 से 52 वर्ष के बीच है। पुलिस ने यह पुष्टि नहीं की है कि बार में वे लोग किस चीज का सेवन कर रहे थे, हालांकि उन्होंने बताया कि इन लोगों ने एक बोतल मंगाई और उसे साझा किया था। वहीं, स्थानीय मीडिया की खबर के मुताबिक वे सभी शैंपन की एक बोतल साझा कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर वह बार में पहुंची और उसने फर्श पर गंभीर हालत में पड़े आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना बावरिया प्रांत के वेदेन कस्बे में शनिवार रात हुई।

### जापान की पेय पदार्थ कंपनी का म्यांमा में संयुक्त उद्यम से हटने का फैसला

**बैंकॉक।** जापान की पेय पदार्थ क्षेत्र की दिग्गज कंपनी किरिन होल्डिंग्स ने सोमवार को कहा कि उसने म्यांमा में अपने संयुक्त उद्यम से हटने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा कि उसके बोर्ड ने म्यांमा इकोनोमिक होल्डिंग्स पीएलसी के साथ भागीदारी को तत्काल खत्म करने का फैसला लिया है क्योंकि उसने पाया कि इस उद्यम को उस तरीके से जल्दी से खत्म करना मुश्किल होगा जैसा कि किरिन चाहती है। किरिन के मालिक सैन माइग्वेल, फैट टायर और लॉयन ब्रांड्स ने एक साल से भी अधिक समय पहले ऐलान किया था कि वह एक फरवरी 2021 को हुए सैन्य तख्तापलट से खुश नहीं है।

### आईएईए ने जापान के क्षतिग्रस्त परमाणु संयंत्र से पानी छोड़े जाने की समीक्षा शुरू की

**तोक्यो।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की एक टीम ने क्षतिग्रस्त हुए फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से लाखों टन शोधित रेडियोधर्मी पानी को समुद्र में छोड़ने की जापान की योजना की सोमवार को समीक्षा शुरू की। जापान को इस समीक्षा से उसकी योजना में विश्वास पैदा होने की आस है। पंद्रह सदस्यीय टीम को मंगलवार को फुकुशिमा संयंत्र का दौरा करना है और अपनी इस पांच दिवसीय यात्रा के दौरान टीम को सरकारी एवं संयंत्र के अधिकारियों के साथ बैठक भी करनी है। सरकार और टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग ने पिछले साल अपनी योजना का ऐलान किया था।

## न्यूजीलैंड की पीएम ने टीका विरोधी प्रदर्शन के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करने के संकेत दिए

भाषा। वेलिंगटन

**न्यूजीलैंड की** प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए जारी आदेशों का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारी धमकी और दमन का सहारा ले रहे हैं। इस बीच, अधिकारी प्रदर्शनकारियों के काफिले के प्रति कठोर रुख अपनाते नजर आए, जिसने लगभग एक हफ्ते से राजधानी वेलिंगटन की सड़कों को बाधित कर रखा है।



पुलिस ने शुरुआत में प्रदर्शनकारियों को न्यूजीलैंड की संसद के बाहर सड़क पर टेंट और शिविर स्थापित करने दिए। लेकिन, बृहस्पतिवार को 122 प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के साथ उसने सख्त रुख अख्तियार कर लिया। इससे लोग पीछे हटने लगे। बीते हफ्ते प्रदर्शनकारियों की संख्या घट कर सैकड़ों में रह गई, लेकिन सप्ताहांत यह दोबारा बढ़कर 3,000 के पार चली गई। संवाददाताओं से बतचीत में जेसिंडा ने प्रशासन के सब्र का बांध टूटने के संकेत दिए। उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारियों को लेकर मेरा एकदम स्पष्ट रुख है और जिस तरह से उन्होंने अपना विरोध जताया है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह मध्य वेलिंगटन के आसपास के लोगों को डराने और परेशान करने के दृष्टिकोण से कहीं आगे बढ़ चुका है। संसद के अध्यक्ष ट्रेवर मल्लार्ड ने पिछले हफ्ते मैदान में लगे फव्वारों को चालू करके और बैरी मनिलो के दशकों पुराने गाने बजा कर प्रदर्शनकारियों को असहज करने की कोशिश की थी। पुलिस ने सोमवार को प्रदर्शनकारियों से कहा कि वे अपने अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों को जल्द से जल्द हटाएं। प्रदर्शनकारियों को पास के स्टेडियम में वैकल्पिक पार्किंग की पेशकश की गई है।वेलिंगटन के जिला कमांडर, अधीक्षक कोरी पार्नेल ने कहा, वेलिंगटन के लोगों को शहर के चारों ओर स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से घूमने का अधिकार है, इसलिए सभी सड़कों को खाली कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## पाकिस्तान के पंजाब में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में शिया विद्वान पर हमला किया

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान के** पंजाब सूबे में धार्मिक किताब के पन्नों को कथित तौर पर जलाने से नाराज भीड़ ने एक शिया विद्वान पर हमला कर उसे घायल कर दिया जबकि इससे पहले ईंशनिंदा के आरोप में एक अधेड़ व मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की पत्थरों से मार-मार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधिकारी मुबाशर मैकान ने बताया कि लाहौर से करीब 180 किलेमीटर दूर फैसलाबाद जिले के टांडलियांवाला में लाठी-डंडो, ईंट और अन्य वस्तुओं से लैस लगभग एक दर्जनों लोगों ने कथित ईशनिंदा करने पर विद्वान के घर को घेर लिया। हालांकि, मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बचा लिया। घटना के बाद पुलिस विद्वान को अज्ञात स्थान पर ले गई है और उनके परिवार को भी सुरक्षा कारणों से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब सूबे में गत दो महीनों में भीड़ द्वारा की गई हिंसा में दो लोगों के मारे जाने की घटना सामने आई है। शनिवार को भी बारा चक गांव निवासी एवं मानसिक रूप से बीमार मुस्ताक अहमद नामक व्यक्ति की खानेवाल जिले के डेरावाला गांव के जंगल में पवित्र कुरान का कथित अपमान करने के आरोप में करीब 300 लोगों की भीड़ ने पत्थर से मार-मारकर हत्या कर दी और शव को पेड़ पर टांग दिया।

**जस्टराइड एंटरप्राइजेज लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1967पीएलसी004704
पंजी. कार्या. : फ्लैट नंबर 133, सी4ई, पाकेट नंबर 11, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058
ई–मेल आईडी : justridelimited@gmail.com वेबसाइट : www.justrideenterprises.in

31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त (31–12–2021) अलेखापरीक्षित | 9 माह समाप्त (31–12–2021) अलेखापरीक्षित | पूर्व वर्ष में संगत तिमाही समाप्त (31–12–2020) अलेखापरीक्षित | पूर्व वर्ष समाप्त (31–03–2021) लेखापरीक्षि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | | | | |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | -0.31 | -4.62 | -0.57 | -7.43 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | -0.31 | -4.62 | -0.57 | -7.43 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | -0.31 | -4.62 | -0.57 | -7.43 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है] | -0.31 | -4.62 | -0.57 | -7.43 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 14.73 | 14.73 | 14.73 | 14.73 |
| 7 | संचेय (पूर्व वर्ष के तुलनपत्र में दर्शितानुसार 31–03–2021 के अनुसार पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | NA | NA | NA | -215.46 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) (1) मूल : (2) तनुकृत : | -0.02<br>-0.02 | -0.31<br>-0.31 | -0.04<br>-0.04 | -0.50<br>-0.50 |

नोट :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज (बीएसई) में प्रस्तुत किए गए 31–12–2021 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। 31–12–2021 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामा का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bselindia.com पर तथा कम्पनी की वेबसाइट www.justrideenterprises.in पर उपलब्ध है।
2. 31–12–2021 को समाप्त तिमाही हेतु उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम दिनांक 14 फरवरी, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए हैं।

वास्ते जस्टराइड एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता./–
सूर्य कुमार
(निदेशक)

तिथि : 14–02–2022
स्थान : नई दिल्ली

## जयशंकर ने फिलीपीन के विदेश मंत्री के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की

### चीन, भारत को सीमा समझौतों का अनुपालन करना चाहिए : चीनी विदेश मंत्रालय

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि चीन और भारत को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति एवं स्थिरता बरकरार रखने पर हुए सीमा समझौतों का अनुपालन करना चाहिए। दरअसल, कुछ दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लिखित समझौतों का चीन द्वारा सम्मान नहीं किए जाने के चलते एलएसी पर मौजूद स्थिति के लिए बीजिंग को जिम्मेदार ठहराया था, जिसके बाद चीन ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने जयशंकर के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, सीमा मुद्दे पर, चीन ने हमेशा ही कहा है कि हमे उन संधियों और समझौतों का अनुपालन करना चाहिए, जिन पर हमने हस्ताक्षर किए हैं तथा हमें सीमावर्ती क्षेत्र में संयुक्त रूप से शांति एवं स्थिरता कायम रखनी चाहिए। वांग ने कहा, हमें उम्मीद है कि लंबित मुद्दों को हल करने के लिए दोनों पक्ष सैन्य एवं कूटनीतिक माध्यमों से संवाद जारी रखेंगे।



भाषा। मनीला

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने फिलीपीन की पहली यात्रा पर सोमवार को दक्षिणपूर्व एशियाई देश के अपने समकक्ष टियोडोरो एल लोक्सिन के साथ दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास आकांक्षाओं सहित कई मुद्दों पर बातचीत की। ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल की तीन बैटरी भारत से खरीदने के लिए 37.5 करोड़ डॉलर के एक सौदे पर दक्षिणपूर्व एशियाई देश के हस्ताक्षर करने के करीब दो हफ्ते बाद जयशंकर फिलीपीन की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर ने ट्वीट किया, फिलीपीन के विदेश मंत्री टियोडोरो एल लोक्सिन के साथ सार्थक चर्चा हुई। हम हमारी (दोनों देशों की) साझेदारी के एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने व्यापक वार्ता के बाद एक अन्य ट्वीट में कहा, सतत बातचीत के जरिए साझा एजेंडा को आगे ले जाने की उम्मीद करता हूं। गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए आपका धन्यवाद। इससे पहले फिलीपीन के विदेश विभाग ने एक ट्वीट में कहा था, मंत्री लोक्सिन और जयशंकर के फिलीपीन और भारत के बीच मौजूदा मजबूत संबंधों के साथ ही द्विपक्षीय सबंधों की भविष्य की दिशा पर चर्चा करने की संभावना है। लोक्सिन ने वार्ता के लिए जयशंकर के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया। इस यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों मंत्री नवंबर 2020 में द्विपक्षीय सहयोग पर संयुक्त आयोग की बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में घटनाक्रम की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि परस्पर हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। मंत्रालय ने कहा, इस यात्रा से हिंद-प्रशांत में हमारे अहम साझेदारों ऑस्ट्रेलिया तथा फिलीपीन के साथ द्विपक्षीय रिश्तों को और गति मिलने की उम्मीद है।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के परियोजना प्रबंधक को रिश्वत देने के मामले में कारावास

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर में** भारतीय मूल के एक परियोजना प्रबंधक को एक सरकारी एजेंसी के सहायक अभियंता को 33,513 अमेरिकी डॉलर की रिश्वत देने के मामले में सोमवार को सात महीने कारावास की सजा सुनाई गई। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, 52 वर्षीय गणेशन सुप्पियाह ने पब्लिक यूटिलिटीज बोर्ड (पीयूबी) के सहायक अभियंता जमालुद्दीन मोहम्मद को रिश्वत देने का एक आरोप और जमालुद्दीन को फर्जी बिल बनाने के लिए उकसाने का एक अन्य आरोप स्वीकार किया है। अदालत को सुनवाई के दौरान बताया गया कि जब ए अपराध किए गए, उस समय गणेशन पाइप वर्क्स और क्रिस्को सिंगापुर कंस्ट्रक्शन दोनों का परियोजना प्रबंधक (प्रोजेक्ट मैनेजर) था। चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, गणेशन ने नवंबर 2017 से अगस्त 2018 के बीच जमालुद्दीन को 45,169 सिंगापुरी डॉलर (33,513 अमेरिकी डॉलर) दिए, ताकि उसका काम सुचारू रूप से चलता रहे। गणेशन के वरिष्ठ अधिकारी को अपराध में इस्तेमाल किए गए ।

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–1110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई–मेल : cs@deltoncables.com, सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही/नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण रू. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31–12–2021 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31–12–2021 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31–12–2020 अलेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 4,147.67 | 11,169.30 | 2,605.30 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (224.90) | (281.26) | (85.55) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले, (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (224.90) | (281.26) | (85.55) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात, (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (198.60) | (217.80) | (81.97) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं, | (200.74) | (224.55) | (74.43) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पूर्व) (रू. 10/– प्रत्येक का) (क) मूल (रू.) (ख) तनुकृत (रू.) | (2.30)<br>(2.30) | (2.52)<br>(2.52) | (0.95)<br>(0.95) |

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाए) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/समाप्त नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध है।
(2) उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनीज (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं।
(3) उपरोक्त परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा 14 फरवरी, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता/–
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14–02–2022

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल **जगमोहन जैन** पुत्र कबूल चंद और **कमलेश जैन** पत्नी जगमोहन जैन **निवासी बी-2/227,प्रथम तल, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-63** ने अपने पुत्र **विपिन जैन** को उसके बेईमान,अवज्ञाकारी व्यवहार के कारण उनकी चल और अचल संपत्ति से वंचित कर दिया है। मेरे मुवक्किलों ने भी उसके साथ अपने सभी संबंध तोड़ लिए हैं। अगर कोई उसके साथ किसी भी तरह का व्यवहार करता है, तो वे अपने जोखिम पर ऐसा करते हैं। मेरे मुवक्किल किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
Ramesh Chander Anand (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

## हांगकांग में तीन साल के बच्चों का टीकाकरण

भाषा। हांगकांग

**अर्ध-स्वायत्त** चीनी शहर हांगकांग में कोरोना वायरस से संक्रमण के नए मामलों में वृद्धि होने के मद्देनजर तीन साल तक के बच्चों को टीका लगाने की योजना बनाई गई है। यह घोषणा सोमवार को की गई, जब सरकार ने संक्रमण के।,347 नए मामले सामने आने की जानकारी दी।नगर में महामारी की नई लहर के लिए वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप को कारण बताया गया है और लोगों के एकत्र होने को लेकर पहले ही प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। हांगकांग में हेयर सैलून से लेकर किराने की दुकानों में लोग उमड़ रहे हैं और वे स्टॉक एकत्र कर रहे हैं। अधिकारियों ने उन आवासीय भवनों को बंद कर दिया है, जहां संक्रमण के अधिक मामले सामने आए हैं। शॉपिंग मॉल और सुपरमार्केट में केवल टीकाकरण कराने वाले लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा, जबकि पूजा स्थलों, हेयर सैलून और अन्य व्यवसायों को बंद रखने का आदेश दिया गया है।

### स्वीडन : बुजुर्गों को टीके की चौथी खुराक की सिफारिश

**स्टॉकहोम।** स्वीडन में 80 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को कोविड-19 टीके की चौथी खुराक देने की सिफारिश की गई है।

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00004713455/एलबीडीईएल00005314811, कर्जदार का नाम एसके नंदा एफ ऐंड बी फूड सेंटर सम्पत्ति पता प्लॉट नंबर सी–2, विशाल एन्क्लेव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के संबंध में सूचनाएं – धारा 13(2) के तहत मांग सूचना दिनांकित 24 अगस्त, 2021 डिलीवर की गई थी और धारा 13(4) के तहत सांकेतिक प्रकाशन सूचना समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) तथा पायनियर (हिन्दी) दिनांकित 05 जनवरी, 2022 में प्रकाशित की गई थी।

हम यह उल्लेख करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना किसी इरादे के उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा मांग सूचना पता प्लॉट नंबर सी–2, विशाल एन्क्लेव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के स्थान पर भू तल एवं प्रथम तल, प्लॉट नंबर सी–2, विशाल एन्क्लेव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली वर्णित किया गया था। हम, अतएव, आपसे उसको प्लॉट नंबर सी–2, विशाल एन्क्लेव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।

उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित अन्य सभी विवरण पूर्ववत रहेगा। हम इस संबंध में आपको हुई असुविधा के लिए हृदय से खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 15 फरवरी, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**RAMPUR FERTILIZERS LIMITED**

Registered Office: Judges Bareilly Road, Rampur 244 901 (U.P.)
CIN: L15136UP1988PLC010084 Email id- info@rampurfert.com, Web.: www.rampurfert.com

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / NINE MONTHS ENDED ON 31ST DEC. 2021

(Rs. In Lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone Results | | | | Consolidated Results | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | Quarter ended | Year ended |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| | | 31.12.2021 | 30.09.2021 | 31.12.2020 | 31.03.2021 | 31.12.2021 | 31.03.2021 |
| 1 | Total Income from Operations | 898.02 | 514.9 | 704.52 | 2189.43 | 898.02 | 2189.43 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional"items) | 5.23 | 9.56 | 233.59 | 510.8 | 5.23 | 510.8 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items) | 5.23 | 9.56 | 233.59 | 510.8 | 5.23 | 510.8 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax | -34.77 | -25.44 | 173.59 | 417.95 | -34.77 | 417.95 |
| 5 | Net Profit / (Loss) after taxes, & Share of Profit / (Loss) of Associtates | -34.77 | -25.44 | 173.59 | 417.95 | -31.78 | 429.16 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 494.82 | 494.82 | 494.82 | 494.82 | 494.82 | 494.82 |
| 7 | Earnings/(loss) per share (of Rs. 10/- each) (not annualised, in Rs.) for continuing and discontinuing operations | | | | | | |
| | Basic / Diluted | -0.70 | -0.51 | 3.51 | 8.45 | -0.70 | 8.45 |

NOTES:
1 The above is an extract of the financial results for the quarter / nine months ended on 31st Dec. 2021 filed with the stock exchanges under regulation 33 of SEBI (LODR) Regulation, 2015. The full Financial results for the quarter ended 31st Dec. 2021 are available on "www.msei.in, www.cse-india.com and www.rampurfert.com.

By order of the Board
Sd/-
Anshuman Khaitan
(Managing Director)

Place : New Delhi
Date : 14/02/2022

## टॉकटाइम | शिव चौहान और आशीष खरे

*कास्टिंग डायरेक्टर जोड़ी, जो स्त्री पर अपने काम को लेकर जानी जाती है, ने बधाई दो के लिए समूची कास्टिंग की है, जो पिछले हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। डायरेक्टर जोड़ी **सुप्रिया रमेश** के साथ अपने अनुभव, तथा अन्य चीजों के साथ बतौर कास्टिंग डायरेक्टर अपनी यात्रा की चर्चा कर रही हैं*



# हम एक साझा लक्ष्य के लिए काम करते हैं

**बधाई दो किसके बारे में है?**

फिलहाल, हम फिल्म के बारे में जो कुछ भी कहेंगे, वह इसे वास्तविकता के स्तर पर सही नहीं ठहराएगा। क्या यह सुविधाजनक विवाह के बारे में है, तो हम कहेंगे हां! क्या यह दो लोगों के बारे में है जो समाज नियमों के कारण खुले तौर पर खुशी नहीं चुन सकते हैं, तो हम कहेंगे हां! क्या यह परिवार, समाज के बारे में है या यह बदलाव के बारे में है, हम सभी को हां कहेंगे क्योंकि बधाई दो इस समय हम जो कुछ भी कह सकते हैं, उससे कहीं अधिक है।

**कास्ट चुनना कठिन होगा। आप योग्य अभिनेताओं को खोजने का प्रबंधन कैसे करते हैं?**

हर फिल्म की अपनी खास कास्टिंग संबंधी चुनौतियां होती हैं जो इसे हमारे लिए दिलचस्प और रोमांचक बनाती हैं। वास्तविक ऑडिशन शुरू करने से पहले हम बहुत सारे पूर्व-कार्य करते हैं जैसे कि चर्चा और प्रत्येक भूमिका के लिए अभिनेताओं की सूची। हम किसी अभिनेता को उनके पिछले काम से नहीं देखते हैं और सूची बनाने की प्रक्रिया में खुले दिमाग रखते हैं। हां, बहुत से योग्य अभिनेता हैं जिनका हम ऑडिशन लेते हैं, उन्हें दूसरे दौर के लिए शॉर्टलिस्ट करते हैं, कभी-कभी तीसरे और सर्वश्रेष्ठ का चयन किया जाता है।

**पहले स्त्री और अब बधाई दो। राजकुमार राव आपके पसंदीदा लगते हैं। वहां कैसी भूमिकाएं हैं?**

हां! वह वास्तव में हमारे पसंदीदा अभिनेता हैं और विक्की और शार्दुल के लिए राजकुमार से संपर्क करने का सारा श्रेय हमारे निर्देशकों अमर कौशिक और हर्षवर्धन कुलकर्णी को जाता है। हम धन्य हैं कि हमें इन दो अद्भुत पटकथाओं के लिए एक शानदार टीम तैयार करने का अवसर मिला है। जैसा कि आप ट्रेलर से पहले ही समझ चुके होंगे कि भूमि एक पीटी शिक्षक की भूमिका निभा रही है और राजकुमार एक पुलिस अधिकारी की, दोनों सुविधाजनक शादी में फंस जाते हैं।

**क्या राजकुमार राव का किरदार बधाई हो से लेकर स्त्री में किसी रूप में एक समान है?**

सिर्फ एक छोटे शहर की कहानी होने के अलावा कोई समानता नहीं है।

> हम दोनों प्रशिक्षित अभिनेता हैं और एक ठोस थिएटर पृष्ठभूमि से है। कास्टिंग असिस्टिंग के दिनों में हमने कई प्रोजेक्ट्स में साथ काम किया। कुछ नामों का उल्लेख करें तो करीब क़रीब सिंगल, घोल, डैडी आदि जैसी परियोजनाएं। और स्त्री के जरिए, कास्टिंग निर्देशकों के रूप में हमारी यात्रा शुरू हुई।

**आप दोनों ज्यादातर जोड़ी में काम करते हैं। कितनी बार आप दोनों एक जैसा सोचते हैं? क्या यह कठिन है? आप विभिन्न विकल्पों से कैसे निपटते हैं?**

हमारे अक्सर अलग-अलग दृष्टिकोण होते हैं। भले ही किसी का दृष्टिकोण अलग हो सकता है, मगर हम एक सामान्य लक्ष्य के लिए काम करते हैं इसलिए हम उचित तर्क के साथ चर्चा के जरिए इस स्थिति से निपटते हैं।

**एक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में आपका सफर कैसे शुरू हुआ?**

हम दोनों प्रशिक्षित अभिनेता हैं और एक ठोस थिएटर पृष्ठभूमि से है। कास्टिंग असिस्टिंग के दिनों में हमने कई प्रोजेक्ट्स में साथ काम किया। कुछ नामों का उल्लेख करें तो करीब क़रीब सिंगल, घोल, डैडी आदि जैसी परियोजनाएं। और स्त्री के जरिए, कास्टिंग निर्देशकों के रूप में हमारी यात्रा शुरू हुई।

**आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**

जब आप कोशिश करते हैं और अपनी यात्रा शुरू करते हैं तो चुनौतियां सामने आती हैं। हम उन्हें यह समझाने के लिए निर्माता /निर्देशक का नंबर देते हैं कि हमने स्त्री में अविश्वसनीय काम किया है, जिसे वे पहले से ही स्थापित खिलाड़ी द्वारा कराना चाहते थे। और यह कि हम अनेक प्रसिद्ध परियोजनाओं के पीछे का नाम हैं। चूंकि यह एक सेवा आधारित व्यवसाय है इसलिए किसी नए व्यक्ति को आजमाने को लेकर नकार की भावना रहती है। इसलिए हमने प्रत्येक प्रोजेक्ट को एक ऐसी परियोजना के रूप में लिया, जो एक ठोस पोटफोलियो बनाने के लिए हमारे हाथ में काम आधारित संबंध बनाए।

**अपनी आगामी परियोजनाएं के बारे में बताएं?**

कुछ परियोजनाओं का उल्लेख करने के लिए, जिनके बारे में हम वास्तव में उत्साहित रहते हैं, उसमें हैं राही अनिल बर्वे (जिन्होंने तुम्बाड का निर्देशन किया) का अगला शो, जो राज और डीके द्वारा निर्मित है। साथ ही मैडॉक फिल्म्स के साथ एक बहुत ही अलग फीचर, अपूर्व सिंह कार्की द्वारा निर्देशित टीवीएफ के साथ एक शो और स्टूडियो आई द्वारा एक फ्लिपकार्ट वीडियो शो, समीर तिवारी द्वारा निर्देशित ड्रीम्स।

## टेली कथा

### संगीत के लिए जुनून



कोलकाता शहर के एक कलाकार, जो स्वतंत्र इलेक्ट्रॉनिक संगीत में अधिक ध्यान केंद्रित करता है, ने बहुत कम उम्र से ही कई चीजें हासिल कर ली हैं। गायन के साथ-साथ रचना करते हुए, बैग ने जैरी ट्यून्स, ज्यूपिटर और साइक्लोट्रॉन जैसे कलात्मक ट्रैक रिलीज किए हैं। गायक ने इंस्टाग्राम पर 206000 से अधिक फॉलोअर्स बना लिए हैं और अपने प्रशंसकों से जुड़े रहने के लिए नियमित रूप से सोशल मीडिया साइट का उपयोग करता है। संगीत के साथ, बैग एक पीआर और आईजी रणनीतिक ऑटोमेशन फर्म भी चलाता है, जहां वह इंस्टाग्राम और व्यवसाय विकास रणनीतियों और अभियानों के निर्माण में मदद करता है। बैग फोटोग्राफी और एडिटिंग भी करते हैं और कैमरे पर उनके काम को उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर देखा जा सकता है - जहां उन्होंने 206000 प्रशंसकों की अद्भुत संख्या अर्जित की है।



### अतिआवश्यक को हथियाएं

आज की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और डिजिटल दुनिया में, एक सफल उद्यमी बनने के लिए ऑनलाइन डिजिटल ज्ञान होना आवश्यक है। डिजिटल मार्केटिंग के लिए व्यापक कौशल की आवश्यकता होती है जो आपकी ऑनलाइन उपस्थिति को बढ़ाता है और आपको खुद को स्थापित करने में मदद करता है। जीशान ने एक विनम्र मार्ग से शुरुआत की और इस तरह एक फ्रीलांसर के रूप में छोटे कार्यों को चुना। सुबह की अनुशासित और सख्त दिनचर्या के साथ, जीशान ने 10 वीं कक्षा में यूट्यूब चैनल, मीडिया बफर्स की स्थापना की, और उसके बाद प्रैंकीफाई - यूट्यूब चैनल का गठन किया, और इस प्रकार सफलता की राह पर अग्रसर हुए।

### अनोखी दोस्ती



ताजी हवा का झोंका देते हुए, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन अपनी नवीनतम पेशकश 'जगन्नाथ और पूर्वी की दोस्ती अनोखी' के साथ दर्शकों के लिए एक संपूर्ण पारिवारिक दृश्य-अनुभव लाने का वादा करता है। शानदार कलाकारों और दिल छू लेने वाली कहानी के साथ, शो में एक दृश्य सौंदर्य भी है क्योंकि यह बनारस की आकर्षक पृष्ठभूमि पर आधारित है।

अपने बच्चों को लेकर अपनी पत्नी के साथ एक मामूली झगड़ा होने पर, जगन्नाथ अपने दिमाग शांत करने के लिए टहलने जाता है, लेकिन यह नहीं जानता कि उसकी दिनचर्या कैसे 360 डिग्री मोड़ लेने वाली है क्योंकि उसे एक जीवन से भरपूर लड़की पूर्वी मिलती है।

### तार छेड़ना

गायक-गिटारवादक कम संगीतकार आर्यन बंथिया ने 26 जनवरी को अपने बेहद लोकप्रिय सिंगल पार का एकास्टिक संस्करण जारी किया। एकॉस्टिक संस्करण वही भावनाएं जगाता है जो कि ओरिजनल जगाता है, जो महामारी के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के संघर्षों की कथा बयान करता है। यह ऐसे समय में आया है जब हम इस समय तीसरी लहर से जूझ रहे हैं। रिलीज होने के पहले संस्करण ने 21 नवंबर 2020 को रिलीज होने के 10 दिनों के भीतर आर्यन के प्रशंसकों की संख्या में 1 मिलियन का आंकड़ा पार कर लिया। यह गीत इस बात की चर्चा करता है कि कैसे हमें, एक समाज के रूप में, समावेशिता और विविधता के लक्षणों को विकसित करने की आवश्यकता है, जो समय की मांग हैं। आर्यन अपने हर गाने के साथ हमेशा कुछ नया लेकर आए हैं। उनके गीतों में हमेशा एक प्रासंगिक विषय होता है जो उन्हें अपने प्रशंसकों के बीच बेहद लोकप्रिय बनाता है।

### महान भारतीय परिवार



क्या अच्छे लोगों के साथ हमेशा अच्छी चीजें होती हैं? मनु ऐसा ही मानता है और यह कैसे, वह अपने अतरंगी मौर्य परिवार के साथ आपको यही दिखाने के लिए मौजूद है। इस फरवरी में, सोनी सब आपके लिए अपनी नई पेशकश-सब सतरंगी लेकर आया है, जो एक दिल को छू लेने वाला व सर्वोत्कृष्ट पारिवारिक ड्रामा है। नाम के मुताबिक, मौर्य परिवार आपका औसत घराना नहीं है, बल्कि अपने व्यवहार और रुचियों में सही मायने में 'सतरंगी' है। हालांकि, जो चीज उन्हें एक साथ बांधती है वह है मनु की बाधाओं को दूर करने की भावना, क्योंकि वे एक साथ जीवन के साथ जद्दोजहद करते हैं। मनु की भूमिका निभाने वाले मोहित कुमार द्वारा निर्देशित, इस शो में दया शंकर पांडे, जोयोश्री अरोड़ा, पुरु छिब्बर, सत्यजीत शर्मा सहित अन्य कलाकारों का एक अद्भुत पहनावा है। सब सतरंगी का प्रीमियर सोनी सब पर है।

लखनऊ जैसे सुरम्य शहर में फिल्माया गया, यह शो मनकामेश्वर का अनुसरण करता है जिसे मनु (मोहित कुमार) भी कहा जाता है, जो एक धार्मिक युवक है, जो जीवन में आने वाली बाधाओं व प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अच्छाई और आशावाद के गुणों पर कायम रहता है। मनु अपनी दादी का लाडला है, जो कि घर की मुखिया हैं जिनके किरदार को जोयोश्री अरोड़ा द्वारा निभाया गया है। दादी 73 साल की एक सफल जीवन बीमा एजेंट हैं, वह अपने रास्ते में आने वाली चुनौतियों से बेपरवाह है, जो अपनी महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने और जीवन को भरपूर ढंग से जीने से इनकार कर रही है।

# सेकेंड हाफ के नियम

शिक्षक और विशिष्ट सिद्धांतकार, माधवी मेनन की नवीनतम पुस्तक, द लॉ ऑफ डिजायर, जेंडर, लिंग और कामुकता पर भारतीय अदालत के निर्णयों की उलझनों और विरोधाभासों को उजागर करती है। **खुशबू कीर्तिक** की रिपोर्ट

**❖ आपको द लॉ ऑफ डिजायर लिखने के लिए किस चीज ने प्रेरित किया?**

द लॉ ऑफ डिजायर जेंडर और कामुकता के दृष्टिकोण से लिखे गए कानून के बारे में एक किताब है। यह चार अलग-अलग शब्दों को परखती है जिन्हें कानून इच्छा का वर्णन करने के लिए उपयोग करता है - आपराधिक, अनैतिक, अश्लील और अप्राकृतिक - और उन कहानियों की जांच करती है जो इन शब्दों के उपयोग के आसपास एकत्रित हुई हैं। मुझे हमेशा से कानून में दिलचस्पी रही है, और कभी-कभी मैं इसे एक हाथ से छूट गए व्यवसाय के रूप में सोचती हूं! मैं इस बात से रोमांचित हूं कि कैसे कानून - साहित्य की तरह - को ग्रंथों को पढ़ने और विश्लेषण करने की क्षमता की आवश्यकता होती है। जब मैंने अपनी पिछली किताब, इनफिनिट वैराइटी : ए हिस्ट्री ऑफ डिजायर इन इंडिया (स्पीकिंग टाइगर 2018) में कानून पर एक अध्याय लिखा था, तो मेरे मन में बहुत सारे विचार थे जिन्हें मैं और तलाशना चाहती थी, इसलिए, यह पुस्तक उसी का नतीजा है।

**❖ इस शीर्षक का महत्व क्या है -द लॉ आफ डिजायर या इच्छा का कानून?**

अपनी पिछली किताब की तरह, मैं भी इसके शीर्षक में 'इच्छा' शब्द रखना चाहती थी। और वास्तविक शीर्षक - द लॉ ऑफ डिजायर - को पेड्रो अल्मोडोवर की 1987 की इसी नाम से बनी शानदार फिल्म से उधार लिया गया है। मुझे उम्मीद है कि मेरा पाठ अल्मोडोवर की फिल्म की चमक के दस लाखवें हिस्से को भी प्रेरित कर पाए!

**❖ कानून और कामुकता के बीच उलझे रिश्ते के बारे में बोलने का उद्देश्य क्या है?**

हम अक्सर यह सोचने के लिए ठहरते नहीं हैं कि कानून हमारे दैनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाता है। जब हम कानून के बारे में सोचते हैं, तो हम एक अदालती मामले, पुलिस की परेशानी या ऐसी ही कुछ असामान्य घटना के बारे में सोचते हैं। लेकिन कानून यह तय करता है कि हम कौन हैं, हम कैसे व्यवहार करते हैं और दुनिया में हमारे पास क्या विकल्प हैं। इच्छा के संबंध में इसकी विशेष रूप से गहरी और कपटी ताकत रहती है। हम इच्छा को एक गहरी निजी भावना मानते हैं, लेकिन यह सक्रिय रूप से सार्वजनिक विचारों से आकार लेती है। मैं इस पुस्तक में उन विचारों में से कुछ को उजागर करना चाहती थी।

**❖ 'कोई नहीं जानता कि मौलिक अधिकारों का सबसे पहले लिंग से क्या लेना-देना है...' कृपया विस्तार से बताएं।**

यह उद्धरण कहां का है? इस किताब से नहीं। लेकिन जैसा कि मैं द लॉ ऑफ डिजायर में स्पष्ट करती हूं, कई मौलिक अधिकार - किसी के पेशे का अभ्यास करने के लिए, जहां चाहें वहां रहने के लिए, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धर्म की स्वतंत्रता - सभी महिलाओं के लिए कम कर दिए गए हैं। क्योंकि महिलाएं परिवार और राष्ट्र के सम्मान को बनाए रखने की प्रतीकात्मक उम्मीदों के बोझ तले दब जाती हैं, इसलिए जब उस सम्मान पर सवाल उठाया जाता है तो उनके अधिकारों को सबसे पहले खत्म किया जाता है। यह एक व्यापक तौर पर घटने वाली घटना है जिसके परिणामस्वरूप महिलाएं अपने शरीर और अपनी इच्छाओं के साथ क्या कर सकती हैं, इस पर अधिक कानूनी नियंत्रण होता है।

**❖ हम सांसदों को अश्लील टिप्पणियां करते हुए सुनते रहते हैं, वे महिला की तुलना एक फूल और मिठाई से करते हैं, और एक पुरुष कितना मासूम है, और यह कि बलात्कार केवल एक गलती थी। महिलाओं का सिर्फ वस्तु ही नहीं माना जाता है बल्कि वैवाहिक बलात्कार को अभी भी अपराध नहीं माना जाता है। वजन करने की देखभाल? आपका क्या मानना है?**


पिछले आठ वर्षों में, हमने भारत में मर्दानगी का भारी पराक्रम देखा है। यहां महिलाओं के साथ हमेशा बुरा व्यवहार किया गया है - जैसा कि वास्तव में उनके साथ पूरी दुनिया में होता है- लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, इस रवैय्ये को सक्रिय रूप से एक आधिकारिक संरचना द्वारा पोषित और प्रोत्साहित किया गया है जो मर्दानगी को महत्व देती है। चाहे वह बलात्कार पीड़ितों का जिंदा लाश (जीवित लाश) के रूप में वर्णन हो या उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में दंगा करने वाली समूची पुरुष भीड़ हो, एक आक्रामक मर्दानगी को आदर्श के रूप में देखा जाता है और इसकी प्रशंसा की जाती है। ऐसे माहौल में यह अपरिहार्य है कि महिलाओं पर अधिक हिंसा होगी, जो हम देख रहे हैं।



वैवाहिक बलात्कार का प्रश्न मुझे महिलाओं के बारे में 'सम्मान' के संरक्षक के रूप में मेरे पिछले उत्तर पर वापस ले जाता है। भारत सरकार का कहना है कि वैवाहिक बलात्कार का अपराधीकरण विवाह की संस्था को कमजोर करेगा, जिसका वे फिर सदियों पुरानी 'भारतीय' परंपरा के रूप में वर्णन करते हैं। इसलिए एक कथित रूप से पुरानी भारतीय परंपरा की रक्षा के लिए महिलाओं की सुरक्षा व खुशी की बलि दी जा सकती है। वैवाहिक बलात्कार के प्रतिरोध को पुरुषों के हिंसक व अपमानजनक अधिकारों के संरक्षण के अलावा और कुछ भी बताने का प्रयास नहीं किया गया है। यह दुख की बात है। लेकिन इस मुद्दे पर अब दिल्ली उच्च न्यायालय में सुनवाई हो रही है, तो आइए, एक समझदार और कम पितृसत्तात्मक परिणाम की आशा करें जो वर्तमान व्यवस्था पर विचार करे।

**❖ 'मी टू' आंदोलन आधुनिक समय में सबसे क्रांतिकारी और सफल आंदोलनों में से एक था जब यह अपने लिए आवाज उठा रही पीड़ितों के लिए उबल पड़ा था। क्या आप सहमत हैं?**

उस कानून को संबोधित करने और संरचनात्मक तरीकों से बदलने की जरूरत है जो पितृसत्ता व पुरुष व्यामोह की समस्याओं का समाधान करते हैं। हालांकि हेशटैग मीटू एक महत्वपूर्ण सामाजिक घटना थी, इसके परिणामस्वरूप उस तरह के व्यवस्थित कानूनी व नौकरशाही परिवर्तन नहीं हुए, जैसे हम देखना चाहते हैं। उदाहरण के लिए, न्यायालयों के लिए यौन उत्पीड़न और बलात्कार के मामलों में सबूत के रूप में जो मायने रखता है, उसे पूरी तरह से विचार करने की आवश्यकता है। प्रत्येक संगठन में आंतरिक शिकायत समितियों का गठन किया जाना चाहिए। महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए रोजगार कानून, बलात्कार कानून, विरासत कानून, सभी को ठीक करने की जरूरत है। यह देखना भी अच्छा होगा, शुरुआत के लिए, हमारे पास सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की जेंडर असमानता कम भयावह है - वर्तमान में, कुल 32 न्यायाधीशों में से केवल चार महिलाएं हैं। पितृसत्ता को संबोधित करना एक जटिल और बारीक लड़ाई है और इसे लगातार छेड़े रहने की जरूरत है।




**❖ आपने सीता का 'शर्मिन्दगी' की वाहक के रूप में उल्लेख किया, ... हेलेन से द्रौपदी तक 'नारी के सम्मान' की रक्षा के लिए हमेशा युद्ध लड़े गए हैं। यदि प्राचीन महाकाव्य वे हैं जिनकी लोग पूजा करते हैं, तो आप कैसे सुझाव देती हैं कि भक्तों को इस विचार प्रक्रिया को मात देनी चाहिए? क्या शिक्षा इसे बदलने में मदद करती है?**

यदि शिक्षा प्रश्न पूछने और यथास्थिति को चुनौती देने की एक प्रक्रिया है, जैसा कि होना चाहिए, तो हां, यह लोगों को किसी और के नक्शेकदम पर आंख बंद करके चलने के बजाय उस दुनिया के बारे में आलोचनात्मक रूप से सोचने का अवसर देगी, जिसमें कि वे रहते हैं। लेकिन अगर शिक्षा को उच्चतम अंक प्राप्त करने और 'सही' उत्तर देने के सवाल तक सीमित कर दिया जाता है, तो यह केवल आपके द्वारा कही गई बातों पर कभी भी सवाल न उठाने के रूझान को बढ़ाता है। भारत में ''पुराने दिनों'' की बार-बार होती सराहना, बढ़ती कुप्रथा और पितृसत्ता के साथ-साथ कदम मिला कर चलती दिख रही है। हमें लोगों को पुन: गंभीर रूप में सोचने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

**❖ हालांकि जागरूकता लोगों को उस सच्चाई से रूबरू कराने का एक तरीका है जिसे हमेशा झुठलाया गया था, आप लोगों को और क्या सुझाव देती हैं कि वे चीजों को एक अलग कोण से समझ सकें?**

यह हमेशा मनोरंजक होता है जब यथास्थिति पर सवाल उठाने वाले लोगों से कहा जाता है कि वे मामले को 'बहुत दूर' खींच कर ले जा रहे हैं। कौन तय करता है कि कितनी दूर और अब आगे नहीं? 'बहुत दूर' हमेशा पितृसत्तात्मक बचाव होता है जब समर्थन के लिए न तो तर्क और न ही तर्कसंगतता को गिना जा सकता है। ताड़ना की उस विशेष कड़ी के लिए हंसी एक अच्छी प्रतिक्रिया होगी। जहां तक परिकथाओं का सवाल है, साहित्य के सभी टुकड़ों की तरह, वे वैचारिक संघर्ष का केंद्र हैं। उनके बारे में कुछ भी निर्दोष नहीं है, और इस तरह, वे राजनीतिक मुकाबले के लिए उचित खेल हैं।

# कोहली की फार्म में कोई खराबी नहीं: राठौड़


**भाषा** । कोलकाता

**लंबे** समय से विराट कोहली के खराब फॉर्म को लेकर भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ चिंतित नहीं है और उन्होंने सोमवार को कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में वह फॉर्म में जरूर लौटेंगे। पिछले महीने तीनों प्रारूपों में कप्तानी से विदा लेने वाले कोहली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 8.6 की औसत से 26 रन ही बना सके।

राठौड़ ने कहा कि कोहली नेट्स पर अच्छा खेल रहे हैं और उन्हें नहीं लगता कि वह फॉर्म में नहीं हैं। उन्होंने बुधवार को ईडन गार्डंस पर शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला से पहले मीडिया से बातचीत में कहा , मुझे नहीं लगता कि वह खराब फॉर्म में है। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर कोई चिंता नहीं है। कोहली ने पिछले दो साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक नहीं जड़ा है।आखिरी बार नवंबर 2019 में उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दिन रात के टेस्ट में शतक बनाया था। राठौड़ ने कहा कि वह नेट्स पर अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। मुझे यकीन है कि टी-20 श्रृंखला में वह बड़ी पारी खेलेगा। यह श्रृंखला अक्टूबर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है और राठौड़ ने यकीन जताया कि उनके बल्लेबाज आस्ट्रेलिया में दमदार प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी में कोई समस्या नहीं है। सभी बल्लेबाज उन हालात में अच्छा खेलने में सक्षम है। हम आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप पर फोकस करके तैयारी कर रहे हैं। कुछ खिलाड़ी चोटिल है और जब तक सभी फिट नहीं हो जाते, उनकी भूमिकाओं के बारे में कुछ कहना कठिन होगा। यह पूछने पर कि क्या टीम प्रबंधन भविष्य में ऋषभ पंत से पारी का आगाज कराने की सोच रहा है, उन्होंने कहा कि उसे निचले मध्यक्रम में उतारा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत आगे की बात है। मुझे नहीं पता कि 2023 के बाद मैं टीम के साथ रहूंगा या नहीं। जहां तक ऋषभ की बात है तो वह ऊपर बल्लेबाजी कर सकता है। यह टीम की जरूरत पर निर्भर करेगा।



अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी के लिए जाते विराट कोहली

## बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने कहा पंत मध्यक्रम में अधिक उपयोगी



**कोलकाता**। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने सोमवार को कहा कि ऋषभ पंत का निचले मध्यक्रम में बेहतर उपयोग किया जा सकता है और टीम ने इस विकेटकीपर बल्लेबाज को शीर्ष क्रम में भेजने के बारे में अभी फैसला नहीं किया है। पंत को हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान एक मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा गया था।

राठौड़ से पूछा गया कि क्या टीम प्रबंधन पंत को भविष्य में सीमित ओवरों की क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के रूप में देखता है, तो उन्होंने कहा कि इस आक्रामक बल्लेबाज का निचले मध्यक्रम में बेहतर उपयोग किया जा सकता है।उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पूर्व संवाददाताओं से कहा कि अभी इसमें बहुत समय है। मैं नहीं जानता कि मैं 2023 के बाद टीम का हिस्सा रहूंगा या नहीं। जहां तक ऋषभ की बात है तो वह शानदार खिलाड़ी है वह कभी भी शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। राठौड़ ने कहा, यह उस समय की टीम की स्थिति और तब टीम उससे क्या चाहती है, इस पर निर्भर करता है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं कि वह 2023 के बाद भी टीम का महत्वपूर्ण सदस्य रहेगा।

उन्होने कहा कि लेकिन हम निचले मध्यक्रम में उसका बेहतर उपयोग कर सकते है जो कि वास्तव में चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि मध्यक्रम में हमारे पास बाएं हाथ के बल्लेबाज के अधिक विकल्प नहीं हैं।

## विराट कोहली ने किया जमकर अभ्यास

**कोलकाता**। पिछले लंबे समय से बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला से पूर्व सोमवार को यहां भारत के पहले अभ्यास सत्र में नेट्स और थ्रो-डाउन पर जमकर बल्लेबाजी की। कोहली सबसे पहले अभ्यास के लिए आए और उन्होंने भारत के सहयोगी स्टाफ के साथ थ्रो-डाउन पर अभ्यास किया। बाद में उन्होंने नेट्स पर 45 मिनट से भी अधिक समय तक बल्लेबाजी की। इस बीच कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ को क्यूरेटर सुजान मुखर्जी के साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया। कोहली ने सीमित ओवरों के मैचों में अपना आखिरी शतक अगस्त 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में लगाया था। इसके बाद उन्होंने 10 अर्धशतक बनाए लेकिन उन्हें शतक में बदलने में नाकाम रहे। सभी प्रारूपों की बात की जाए तो कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो साल से भी अधिक समय से कोई शतक नहीं लगाया है। उन्होंने अपना आखिरी शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में लगाया था।

## वाशिंगटन की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव, टी-20 श्रृंखला से बाहर

**कोलकाता**। आफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सोमवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला से बाहर हो गए। वाशिंगटन ने हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के दौरान चोट के बाद सफल वापसी की थी और वह बुधवार से यहां शुरू हो रही टी-20 श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन को जारी रखना चाहते थे।

वाशिंगटन को अहमदबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीसरे एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने उनके विकल्प के तौर पर कुलदीप यादव को टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति में कहा कि अहमदबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए वाशिंगटन की बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। वह कोलकाता में 16 फरवरी से होने वाली तीन मैचों की टी-20 अंतराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय चयन समिति ने वाशिंगटन के विकल्प के तौर पर कुलदीप यादव को टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड दौरे के दौरान हाथ में लगी चोट के कारण वाशिंगटन लंबे समय तक बाहर रहे थे और उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी। वाशिंगटन को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चुना गया लेकिन वह कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। वाशिंगटन अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अक्षर और लोकेश राहुल के साथ रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे।



# मुझ पर 13 करोड़ खर्च होने के बाद चाहता था बोली रुक जाए : चाहर

**भाषा** । नई दिल्ली



**तेज** गेंदबाज दीपक चाहर ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी के दौरान जब चेन्नई सुपर किंग्स ने उन पर 13 करोड़ रुपए खर्च कर दिए थे तो वह वास्तव में चाहते थे कि बोली रुक जाए क्योंकि इससे मजबूत टीम तैयार करने में अड़चन आ सकती थी।

सीएसके ने चाहर को 14 करोड़ रुपए में फिर से अपनी टीम से जोड़ा। वह आईपीएल नीलामी में सबसे बड़ी कीमत पर बिकने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। चाहर ने कहा कि वह चेन्नई के अलावा किसी अन्य टीम का हिस्सा बनने के बारे में नहीं सोच सकते हैं। चाहर ने कहा कि मैं सीएसके की तरफ से ही खेलना चाहता था क्योंकि मैंने पीली जर्सी (चेन्नई की पोशाक) के अलावा किसी अन्य जर्सी में खेलने की कल्पना तक नहीं की थी।

उन्होंने कहा कि एक समय मुझे लगा कि बोली की राशि बहुत अधिक है। सीएसके का खिलाड़ी होने के कारण मैं यह भी चाहता था कि हम अच्छी टीम तैयार करें। इसलिए जब उन्होंने 13 करोड़ रुपए खर्च कर दिए थे तो मैं वास्तव में चाहता था कि बोली रुक जाए, ताकि मैं जल्द से जल्द सीएसके के खेमे में जा सकूं और इसके बाद हम बची धनराशि से कुछ अन्य खिलाड़ियों को खरीद सकें। अभी भारत की सीमित ओवरों की टीम के सदस्य चाहर ने कहा कि 2018 में उन्हें फ्रेंचाइजी के मालिक एन श्रीनिवासन ने कहा था कि आप हमेशा पीली जर्सी में ही खेलोगे। इसके बाद उन्होंने कभी टीम प्रबंधन या कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से रिटेन करने को लेकर बात नहीं की। चाहर ने कहा, मैंने इस बारे में कभी माही भाई या सीएसके प्रबंधन से बात नहीं की। उन्होंने कहा कि मैं 2018 में श्रीनिवासन सर से मिला और उन्होंने कहा कि आप हमेशा पीली जर्सी में खेलोगे। मैंने उनकी बातों पर विश्वास किया और इसके बाद कभी रिटेन करने को लेकर बात नहीं की। मैं जानता था कि सीएसके मेरे लिए बोली लगाएगा। चाहर ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ियों की नजर भी नीलामी पर टिकी थी।

उन्होंने कहा कि हम (भारतीय टी-20 टीम) अहमदाबाद से कोलकाता की यात्रा कर रहे थे और पूरी टीम नीलामी देख रही थी। प्रत्येक कह रहा था कितना हो गया और ऐसी ही बातें चल रही थी। 29 वर्षीय चाहर लगातार पांचवें सत्र में सुपर किंग्स की तरफ से खेलेंगे। फ्रेंचाइजी ने पहली बार 2018 में उन्हें 80 लाख रुपए में खरीदा था।

## बंगाल क्रिकेट संघ ने बोर्ड से दर्शकों को अनुमति देने का आग्रह किया

**भाषा** । कोलकाता

**भारत** और वेस्टइंडीज के बीच बुधवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दर्शकों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई है लेकिन बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड दूसरे और तीसरे मैच के लिए अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगा। कैब के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने कहा कि बंगाल क्रिकेट संघ ने बाकी मैचों में दर्शकों को अनुमति देने के लिए बीसीसीआई से फिर से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड से सूचना मिलने के बाद कैब अपने सभी हितधारकों को इस बारे में सूचित कर देगा। पहले मैच में केवल 2000 लोग ही उपस्थित रहेंगे जिनमें मैच प्रतिनिधि और प्रायोजकों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

डालमिया ने कहा कि बीसीसीआई ने प्रायोजकों और मैच प्रतिनिधियों के लिए केवल ऊपरी टियर और अतिथियों के बॉक्स खोलने की अनुमति दी है। इससे पहले डालमिया ने उम्मीद जताई थी कि इन मैचों में दर्शक उपस्थित रहेंगे क्योंकि राज्य सरकार ने स्टेडियम की क्षमता के 75 प्रतिशत दर्शकों की उपस्थिति की अनुमति दे दी थी। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि वह बोर्ड के सुरक्षा को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण के तहत दर्शकों को अनुमति नहीं देंगे।

## गांगुली ने नए एनसीए की आधारशिला रखी

**भाषा** । बेंगलुरू

**देश** की नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का काम शुरू हो गया है जिसके परिसर की आधारशिला सोमवार को यहां अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह सहित भारतीय क्रिकेट बोर्ड के आला अधिकारियों ने रखी। बीसीसीआई को 99 साल की लीज पर जमीन मिली है। गांगुली ने समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया कि आज से नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का काम शुरू हुआ। आज बेंगलुरू में नई जगह की आधारशिला रखी। शाह ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि बीसीसीआई ने नए एनसीए की आधारशिला रखी।

# अंडर-19 खिलाड़ियों पर बोली लगाने में फ्रेंचाइजी ने दिखाई सतर्कता

आईपीएल नीलामी

**भाषा** । चेन्नई

**क्रिकेट** में टाइमिंग का महत्व काफी अधिक है और अंडर-19 क्रिकेट टीम ने आईपीएल की बड़ी नीलामी से पहले विश्व कप जीतकर सही दिशा में कदम बढ़ाया लेकिन क्या इससे स्टार खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में भारी भरकम राशि मिली? दो दिन की नीलामी के बाद पता चला कि भारतीय क्रिकेट के युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों पर बोली लगाते हुए फ्रेंचाइजी ने काफी सतर्कता बरती। खुद को साबित कर चुके आवेश खान जैसे अनकैप्ड (जिन्होंने अंतराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ियों के लिए 10 करोड़ रुपए तक की बोलियां लगी लेकिन बेंगलुरू में दो दिन चली नीलामी में कप्तान यश धुल सहित कुछ अंडर-19 स्टार खिलाड़ियों को भी अनुबंध मिले।

दिल्ली कैपिटल्स द्वारा संचालित अकादमी का हिस्सा रहे धुल अंडर-19 विश्व कप के शीर्ष स्कोरर थे और उन्हें उसी फ्रेंचाइजी ने 50 लाख रुपए में खरीदा जिसने उन्हें निखारा था। आलराउंडर राज बावा को उनकी घरेलू टीम पंजाब किंग्स ने दो करोड़ रुपए में खरीदा जबकि 30 लाख रुपए के आधार मूल्य वाले राजवर्धन हेंगारगेकर के लिए चार बार के चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स ने डेढ़ करोड़ रुपए की बोली लगाई। विक्की ओस्तवाल को दिल्ली कैपिटल्स ने 20 लाख रुपए के उनके आधार मूल्य पर खरीदा। महाराष्ट्र के आलराउंडर राजवर्धन को उनकी यॉर्कर करने की क्षमता के लिए जाना जाता है और अब उन्हें दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के साथ खेल के गुर सीखने का मौका मिलेगा।

ऐसा लगा कि आईपीएल टीम ने अंडर-19 खिलाड़ियों पर बोली लगाते हुए सतर्कता बरती और वे भारी भरकम बोली लगाने को तैयार नहीं थी। अपने आलराउंड कौशल के कारण राज बावा के लिए भारत की अंडर-19 टीम के बीच सबसे अधिक बोली लगी। दक्षिण अफ्रीका के अंडर-19 स्टार डेवाल्ड ब्रेविस के लिए मुंबई इंडियन्स ने तीन करोड़ रुपए खर्च किए और उन्हें भारत के सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा और कीरोन पोलार्ड जैसे दिग्गजों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। बेबी एबी के नाम से मशहूर ब्रेविस को दक्षिण अफ्रीका का भविष्य का सुपरस्टार माना जा रहा है।

पिछले कुछ समय में पृथ्वी साव और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को जूनियर विश्व में अच्छे प्रदर्शन के तुरंत बाद फ्रेंचाइजी से लुभावने आईपीएल अनुबंध मिले लेकिन इस बार अंडर-19 खिलाड़ियों पर बोली लगाने में उतना जोश नहीं दिखा। पृथ्वी को 2018 में दिल्ली ने एक करोड़ 20 लाख रुपए में खरीदा था। तब से वह और गिल सीनियर टीम की ओर से पदार्पण कर चुके हैं। गिल को न्यूजीलैंड में अंडर-19 विश्व कप में खेलने के दौरान ही कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीद लिया था। वह सीनियर टीम की ओर से कुछ यादगार पारियां भी खेल चुके हैं।

पृथ्वी और गिल जैसे अंडर-19 विश्व कप 2018 के सदस्य जहां खुद को सीनियर स्तर पर साबित कर चुके हैं वहीं शिवम मावी, कमलेश नागरकोटी, इशान पोरेल और रियान पराग को ऐसा भी करना है। यह आईपीएल का हिस्सा रहे हैं लेकिन नियमित रूप से नहीं खेलते।

मावी को नाइट राइडर्स के सात करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा जबकि उनका आधार मूल्य 40 लाख रुपए था। अंडर-19 विश्व कप 2020 के सदस्य कार्तिक त्यागी के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने चार करोड़ रुपए खर्च किए। त्यागी के साथी रहे यशस्वी जायसवाल को 2020 में राजस्थान रॉयल्स ने दो करोड़ 40 लाख रुपए में खरीदा और नीलामी से पहले चार करोड़ रुपए में अपने साथ बरकरार रखा। अंडर-19 विश्व कप में त्यागी और जायसवाल के साथी रहे लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को नई फ्रेंचाइजी लखनऊसुपर जाइंट्स ने चार करोड़ रुपए में खरीदा। वह पिछले सत्र में पंजाब किंग्स की ओर से खेले थे जिसने उन्हें 2020 में दो करोड़ रुपए में खरीदा था।

अंडर-19 विश्व चैंपियन 2018 टीम के सदस्य अर्शदीप सिंह को आईपीएल 2021 में शानदार प्रदर्शन के बाद पंजाब किंग्स ने चार करोड़ रुपए में अपने साथ बरकरार रखा था।

परिपक्व होने के कारण पिछले अंडर-19 विश्व कप के खिलाड़ियों पर अच्छी बोली लगी लेकिन इनकी तुलना में मौजूदा अंडर-19 चैंपियन टीम के खिलाड़ियों पर टीम ने अधिक बड़ा दांव नहीं खेला क्योंकि वे अभी काफी युवा हैं।



राज बावा (फाइल फोटो)



राज बिश्नोई (फाइल फोटो)

## भारतीयों की नजरें बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में उम्दा प्रदर्शन पर

शाह आलम (**मलेशिया**)। विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन और फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ की अगुवाई में भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें मंगलवार से यहां शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में अच्छे प्रदर्शन पर लगी होंगी।

भारतीय महिला और पुरूष टीम क्रमश: कोरिया और मेजबान मलेशिया के खिलाफ पहले दिन जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। सीनियर खिलाड़ियों के नहीं खेलने से पूरा दारोमदार युवाओं पर होगा। इंडिया ओपन विजेता सेन पुरूष टीम की अगुवाई करेंगे।

किरण जॉर्ज और मिथुन मंजूनाथ भी टूर्नामेंट में अहम भूमिकाओं में होंगे। पुरुष टीम को ग्रुप ए में तीन बार की चैम्पियन इंडोनेशिया, हांगकांग और कोरिया के साथ रखा गया है। किरण ने पहला विश्व टूर खिताब ओडिशा सुपर 100 में जीता था ।

# नए अध्याय की शुरुआत को बेताब हूं : आर्चर

**भाषा** । मुंबई



**चोट** के कारण इस साल आईपीएल नहीं खेल सकने के बावजूद मुंबई इंडियंस द्वारा आठ करोड़ रूपए में खरीदे गए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कहा कि यह उनके कैरियर के नए अध्याय की तरह है। आर्चर को पांच बार की आईपीएल चैम्पियन टीम ने आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी के दूसरे दिन खरीदा।

कोहनी की चोट से उबर रहे आर्चर इस साल नहीं खेल सकेंगे लेकिन उन्हें 2023 और 2024 आईपीएल को ध्यान में रखकर नीलामी में शामिल होने की अनुमति दी गई थी।

उन्होंने कहा कि मुंबई इंडियंस से जुड़कर बहुत खुश हूं। यह टीम मेरे दिल के करीब है और मैं हमेशा से उनके लिए खेलना चाहता था। जब से आईपीएल देख रहा हूं तभी से। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आखिर इतनी शानदार टीम के लिए खेलने का मौका मिला। दुनिया के कुछ सबसे बड़े सितारों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। मैं अपने कैरियर के इस नए अध्याय की शुरूआत को बेताब हूं। इससे पहले आर्चर को खरीदने के फैसले के बारे में मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने कहा था , वह इस साल नहीं खेल सकेगा लेकिन अगर फिट और उपलब्ध है तो जसप्रीत बुमराह के साथ वह बेहतरीन जोड़ी बनाएगा। मुंबई इंडियंस के क्रिकेट निदेशक और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने कहा कि बुमराह और आर्चर को साथ में गेंदबाजी करते देखना रोमांचक होगा। उन्होंने कहा कि आपकी तरह मुझे भी इसका इंतजार है। दो बेहतरीन तेज गेंदबाज एक साथ गेंदबाजी करते हुए दिखेंगे। यह इंतजार भी सार्थक है।

## श्रीलंका पर धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना, निसांका को मिली चेतावनी

**सिडनी**। आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में धीमी ओवरगति के लिए पर श्रीलंका की टीम पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। वहीं पाथुम निसांका को मैच के दौरान अश्लील शब्दों के प्रयोग के लिए फटकार लगाई गई है।

आईसीसी के मैच रैफरी डेविड बून ने यह जुर्माना लगाया। श्रीलंका को निर्धारित समय के भीतर एक ओवर पीछे पाया गया था। आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत ओवरगति कम रहने पर खिलाड़ियों पर प्रति ओवर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। श्रीलंका के बल्लेबाज निसांका को चेतावनी दी गई और एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया। यह घटना उस समय की है जब बल्लेबाजी करते हुए वह एक गेंद चूक गए थे।

# डु प्लेसी के आने से बल्लेबाजी और मजबूत होगी : संजय बांगड़

**भाषा** । नई दिल्ली

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर के मुख्य कोच संजय बांगड़ ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी के आने से न सिर्फ बल्लेबाजी मजबूत होगी बल्कि उनके नेतृत्व कौशल से भी टीम को फायदा मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका के 37 वर्ष के फाफ डु प्लेसी चेन्नई सुपर किंग्स के साथ रहे हैं। उन्हें आईपीएल की मेगा नीलामी में आरसीबी ने खरीदा।

बांगड़ ने कहा कि फाफ डु प्लेसी के आने से बल्लेबाजी काफी मजबूत होगी। वह शानदार खिलाड़ी है और हमेशा उच्च स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करता आया है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो शीर्षक्रम को मजबूत बनाए और उसके आने से यह समस्या सुलझ गई। उसके पास विभिन्न प्रारूपों में खेलने का अपार अनुभव है और नेतृत्व कौशल भी।



आरसीबी ने हर्षल पटेल और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा को 10 . 75 करोड़ रूपए में और आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड को पौने आठ करोड़ रूपए में खरीदा। बांगड़ ने कहा कि नीलामी में खरीदे गए खिलाड़ियों से हम खुश हैं। हमारा लक्ष्य टीम में स्थिरता लाना था और टी-20 टूर्नामेंट में बदलते हालात के अनुरूप विविधता रखना भी था। हर खिलाड़ी की टीम में ठोस भूमिका होगी और हमने बैकअप के लिए भी मजबूत खिलाड़ी चुने हैं।

अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में उन्होंने कहा कि जोश हेजलवुड के आने से गेंदबाजी मजबूत हुई है। उसके पास इस प्रारूप का काफी अनुभव है। वहीं हसरंगा सातवें नंबर का उपयोगी बल्लेबाज और शानदार लेग स्पिनर है। छठे नंबर पर हमारे पास दिनेश कार्तिक के तौर पर अच्छा फिनिशर है। उन्होंने कहा कि हर्षल पटेल ने पिछले सत्र में उम्दा प्रदर्शन किया और वह स्वाभाविक विकल्प था। उसके फिर आने की हमें खुशी है। इतने साल में हमने जिन खिलाड़ियों पर निवेश किया, उन्हें वापिस पाकर अच्छा लग रहा है। आरसीबी ने विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और मोहम्मद सिराज को रिटेन किया था।

# डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बावजूद खेलेगी रूसी स्केटर

शीतकालीन ओलंपिक

**एपी** । बीजिंग

**शीतकालीन** ओलंपिक से पहले डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बावजूद रूस की टीनएजर कामिला वालिएवा खेलों में महिलाओं की फिगर स्केटिंग स्पर्धा में भाग ले सकेगी। वालिएवा का प्रदर्शन कैसा भी रहेगा वह पदक वितरण समारोह में भाग नहीं ले पाएगी। उनके अलावा शीर्ष तीन में रहने वाली अन्य दो खिलाड़ियों के लिए भी पदक वितरण समारोह नहीं होगा। खेल पंचाट ने सोमवार को जारी व्यवस्था में कहा कि 15 वर्ष की वालिएवा को पूरी जांच के बिना अस्थाई तौर पर निलंबित करने की जरूरत नहीं है।

पंचाट ने उसके पक्ष में फैसला इसलिए दिया क्योंकि वह अवयस्क है या सुरक्षित व्यक्ति है और उसके लिए नियम वयस्क खिलाड़ियों से अलग होंगे। सीएएस के महानिदेशक मथियू रीब ने कहा कि पैनल का मानना है कि इस खिलाड़ी को ओलंपिक में भाग लेने से रोकने पर उसे अपूरणीय क्षति होगी।

वालिएवा और रूस के बाकी स्केटरों का लक्ष्य अब महिलाओं की फिगर स्केटिंग स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने का होगा। प्रतियोगिता मंगलवार से बृहस्पतिवार तक चलेगी।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बाद में कहा कि यदि वालिएवा शीर्ष तीन में जगह बनाती है तो फिर खेलों के दौरान पदक वितरण समारोह नहीं होगा।

वालिएवा और रूसी टीम ने एक सप्ताह पहले जिन टीम स्पर्धाओं में पदक जीता है उनका भी पदक वितरण समारोह का आयोजन नहीं किया जाएगा।